

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 099 | epaper.rashtriyakhabar.com | वैशाख, कृष्णपक्ष षष्ठी/सप्तमी, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

अहो बत विचित्राणि चरितानि महाऽऽत्मनाम्।

लक्ष्मीं तृणाय मन्यन्ते तद्भारेण नमन्ति च॥

**भावार्थ** : महात्माओं और सज्जनों का चरित्र बड़ा विचित्र होता है। वे धन को तिनके के समान समझते हैं, परंतु तब उसके भार से वह झुक जाते हैं, अर्थात् विनम्र बन जाते हैं जब तक आता है।



**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 36.00 °c | 24.00 °c |

**सूर्यास्त (आज)** ›› 18 .08 बजे

**सूर्योदय (कल)** ›› 05 .31 बजे

## जनसंख्या के मामले में चीन को पीछे छोड़ने के करीब है भारतवर्ष

# सबसे अधिक आबादी वाला देश बनने में अब देर नहीं

- आंकड़ों के आधार पर अनुमान लगाया गया है
- चीन के दर में गिरावट से यह जल्दी आ गया
- वैज्ञानिक इस पर निरंतर नजर रखे हुए हैं

**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** यह तो पहले ही बता दिया गया था कि भारत अब चीन से अधिक आबादी वाला देश होने जा रहा है। अब वर्तमान आंकडों के आधार पर यह गणना रोचक है कि यह दिन कौन सा होगा। अनुमान के आधार पर यह माना जा रहा है कि अगर औसत से ज्यादा बच्चे पैदा हुए तो यह काम इसी महीने पूरा हो जाएगा और अगर सामान्य गति से कम धीमी रफ्तार रही तब भी जुलाई



तक भारत आबादी के मामले में चीन से आगे निकल चुका होगा। जनसांख्यिकीविद् अनिश्चित हैं जब भारत दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाले देश के

›› पेज 2 भी देखें

### डेटा स्रोतों के अनुमानों के आधार पर अनुमान लगाते हैं

यू.एन. जनसंख्या विभाग के जनसांख्यिकी विशेषज्ञ सबसे नवीनतम जनसांख्यिकीय संख्याएं प्राप्त करने के लिए विभिन्न प्रकार के डेटा स्रोतों के अनुमानों के आधार पर अनुमान लगाते हैं। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या मामलों की अधिकारी सारा हर्टोग ने कहा कि भारत और चीन दोनों के लिए इन गणनाओं के लिए उपयोग किए गए डेटा का अंतिम अपडेट जुलाई 2022 था। अबू धाबी में खलीफा यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के प्रोफेसर स्टुअर्ट गिएटेल-बास्टेन के अनुसार, जनसांख्यिकीय तब अनुमान लगाने के लिए एक सांख्यिकीय तकनीक का उपयोग करते हैं जब भारत की जनसंख्या चीन से अधिक हो गई है। वास्तव में, वास्तविकता यह है कि ये अनुमान बस यही हैं, गेटेल-बास्टेन ने कहा। लेकिन कम से कम वे अपेक्षाकृत ठोस और सुसंगत पद्धति पर आधारित हैं। चीन की आखिरी जनगणना 2020 में हुई थी। तब से जनसंख्या कैसे बढ़ी है, इसकी गणना करने के लिए जनसांख्यिकी ने अन्य प्रशासनिक आंकड़ों के साथ जन्म और मृत्यु रिकॉर्ड का उपयोग किया।

## देश में कोरोना के 1,894 सक्रिय मामले बढ़े

**नयी दिल्ली:** देश में कोरोना के सक्रिय मामलों में बढ़ोतरी जारी है और पिछले 24 घंटों में 1,894 सक्रिय मामले बढ़े हैं तथा 15 मरीजों की मौत हुई है। इस बीच देश में कोरोना टीकाकरण भी जारी है और इसी क्रम में पिछले 24 घंटों में 358 लोगों को टीका लगाया गया है और अब तक देश में 2,20,66,23,885 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 37,093 हो गयी है। देश में कुल संक्रमितों की संख्या 4,47,68,172 हो गयी है। वहीं मृतकों की संख्या बढ़कर 5,31,000 हो गयी है। इसी अवधि में कोरोना संक्रमण से स्वस्थ होने वालों का आंकड़ा 3,761 बढ़कर 4,42,00079 पर पहुंच गया है। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान केरल में सक्रिय मामलों की संख्या में सर्वाधिक 1,312 की वृद्धि हुई है।

## दोषी साबित हुआ तो फांसी मंजूर: टाईटलर

**नयी दिल्ली:** कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर 1984 के सिख विरोधी दंगों को लेकर मंगलवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के समक्ष पेश हुए और जांच एजेंसी ने उनकी आवाज का नमूना लिया। श्री टाइटलर ने सीबीआई को अपनी आवाज का नमूना देने के बाद पत्रकारों से कहा कि उन्होंने कुछ नहीं किया है। वह दोषी नहीं है और उनके खिलाफ कोई सबूत भी नहीं हैं। उनका कहना था कि यदि वह दोषी हैं और उनके खिलाफ प्रमाण हैं तो वह इस मामले में जेल जाने और फांसी पर लटकने के लिए भी तैयार हैं। कांग्रेस नेता से जब पूछा गया कि क्या सीबीआई ने उनकी आवाज पहचानने के लिए आवाज का नमूना लिया है तो श्री टाइटलर ने कहा कि नमूना सिख विरोधी दंगों को लेकर नहीं बल्कि दूसरे मामले में लिया गया है। यह पूछने पर कि क्या उनकी आवाज के नमूने पुल बंगस में हुए दंगों के सिलसिले में लिया है तो श्री टाइटलर ने कहा कि सिख विरोधी दंगों को लेकर सीबीआई ने उनकी आवाज का नमूना नहीं लिया है।

## मानसून सामान्य रहने के आसार: मौसम विभाग

**नयी दिल्ली:** भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने कहा कि इस वर्ष देश में वर्षा ऋतु (जून-सितंबर 2023) के दौरान कुल मिलाकर बारिश दीर्घकालिक सामान्य स्तर के 96 प्रतिशत के आसपास रहने का अनुमान है जिसे सामान्य मानसून माना जाता है। आईएमडी महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने यहां संवाददाताओं को बताया कि अनुमान के मॉडल में त्रुटि की संभावना के साथ वास्तविक वर्ष उपरोक्त अनुमान से पांच प्रतिशत कम या अधिक भी हो सकती है। आईएमडी के 1971 से 2021 की अवधि के दीर्घावधि औसत (एलपीए) के अनुसार, देश में सामान्यत: वर्षा ऋतु में 87 सेमी बारिश होती है। हर जगह वर्षा में समानता न होने से कई क्षेत्रों में सामान्य से और भी कम या अधिक वर्षा होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने कहा है कि प्रायद्वीपीय भारत (दक्षिण के प्रांतों) के कई क्षेत्रों और उनसे सटे पूर्वी मध्य भारत, पूर्वोत्तर भारत और उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश होने के आसार हैं, जबकि उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ क्षेत्रों और पश्चिम-मध्य भारत के कुछ हिस्सों सहित पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य या सामान्य से कम वर्षा हो सकती है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**कार्यक्रम** › पूर्ण बहुमत के साथ अगला लोकसभा चुनाव जीतने जा रही है भाजपा

# मोदी तीसरी बार भी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे: अमित शाह

- राहुल गांधी विदेश में भारत का अपमान करते हैं
- पूर्वोत्तर के बदलाव से कांग्रेस को सबक लेना चाहिए
- असम की 14 में से 12 लोकसभा सीटें जीतेंगे हम

**भूपेन गोस्वामी**



**डिब्रूगढ़, असम:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि भाजपा अगले साल होने वाले आम चुनावों में देश भर में 300 से अधिक लोकसभा सीटें जीतेगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी करेगी। डिब्रूगढ़ में एक रैली को संबोधित करते हुए, जहां उन्होंने भाजपा कार्यालय की आधारशिला रखी, अमित शाह ने विश्वास जताया कि पार्टी पूर्वोत्तर राज्य की 14 लोकसभा सीटों में से 12 पर जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा, नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे और पार्टी 2024 के लोकसभा चुनाव में 300 से अधिक सीटें जीतेगी।

कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए उन्होंने कहा, पूर्वोत्तर को कभी कांग्रेस का गढ़ माना जाता था लेकिन राहुल गांधी की यात्रा (भारत जोड़ो यात्रा) के बावजूद पार्टी तीन राज्यों के हालिया विधानसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रही।

हाल ही में मेघालय, त्रिपुरा और नागालैंड में विधानसभा चुनाव हुए थे। भाजपा ने त्रिपुरा में सरकार बनाई, और अन्य दो राज्यों में गठबंधन सहयोगी के रूप में सत्ता में आई। यूनाइटेड किंगडम की अपनी यात्रा के दौरान राहुल गांधी की विवादास्पद टिप्पणी की ओर इशारा करते हुए, अमित शाह, जो पड़ोसी अरुणाचल प्रदेश से यहां पहुंचे, ने कहा, उन्होंने (राहुल गांधी) विदेशी धरती से भारत का अपमान किया। यदि वह झूठ बोलकर देश और सरकार को बदनाम करना जारी रखता है पूर्वोत्तर में दरवाजा दिखाए जाने के बाद पूरे देश से कांग्रेस का सफाया हो जाएगा। जितना अधिक वे प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को बदनाम करेंगे, उतना ही अधिक भाजपा बढ़ेगी। उन्होंने यह बात कब्र खुदेगी वाली टिप्पणी के संदर्भ में उत्तर दिया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भाजपा संगठन के आधार पर चलने वाली पार्टी है और कार्यालय भाजपा की सभी गतिविधियों का केंद्र होता है। उन्होंने कहा, कांग्रेस वाले कहते हैं मोदी तेरी कब्र खुदेगी। भाई, आपके कहने से कुछ नहीं होता। देश की 130 करोड़ जनता दिन-रात मोदी जी की लंबी उम्र की प्रार्थना कर रही है। मोदी को गाली निकालो। आपकी माता जी ने भी यह करके देख लिया, राहुल बाबा। जितनी गाली निकालोगे, कमल उतना खिलेगा। अब कांग्रेस कहीं दिखाई नहीं देती। अमित शाह ने कहा कि विवादास्पद सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 या आफस्पा को असम के 70 प्रतिशत क्षेत्र से हटा दिया गया है, जबकि बोडोलैंड और कार्बी आंगलोंग क्षेत्र शांतिपूर्ण हैं और राज्य के अपने पड़ोसी प्रांतों के साथ सीमा विवाद सुलझाए जा रहे हैं। पहले, असम यहां के आंदोलन और आतंकवाद के लिए जाना जाता था, लेकिन अब वहां शांति है और लोग बिहू संगीत की

›› पेज 2 भी देखें

## एनसीपी, टीएमसी और भाकपा का राष्ट्रीय दर्जा अब खत्म हुआ

# आम आदमी पार्टी अब राष्ट्रीय पार्टी घोषित



**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली:** अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी अब राष्ट्रीय पार्टी बन चुकी है। दरअसल इस मुद्दे पर भी आप को बार बार हो रहे विलंब की वजह से सुप्रीम कोर्ट की शरण में जाना पड़ा था। सोमवार को चुनाव आयोग ने आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दे दिया। अभी यह पार्टी दिल्ली और पंजाब में सरकार में है। चुनाव आयोग ने कहा कि आप को चार राज्यों दिल्ली, गोवा, पंजाब और गुजरात में उसके चुनावी प्रदर्शन के आधार पर एक राष्ट्रीय पार्टी के रूप में नामित किया गया है। पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने विकास को एक बड़ी जिम्मेदारी और चमत्कार से कम नहीं करार दिया क्योंकि आप ने रिकॉर्ड समय में राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल किया।

दूसरी तरफ आयोग ने शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) और ममता बनर्जी की तृणमूल को एक बड़ा झटका देते हुए क्षेत्रीय पार्टियों का दर्जा घटा दिया गया है। भाकपा को भी क्षेत्रीय दल का दर्जा दिया गया। एक राजनीतिक दल को एक राष्ट्रीय पार्टी के रूप में मान्यता प्राप्त करने के लिए,

›› पेज 2 भी देखें

## केंद्र सरकार का नौजवानों को रोजगार देने का अभियान जारी

# गुरुवार को मोदी देंगे 71 हजार नियुक्ति पत्र




**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को विभिन्न सरकारी विभागों में भर्ती के लिए चयनित 71,000 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार श्री मोदी वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से उस दिन पूर्वाह्न साढ़े 10 बजे आयोजित कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र वितरण के साथ देश भर से जुड़े इन नवनियुक्त कर्मियों को संबोधित भी करेंगे। इसके पहले भी श्री मोदी ने देश भर के युवाओं को एक साथ नियुक्ति पत्र देने का काम किया है। जिसमें अलग अलग राज्यों में केंद्र के अलग अलग मंत्रियों ने भाग लिया था।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह रोजगार मेला, रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। सरकार को उम्मीद है कि रोजगार मेला और रोजगार सृजन के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा तथा युवाओं

›› पेज 2 भी देखें

## पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के बयान पर रिश्वत मामला गरमाया

# राम माधव पर कार्रवाई करें मोदी : कांग्रेस

**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली:** कांग्रेस ने कहा है कि कई राज्यों के राज्यपाल रहे सत्यपाल मलिक ने 300 करोड़ की रिश्वत के एक मामले का खुलासा करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) नेता राम माधव का नाम लिया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस मामले में उनके (श्री माधव के) खिलाफ तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहले श्री मलिक ने आरएसएस नेता कहकर अपनी बात कही थी लेकिन अब उन्होंने



एक ताजा साक्षात्कार में उस नेता का नाम राम माधव बताया है। श्री माधव आरएसएस के नेता तथा श्री मोदी के करीबी हैं। उनका कहना था कि इस खुलासे में यदि सच्चाई नहीं है तो श्री माधव को श्री सत्यपाल मलिक पर मानहानि का मुकदमा करना चाहिए और यदि नहीं करते हैं तो श्री मोदी को तत्काल उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। श्री खेड़ा ने सवाल किया कि पूर्व राज्यपाल के खुलासों पर भाजपा महासचिव राम माधव के घर पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीस जांच ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारी क्यों नहीं आये जबकि जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल रहते हुए श्री मलिक ने अक्टूबर 2021 में नाम लिए बिना खुलासा किया था कि आरएसएस के एक प्रमुख नेता ने अंबानी से संबंधित दो फाइलें मंजूर कराने के लिए 300 करोड़ रुपए की रिश्वत देने की पेशकश की थी। श्री मलिक अगस्त 2018 से अक्टूबर 2019 तक जम्मू-कश्मीर के राजयपाल रहे और फिर मेघालय के राज्यपाल


›› पेज 2 भी देखें

**आगाह** › मौसम के बदलाव और समुद्री जलस्तर बढ़ने का असर यहां दिख रहा है .

# प्राचीन काल का गांव अब वीरान होने की तरफ

- प्राचीन मानव के पदचिह्न पाये गये थे
- गांव के बीच का रास्ता अब समुद्र में
- लोगों को मजबूरी में घर छोड़ना पड़ा

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** मौसम वैज्ञानिक बार बार मौसम के बदलाव के साथ साथ गर्मी की वजह से बर्फ अधिक पिघलने के खतरों के प्रति काफी समय से आगाह करते आ रहे हैं। ऐसा बता दिया गया है कि अचानक से बड़े ग्लेशियर अगर पिघलकर समुद्र में आ गये तो समुद्री जलस्तर कुछ इस तरीके से बढ़ जाएगा कि अनेक महानगर इसके अंदर समा जाएंगे। इसका जीता जागता उदाहरण अब इंग्लैंड के एक गांव में दिख रहा है। इस गांव की विशेषता यह है कि यह एक प्राचीन आबादी वाला इलाका है। इस गांव का नाम है हैप्पीसबर्ग जो इंग्लैंड के नॉरफॉक काउंटी में स्थित है। समुद्र धीरे धीरे इस गांव को निगलता चला जा रहा है। तटीय कटाव ने दशकों से गांव को त्रस्त कर रखा है, और बढ़ते तूफानों से यह और भी बदतर हो सकता है।

›› पेज 2 भी देखें

### हैप्पीसबर्ग वर्तमान में एक समुद्र तटीय शहर है

हालांकि हैप्पीसबर्ग वर्तमान में एक समुद्र तटीय शहर है, यह पहले तट से और दूर था। रिकॉर्ड बताते हैं कि 1600 से 1850 के बीच 820 फीट से अधिक भूमि बह गई थी। जलवायु परिवर्तन से जुड़े तूफानों में वृद्धि रेतीली तटरेखा के क्षरण को बढ़ा सकती है। तूफान बढ़ने से पानी का स्तर बढ़ जाता है जो तट को नुकसान पहुँचाता है, जिससे अधिक कटाव होता है। 77 वर्षीय ब्रायोनी नीरोप-रीडिंग ने 2013 में एक तूफान के दौरान समुद्र में गिरने से पहले अपने घर को खाली करने के लिए लगभग 65,800 डॉलर की पेशकश से इनकार कर दिया था। हैप्पिसबर्ग की एक निवासी ने बताया कि 18 साल पहले जब उसने अपना घर खरीदा था, तब वह सड़क के बीच में था। अब, चट्टान के किनारे से पहले उसका घर आखिरी है। हैप्पीसबर्ग में कई अन्य लोगों को पहले से ही खाली करने के लिए मजबूर किया गया है, पिछले 20 वर्षों में 34 घरों को समुद्र में निगल लिया गया है। यह अविश्वसनीय रूप से बदल गया है। हैप्पीसबर्ग के एक और निवासी ने बताया, आप बस उस जगह को नहीं पहचानते। मकान, दोस्त जो उन घरों में रहते थे, सब चले गए। साथ ही वहां का इतिहास भी धीरे धीरे खत्म हो रहा है। उसके बदले निरंतर आगे बढ़ते समुद्र के कहर को हम देख पा रहे हैं। घरों के साथ, हैप्पीसबर्ग की स्थिति भी इतिहास को धो रही है, जिसने गांव को एक पर्यटक आकर्षण बनाने में योगदान दिया है।

# लीक हुए दस्तावेजों से अमेरिकी योजना का भंडाफोड़

**राष्ट्रीय खबर**

**लंदन:** यूक्रेन के बारे में अमेरिकी गुप्त दस्तावेजों का लीक शुक्रवार को भी सोशल मीडिया पर जारी रहा क्योंकि समीक्षा में पाया गया कि दर्जनों दस्तावेज पहली बार मार्च की शुरूआत में इंटरनेट पर पोस्ट किए गए थे और ईरान के परमाणु कार्यक्रम, उत्तर कोरिया के परमाणु कार्यक्रम के बारे में गुप्त दस्तावेज भी शामिल थे। इससे फिर से यह साबित हो गया है कि दरअसल रूस ने जो आरोप लगाये थे वे सही थे और अमेरिका सामने यूक्रेन को रखते हुए रूस के करीब पहुंच रहा था। इसी वजह से अब रूस आक्रामक हो गया है और नाटो के सदस्य देशों को खुद से दूर



रखने के लिए उसने यूक्रेन के कुछ इलाकों को अपना क्षेत्र घोषित कर दिया है। लेकिन बात सिर्फ यूक्रेन की ही नहीं है। लीक हुए दस्तावेजों से पता चलता है कि अमेरिकी योजना ईरान और उत्तरी कोरिया के परमाणु कार्यक्रमों को तबाह करना भी है। नए विकास यूक्रेन की सेना की सहायता करने के अमेरिकी प्रयास के बारे में वगीर्कृत जानकारी के पहले से

›› पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### बांग्ला सांस्कृतिक मेले का आयोजन

रांची: कोरोनाकाल के बाद एक बार फिर राजधानी रांची में बांग्ला गीत संगीत और बंगाली संस्कृति की झलक दिखेगी। बांग्ला सांस्कृतिक मेला का आयोजन रांची कॉलेज मैदान में 5, 6 और 7 मई को किया जाएगा। आयोजन की जिम्मेदारी बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट की है। बंगाली युवा मंच ने संवाददाता सम्मेलन कर आयोजन से जुड़ी जानकारी साझा की। आयोजकों ने बताया कि 05 मई को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन मेले का उद्घाटन करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो 06 मई को मुख्य अतिथि के रूप में मेले का भ्रमण करेंगे। मेले के समापन समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भाग लेंगे। बंगाली युवा मंच के मुख्य संरक्षक सुप्रियो भट्टाचार्य हैं। जिन्होंने ने बताया कि तीन दिवसीय बांग्ला सांस्कृतिक मेला का आयोजन किया जाएगा। कहा कि मेले की पहली प्रस्तुति कोलकाता के विश्वव्यापी प्रतिष्ठित नृत्य गोष्ठी डांसर गिल्ड के रंगारंग उत्सव से होगा।

**सौगात** मुख्यमंत्री ने साहिबगंज जिले को कई विकास योजनाओं की दी सौगात

# अब सरकार की आवाज गांव-गांव पहुंच रही है :मुख्यमंत्री

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अमर शहीद सिदो -कान्हू की पवित्र भूमि भोगनाडीह से आज मिजल्स -रूबेला विशेष टीकाकरण और नवगठित सिदो -कान्हू राज्य सहकारी संघ के तहत पैक्स- लैम्प्स से सदस्यों को जोड़ने के महाअभियान का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने साहिबगंज जिले को 2080 योजनाओं की सौगात दी और लाभुकों को सशक्त बनाने के लिए उनके बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने जिले के दूरस्थ सुदूर और पहाड़ी क्षेत्रों के लिए चार बाइक एंबुलेंस की चाबी भी सौंपी। सिदो कान्हू जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य और राज्यवासियों की उन्नति के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।मुख्यमंत्री ने कहा कि अब सरकार की आवाज, नजरें और योजनाएं गांव -गांव पहुंच रही है। पहले वातानुकूलित दफ्तरों में योजनाएं बनती थी और वहीं खत्म भी हो जाती थी। लेकिन, हमारी सरकार ने अलग झारखंड राज्य बनने के बाद पिछले दो दशकों से चली आ रही इस परिपाटी को बदलने का काम किया है। अब पंचायतों में शिविर लगाकर आपके दरवाजे पर योजनाओं को लेकर अधिकारियों की फौज पहुंच रही है और आपकी समस्याओं का समाधान हो रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तकनीकों के माध्यम से ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्यायों को सुनेंगे और समाधान करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में क्षेत्र भ्रमण के दौरान तो लोगों से मिलकर उनकी बातें सुनते ही हैं। अब तकनीकों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों से एक साथ जुड़ेंगे। इसके लिए एलईडी वैन इस्तेमाल भी होगा। आम जन के दुख- दर्द दूर करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इसके अलावा कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर- घर पहुँचे, इसके लिए शिविर तो लगाए ही जा रहे हैं और अब योजनाबद्ध तरीके से प्रचार प्रसार होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब कृषि और वन उपज को बाजार के साथ उचित मूल्य मिलेगा। इसके लिए इन उत्पादों का एमएसपी भी तय किया जाएगा और इसके लिए सरकार ने सिदो कान्हू कृषि एवं वन उपज संघ का गठन किया है। इसके लिए पैक्स -लैम्प्स को आर्थिक मजबूती दी जा रही है। इसी कड़ी में पैक्स लैम्प्स के लिए आज से सदस्यता महाअभियान शुरू हो रहा है। आप सभी इससे जुड़े। इसके बाद आपके उत्पादों को पैक्स-लैम्प्स खरीदेगी। इससे आपके उत्पादों को उचित मूल्य और बाजार मिलेगा । मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पलाश ब्रांड के जरिए महिल स्वयं सहायता समूह के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने का काम किया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों ने कहा कि वे योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी के साथ निभाएं। योजनाओं को धरातल पर उतारने में आप की अहम जिम्मेदारी है। सभी के प्रयासों से ही राज्य को विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा कर सकते हैं । मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हर वर्ग और तबके के लिए योजनाएं हैं और लोग इसका लाभ लें।राज्य के सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चे-बच्चियों को बेहतर और गुणवत्ता युक्त शिक्षा मिले , इस दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रवृत्ति की राशि में तो बढ़ोतरी की ही गई है ।

## इरफान बीजेपी कार्यकर्ताओं के हड्डी तोड़ने की दी सलाह

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड में हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ के नारे के साथ बीजेपी मैदान में उतरी है। इसका कितना राजनीतिक फायदा होगा यह तो 2024 के सियासी समर में पता चलेगा। लेकिन इसका सियासी घाटा हो रहा है यह नेताओं के चेहरे पर साफ साफ दिखने लगा है। कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी की बात करें तो उन्होंने साफ तौर पर कह दिया कि जो लोग सड़क पर उतर रहे हैं उनकी हड्डी तोड़ दो। इरफान अंसारी यहीं नहीं रुके उन्होंने कहा कि युवाओं को भड़काया जा रहा है। गोली चलेगी, लाठी बरसेगी तो चोट किसे लगेगी, बीजेपी के लोगों को बताना चाहिए। साथ ही उन्होंने निशिकांत दुबे पर टिप्पणी करते हुए कहा कि हवाई जहाज से लोगों को लाना चाहिए। शैर करने का लोग मजा ले लेंगे।बीजेपी झारखंड बचाओ हेमंत हटाओ के नारे के साथ गोलबंद हुई है। रांची पोस्टरों से पटा हुआ है। बीजेपी के नेता अपनी बात रखने में जुटे हैं। अब देखने वाली बात यह होगी कि इसका उत्तर झारखंड मुक्ति मोर्चा अपने किस तरह की तैयारी से देता है।

## देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करनेवालों को बचाने में लगी है केंद्र सरकार: कांग्रेस

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में चल रहे राज्यव्यापी जयभारत सत्याग्रह कार्यक्रम आज दुमका एवं जामताड़ा में संपन्न हुई। जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम में बड़े पैमाने पर कांग्रेस के कार्यकर्ता और जनता का समर्थन प्राप्त हो रहा है। इस मौके पर झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि अडानी को बचाने के लि केंद्र सरकार का पूरा सरकारी तंत्र कार्य कर रहा है, जो देश की सुरक्षा के साथ भी खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी को खत्म किया जा रहा है। लोग महंगाई से परेशान है। अपने बच्चे को दूध तक नहीं पिला पा रहे हैं, रसोई गैस की कीमत एक हजार के पार चला गया, पेट्रोल-डीजल 100 के पार हो गया है, गरीब ग्रामीणों को आटा और तेल नसीब नहीं हो रहा है। लेकिन देश के मोदी सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं है। हम सब मिलकर इस संघर्ष को आगे बढ़ायेंगे और जीत हासिल करेंगे। देश की संपत्ति को बचने वाली सरकार को उखाड़ फेकेंगे एक आजादी की लड़ाई और लड़ने के लिए हमें आपका साथ चाहिए। लोकतंत्र बचाने के लिए सत्याग्रह की ही जरूरत है। क्योंकि केन्द्र में बैठी सरकार लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए तुली है।

## कुड़मी को एसटी का दर्जा देने की मांग पर बंधु तिर्की का कटाक्ष कहा हर कोई बनना चाहता है आदिवासी



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** कुड़मी समाज के लोगों को पश्चिम बंगाल में आदिवासी का दर्जा देने के लिए चल रहा आंदोलन भले ही समाप्त हो गया हो। लेकिन अब झारखंड में कुड़मी को आदिवासी का दर्जा देने की मांग शुरू हो गयी है।मांडू से भारतीय जनता पार्टी के विधायक सह पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि पश्चिम बंगाल के आंदोलन का असर झारखंड पर भी पड़ेगा। कुड़मी समाज से आने वाले भाजपा विधायक ने कहा कि झारखंड के महतो (कुड़मी) 1931 तक अनुसूचित जनजाति में थे। उनका रहन-सहन जनजातीय समाज के करीब है, सीएनटी एक्ट के तहत आदिवासी समुदाय की तरह ही वह अपनी जमीन की बिक्री अपने थाना क्षेत्र के और अपने समाज के लोगों के बीच ही कर सकते हैं।उन्होंने कहा कि देश आजाद होने के बाद टीआरआई की गलत रिपोर्ट के आधार पर कुड़मी को अनुसूचित जनजाति से हटाकर ओबीसी में शामिल कर दिया गया। भाजपा विधायक ने कहा कि यह गलत हुआ है जिसे ठीक करने की मांग अब हो रही है। बीजेपी विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि कई बार सदन में ये आवाज उठाई गई है।बीजेपी की इस मांग पर प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कटाक्ष किया है। बंधु तिर्की ने कहा कि यहां तो जो लोग संपन्न हैं वह भी अनुसूचित जनजाति (आदिवासी) बनना चाहते हैं। पहले से आदिवासी में शामिल जिन समाज के लोगों को अनुसूचित जनजाति से बाहर कर दिया है, उसकी बात कोई नहीं करता। कांग्रेस नेता बंधु तिर्की ने कहा कि मुंडा, भुइयरी की करीब 4 लाख की आबादी को टीआरआई की गलत रिपोर्ट के आधार पर भूमिहार, ब्राह्मण बना दिया गया लेकिन इस पर कोई बात नहीं करता। यहां बस चले तो कुछ दिन बाद राजपूत और अन्य अगड़ी श्रेणी के लोग भी आदिवासी बनना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि यह तो शोध का विषय है कि कुड़मी ओबीसी है या आदिवासी, अगर वह आदिवासी थे तो फिर ओबीसी कैसे हो गए यह शोध का विषय है।पिछले दिनों पश्चिम बंगाल और झारखंड के बॉर्डर इलाके में कुड़मी समाज के लोगों ने महतो कुड़मी को आदिवासी सूची में शामिल करने, कुड़माली भाषा को मान्यता देने और सरना धर्म कोड की मांग को लेकर आंदोलन छेड़ रखा था, जो रविवार को समाप्त हुआ है। अब झारखंड भाजपा के विधायक ने यहां के कुड़मी को भी ओबीसी की जगह आदिवासी की सूची में शामिल करने की मांग छेड़ दी है।

## आमजन के बीच फैला रही नफरत: वाम दल

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** भाजपा की ओर से देश के फेडरेल ढांचे और नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कमजोर किया जा रहा है। सुनियोजित तरीके से सांप्रदायिक धुव्रीकरण की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए आम नागरिकों के बीच नफरत और घृणा का माहौल फैलाया जा रहा है। ये बातें संयुक्त वामदलों की ओर से जारी प्रेस बयान में कहा गया है। प्रेस बयान के पूर्व सीपीआईएम, सीपीआई, सीपीआई माले, मासस नेताओं ने बैठक की। जिसके बाद बयान जारी किया गया। संयुक्त बयान में कहा गया कि भाजपा के निशाने पर झारखंड पर भी है। अभी इनका तय एजेंडा यह है कि आदिवासियों को ईसाई और गैर इसाई में विभाजित किया जाये। मुस्लिम अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरत की मुहिम तेज की जायें। ताकि सांप्रदायिक धुव्रीकरण के माध्यम से अपने वोटों का आधार बढाया जायें। भाजपा ने झारखंड समेत गैर भाजपा शासित राज्यों में इसी एजेंडे को आगे बढाया है। नेताओं ने एकजुट होकर कहा कि भाजपा की नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर आंदोलन किया जायेगा। जारी बयान में कहा गया है कि झारखंड में भी निरसा, साहेबगंज और अब जमशेदपुर में उन्माद और उत्पात की सांप्रदायिक राजनीति के माध्यम से धुव्रीकरण की साजिश जारी है। लेकिन हेमंत सरकार इससे सख्ती से निपटने में राजनीतिक रूप से सफल नहीं हो रही है। जबकि भाजपा आक्रामक तरीके से हेमंत सरकार पर हमले कर रही है। भाजपाई गोलबंदी इसका उदाहरण है।

**मनमानी** कार्यकताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा

# सरकार लुटवा रही आदिवासियों की जमीन: अर्जुन

- युवाओं का भविष्य अंधकार में डाल दिया गया है
- सरकार बेशर्मी से इन चीजों को बढ़ावा दे रही है

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** सचिवालय घेराव से पहले प्रभात तारा मैदान में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा राज्य सरकार के कुशासन से जनता त्रस्त है। इस सरकार में राज्य को लूटने वालों की जमात है। युवाओं का भविष्य अंधकार में डाल दिया गया है। खनिजों की लूट हो रही है।राज्य के आदिवासी और उनकी जमीन असुरक्षित है। सरकार के संरक्षण में आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही है। सरकार बेशर्मी से इन चीजों को बढ़ावा दे रही है। जिस सचिवालय से जन विरोधी नीतियों को बनाया जा रहा है, आज भाजपा के कार्यकर्ता उसे घेरेंगे।भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कहा कि आज से हेमंत सरकार की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। भ्रष्टाचार और परिवारवाद के कारण राज्य विनाश की ओर जा रहा। कहीं विकास नहीं दिख रहा। सरकार ने 2019 में बड़े बड़े वादे किए थे। लेकिन कोई वादा पूरा नहीं हुआ। सरकार ने सिस्टम को सर्कस बना कर रख दिया है। कोई अफसर नहीं रहना चाहते इसलिए केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले जाते हैं। राज्य में कमीशनखोर सरकार है। बिना कमीशन दिए राशन कार्ड नहीं बन रहा है। जब-जब राज्य में यूपीए गठबंधन की सरकार बनती है, तब-तब राज्य शर्मशार होता है। कांग्रेस असुरी शक्ति की भूमिका निभा रही है। उसका पत्ता साफ होना तय है। यह भ्रष्टाचारियों का, भ्रष्टाचारियों के लिए और भ्रष्टाचारियों के लिए बनाई गई सरकार है। हेमंत सोरेन के पाप का बोझ अब राज्य की जनता सहने के लिए तैयार नहीं है।

## न्यूज फटाफट

### भाजपा का आज सचिवालय घेराव कार्यक्रम पूरी तरह टाय-टाय फिस्स रही

रांची: झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि भाजपा के कार्यक्रमों से भाजपा के कार्यकर्ता ही दूरियां बना ली है, जो आज भाजपा द्वारा आयोजित सचिवालय घेराव कार्यक्रम में देखने को मिला। उन्होंने कहा कि आमजनता के मुद्दे जैसे महंगाई, बेरोजगारी बैंक घोटाले से ध्यान हटाने के लिए भाजपा सचिवालय घेराव कार्यक्रम जैसे नौटंकी की है लेकिन आमजनता के साथ-साथ भाजपा के अपने कार्यकर्ता ही इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। घेराव कार्यक्रम पूरी तरह टाई टाई फीस रही।प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि जब भीड़ नहीं जुटी, तो भाजपा के नेताओं ने इसका ठिकरा प्रशासन के उपर फोड़ना शुरू कर दिया और फ्लॉप कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पत्थल और पानी का बोतल तक प्रशासन के उपर चलाने का काम किया।

## पेज एक का शेष

### सबसे अधिक आबादी .. ..

रूप में शीर्षक लेगा क्योंकि वे अपना सर्वश्रेष्ठ अनुमान लगाने के लिए अनुमानों पर भरोसा कर रहे हैं। लेकिन वे जानते हैं कि यह जल्द ही होने वाला है, अगर यह अब तक नहीं हुआ है। कम से कम 1950 के बाद से चीन में दुनिया के सबसे अधिक लोग हैं, जिस वर्ष संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या डेटा शुरू हुआ था। चीन और भारत दोनों की आबादी 1.4 बिलियन से अधिक है, और संयुक्त रूप से वे दुनिया के 8 बिलियन लोगों के एक तिहाई से अधिक हैं।

बेल्जियम में यूनिवर्सिटे कैथोलिक डी लौवेन के एक जनसांख्यिकीविद् ब्रूनो शॉउमेकर ने कहा, वास्तव में, ऐसा कोई तरीका नहीं है जिससे हम जान सकें कि भारत कब चीन से आगे निकल जाएगा। न केवल भारत की आबादी के बारे में, बल्कि चीन की आबादी के बारे में भी कुछ अनिश्चितता है। बहुत पहले नहीं, इस दशक के अंत तक भारत के सबसे अधिक आबादी वाले देश बनने की उम्मीद नहीं थी। लेकिन चीन की प्रजनन दर में गिरावट से समय बढ़ गया है, कम बच्चों वाले परिवारों के साथ।

भारत की आखिरी जनगणना 2011 में हुई थी। इसकी निर्धारित 2021 की जनगणना को कोविड महामारी की वजह से स्थगित कर दिया गया था। सात साल पहले सरकार द्वारा एक-बच्चे की नीति से पीछे हटने के बाद भी चीन में वृद्ध आबादी स्थिर वृद्धि के साथ है, और सिर्फ दो साल पहले कहा गया था कि जोड़े तीन बच्चे पैदा कर सकते हैं। पिछले तीन दशकों में भारत में युवा आबादी, उच्च प्रजनन दर और शिशु मृत्यु दर में कमी आई है। टेक्सास ए एंड एम यूनिवर्सिटी में समाजशास्त्र के एमेरिटस प्रोफेसर डडली पोस्टन, जूनियर ने कहा कि भारत में हर साल किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक बच्चे पैदा होते हैं, जबकि चीन हर साल जन्म से अधिक मौतों के मामले में कई यूरोपीय देशों में शामिल हो गया है। यह मानव इतिहास में एक बड़ा क्षण है क्योंकि बैटन भारत को सौंप दिया गया है।

### मोदी तीसरी बार भी .. ..

थाप पर नाच रहे हैं। गुवाहाटी में 14 अप्रैल को जिसमें 11,000 से अधिक नर्तक प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में प्रदर्शन करेंगे। इस आयोजन को एक विश्व रिकार्ड बनाने का एलान मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने पहले ही कर दिया था। इसके तहत काफी दिनों से इसकी तैयारी भी चल रही है।

### आम आदमी पार्टी अब .. ..

इसे चार या अधिक राज्यों में एक मान्यता प्राप्त राज्य पार्टी होना चाहिए (या) लोकसभा में 2% सीटें, नियम कहते हैं। एक बार जब कोई पार्टी राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा खो देती है, तो पार्टी को उन राज्यों में अपने उम्मीदवारों के लिए सामान्य चिन्ह नहीं मिलेगा जहां इसे मान्यता नहीं दी गई है। आज के पुनर्गठन के बाद छह राष्ट्रीय दल हैं - कांग्रेस, भाजपा, सीपीएम, बहुजन समाज पार्टी, नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) और इनमें सबसे नई आम आदमी पार्टी है। चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश में रालोद, आंध्र प्रदेश में बीआरएस, मणिपुर में पीडीए, पुडुचेरी में पीएमके, पश्चिम बंगाल में आरएसपी को दी गई राज्य पार्टी का दर्जा भी रद्द कर दिया है।

### गुरुवार को मोदी .. ..

को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा। ये नियुक्तियां ट्रेन मैनेजर, स्टेशन मास्टर, वरिष्ठ वाणिज्यिक लिपिक सह टिकट लिपिक, इंस्पेक्टर, सब-इंस्पेक्टर, कांस्टेबल, स्टेनोग्राफर, कनिष्ठ लेखापाल, डाक सहायक, इनकम टैक्स इंस्पेक्टर, टैक्स सहायक, सीनियर ड्राफ्ट्समैन, जेई/सुपरवाइजर, सहायक प्रोफेसर, शिक्षक, पुस्तकालयाध्यक्ष, नर्स, परिवीक्षा अधिकारी, वैयक्तिक सहायक, मल्टी टास्किंग कर्मी (एमटीएस) और अन्य पदों के लिए हैं। विज्ञप्ति के अनुसार नवनियुक्त कर्मियों को कर्मयोगी प्रारंभ के माध्यम से स्वयं को प्रशिक्षित करने का अवसर भी मिलेगा, जो विभिन्न सरकारी विभागों में सभी नवनियुक्त कर्मियों के लिए एक ऑनलाइन उन्मुखीकरण पाठ्यक्रम है।

### राम माधव पर कार्रवाई .. ..

बने थे। उन्होंने कहा कि हाल ही में श्री मलिक ने इस संबंध में बड़ा खुलासा करते हुए एक यूट्यूब चैनल से कहा कि उस समय उन्होंने आरएसएस के जिस नेता की तरफ इशारा किया था वह भाजपा नेता राम माधव थे। इस पर श्री माधव ने श्री मलिक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की धमकी दी और खुद पर लगे आरोपों को झूठ बताया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि श्री मोदी सुबह से शाम तक भ्रष्टाचार विरोधी होने का राग अलापते रहते हैं तो श्री राम माधव पर जब पूर्व राज्यपाल आरोप लगा रहे हैं तो उनको अभी तक सीबीआई ने क्यों नहीं बुलाया। उनके यहां सीबीआई और ईडी की छापामारी क्यों नहीं हुई है।

### प्राचीन काल का गांव ...

इस गांव का पुरातात्विक महत्व होने की वजह से वैज्ञानिक इस गांव को पहले से जानते हैं। इस ऐतिहासिक गांव में एक बार लाखों साल पुराने मानव पैरों के निशान खोजे गए थे। लेकिन उनपर अधिक शोध हो, उसके पहले ही वह इलाका भी समुद्र के अंदर चला गया। कभी यह जिंदा गांव था और इस गांव में लगभग 1,400 लोगों का आवास हेतु लगभग 600 घर है। लेकिन समुद्र के लगातार आगे की तरफ बढ़ते आने की वजह से यहां रहने वाले अनेक निवासियों को सुरक्षा के लिए वहां से हटना पड़ा है। उनके आलीशान भवन अब वीरान पड़े हुए हैं।

2014 में वैज्ञानिकों ने हैप्पीसबर्ग में मानव पदचिन्हों की खोज की, जो उनके अनुसार 800,000 से 1 मिलियन वर्ष पुराने थे, अफ्रीका के बाहर मिले अब तक के सबसे पुराने निशान और यूरोप में इंसानों के शुरूआती निशान, लेकिन लाखों साल पुराने पैरों के निशान खोजे जाने के दो हफ्ते बाद ही धुल गए। अब वहां की स्थिति यह है कि गांव के बीच से जो रास्ता बनाया गया था वह समय के साथ साथ समुद्र में चला गया है।

### लीक हुए दस्तावेजों से .. ..

ही एक प्रमुख सुरक्षा इस लीक के बारे में व्यापक सुरक्षा चिंताओं को उजागर करते हैं। पेंटागन की उप प्रेस सचिव सबरीना सिंह ने कहा कि रक्षा विभाग सक्रिय रूप से मामले की समीक्षा कर रहा है। अमेरिकी अधिकारियों ने सहयोगियों और साझेदारों के साथ काम किया और कांग्रेस समितियों को प्रकटीकरण के बारे में सूचित किया। विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता हमारे देश और हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किए गए दस्तावेजों में यूक्रेनी युद्धक्षेत्र, यूक्रेन द्वारा अमेरिकी हथियारों के उपयोग और 1 मार्च तक यूक्रेनी सैनिकों के प्रशिक्षण के बारे में सटीक विवरण शामिल थे। पोस्ट किए गए दस्तावेजों में लंबे समय तक किसी भी सैन्य योजना को शामिल नहीं किया गया है।

**शहर >> अपडेट**

### एमएलसी प्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता ने छात्र छात्राओं को किया सम्मानित

**भितहा :** मंगलवार को प्रखंड के मच्छहा पंचायत के उत्क्रमित माध्यमिक विधालय बैरटवा मे एमएलसी प्रतिनिधि मुकेश गोड के अगुवाई मे सम्मान सामारोह का आयोजन किया गया। जिसमे विधालय मे प्रथम श्रेणी से उतीर्ण छात्र छात्राओं को गिफ्ट बगैरह देकर सम्मानित किया गया जिसमे उपस्थित छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए समाजसेवी संतोष यादव ने कहा कि यदि पुरे प्रखंड मे कोई भी छात्र छात्रा अगर जिला टाप करता है तो उसे एक साइकिल इनाम दिया जायेगा। वही सामारोह को सम्बोधित करते हुए एमएलसी प्रतिनिधि श्री गोड ने कहा कि हम लोगो का प्रयास है कि हमारे क्षेत्र के बच्चे पढकर उचे शिखर पर पहुचे और क्षेत्र का नाम रौशन करे। आप लोग मेहनत करके पढे और अपने माता पिता सहित गुरूजन तथा विधालय सहित क्षेत्र का नाम रौशन करे।

# बिहार में जाति समीकरण नहीं, विकास की बात करने वाला जीतेगा : सम्राट

**लोजपा के मीडिया प्रभारी राकेश कुमार तथा पटना महानगर के 7 वार्ड पार्षदों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की**

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को आयोजित महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले जी की जयंती के मौके पर आयोजित मिलन समारोह में सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी और विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा ने आए लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा में जो आता है वह राष्ट्र निर्माण और भ्रष्टाचारमुक्त समाज बनाने के लिए आता है।

मिलन समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष



श्री चौधरी ने कहा कि यह कार्यक्रम भले ही पटना महानगर का है, लेकिन राज्य के अधिकांश जिले के लोगों ने आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। नई शिक्षक नियुक्ति नियमावली को लेकर सरकार को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि तत्कालीन शिक्षा मंत्री ने कहा था कि शिक्षक पात्रता परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियों को सीधे नियुक्ति की जाएगी लेकिन अब प्रतियोगिता परीक्षा की नियमावली बना दी गई है। भाजपा में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से लोजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी व खगड़िया जिले के राकेश कुमार खगड़िया के पंकज कुमार परिणित कुशवाहा नीरज कुमार रमन यादव सासाराम जिले के गांधी चौधरी पूर्व मुखिया अविनाश सिंह जितेंद्र कुशवाहा मुखिया लाल बहादुर सिंह चौहान जदयू नेता अजय साहनी राजद के नेता हुआ पैक्स अध्यक्ष मनोज उपाध्याय पंचायत समिति के सदस्य अशोक यादव इंजीनियर उपेंद्र पासवान मुखिया' पटना महानगर के वार्ड 56 पार्षद श्रीमती किस्मतिया देवी वार्ड संख्या 59 श्रीमती नीलम देवी वार्ड 17 श्रीमती उषा चौधरी वार्ड 62 श्रीमती तारा देवी वार्ड 67 मनोज कुमार वार्ड 70 विनोद कुमार वार्ड 71 श्रीमती अंजलि राय अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की पटना के दीघा बांकीपुर पटना साहिब विधानसभा सहित सासाराम खगड़िया जिले के सैकड़ों लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। समारोह का संचालन भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश वर्मा ने किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधायक अरुण कुमार सिन्हा भाजपा के प्रदेश महामंत्री व विधायक डॉक्टर संजीव चौरसिया भाजपा के प्रदेश महामंत्री देवेश कुमार प्रदेश मुख्यालय प्रभारी सुरेश रुंगटा के प्रदेश मंत्री रूपनारायण मेहता वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र सिंह पटना महानगर भाजपा के अध्यक्ष अभिषेक चंद्रवंशी भाजपा नेता संजय गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### भीम क्लब ने महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती मनाई

**गया :** नगर प्रखंड के ग्राम कंडी में भीम क्लब की ओर से महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती भारतीय दलित साहित्य अकादमी के प्रमंडलीय अध्यक्ष जितेंद्र कुमार,अधिवक्ता की अध्यक्षता में मनाई गई। उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।अवसर पर श्री कुमार ने कहा कि महात्मा ज्योतिराव फुले एक भारतीय समाज सुधारक,समाज प्रबोधक, विचारक एवं समाज सेवी थे। इन्हे महात्मा फुले एवं ज्योतिबा फुले के नाम से भी जाना जाता है। कुमार ने कहा कि ज्योतिराव फुले ने कहा था कि शिक्षा के बिना समझदारी खो गई।समझदारी के बिना नैतिकता खो गई। स्कूल का मतलब होता है जीवन में प्रकाश का रास्ता इन्होंने हमेशा कुरीतियों एवं रूढ़िवादी विचारों से खूब लड़ाई लड़ी और समाज को सत्य की ज्योति दिखाया। इस अवसर पर बृज कुमार दास, कृष्ण देव भारती, अरविंद कुमार,विपिन कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

### राजद प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह को जिला राजद के संगठनात्मक समीक्षा बैठक की रिपोर्ट समर्पित किया



**पटना :** युवा राजद के प्रदेश प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी अरुण कुमार यादव, राजद के महामंत्री सह कार्यालय प्रभारी राजेश यादव एवं छात्र राजद के प्रदेश अध्यक्ष गगन कुमार ने राजद के राज्य कार्यालय में राजद के प्रदेश अध्यक्ष श्री जगदानंद सिंह जी को विस्तार से जिला संगठनात्मक समीक्षा बैठक की रिपोर्ट समर्पित किया। युवा राजद के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने कहा कि उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव जी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के निदेर्शानुसार प्रथम चरण में मोतिहारी, बेतिया, बगहा, भागलपुर, नवगछिया, बांका, सहरसा, मधेपुरा, सुपौल और अररिया में जिला राजद का जिलास्तरीय संगठनात्मक समीक्षा बैठक हुई थी। जिसमे जिला संगठन के सम्बंध में विस्तार से चर्चा हुई थी, जिसका रिपोर्ट समर्पित किया गया। श्री यादव ने कहा कि पार्टी के निदेर्शानुसार दूसरा चरण का जिलास्तरीय संगठनात्मक समीक्षा बैठक 15 अप्रैल से शुरू होगा। राज्य के सभी जिलों में जिला राजद का संगठनात्मक समीक्षा बैठक होना है।

# शिक्षक नियमावली-2023 शिक्षकों के लिए है काला कानून : रविंद्र

**सरकार के खिलाफ जोरदार आंदोलन के मूड में है शिक्षक**

राष्ट्रीय खबर

**गया :** बीएसटीए के पूर्व जिला उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राज्य सरकार ने मंत्रिमंडल की बैठक में बिहार शिक्षक नियमावली 2023 का प्रस्ताव पारित किया है,जो शिक्षकों के हित में नहीं है।उन्होंने इस नियमावली को काला कानून बताते हुए कहा कि 17 वर्षों से नियोजित शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा देने की मांग कर रही है।लेकिन सरकार ने पूर्व से बहाल नियोजित शिक्षकों का पूर्व की सेवा का कोई महत्व नहीं दिया है। सरकार हम लोगों के साथ अन्याय करती रही है। इस नियमावली के विरोध में एक बड़ी आंदोलन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस नियमावली से सरकार हम सभी शिक्षकों को फिर से अपमानित कर रही है। जब एसडीओ प्रमोशन के बाद ओहदे पद प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही पुलिस महकमे में एक सिपाही का भी प्रमोशन होकर दरोगा बन सकता है तो शिक्षकों के साथ सौतेला व्यवहार राज्य सरकार के द्वारा क्यों किया जा रहा है। इस संबंध में उन्होंने नवनिर्वाचित विधान पार्षद जीवन कुमार से बात की। उन्हें शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराया गया। रविंद्र कुमार ने कहा कि इस मुद्दों को लेकर शिक्षक समाज एकजुट होकर नियमावली का विरोध करें। एकता में ताकत है। इस एकता के बल पर ही हम लोगों ने पहले आंशिक वेतनमान पाया है और एकता के बल पर हम लोग पूर्ण वेतनमान पाएंगे। वर्तमान में जो नियमावली आई है वह पूर्व से कार्यरत नियोजित शिक्षकों को ठगने का प्रयास है, जिसे संघ कभी सफल नहीं होने देगी। यह नियमावली वादाखिलाफी का दस्तावेज है सरकार को अपने चुनाव के दौरान किए गए वादों को अमल करते हुए पूरा करना चाहिए। शिक्षकों के साथ सरासर नाइंसाफी है जो इतने दिनों से इस नियमावली के आने की राह देख रहे थे।

# पटना साहिब सांसद रविशंकर प्रसाद के भाई का आकस्मिक निधन

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** पटना साहेब के सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद के भाई राजीव शंकर प्रसाद का आकस्मिक निधन,सोमवार मध्यरात्रि 1:45 में पटना के मेदांता अस्पताल में हो गया। दो दिन पहले उनका ब्रेन हेमरेज हुआ और दिल्ली, पटना के डॉक्टरों के लगातार प्रयास और संपर्क के बावजूद उनका निधन हो गया। राजीव शंकर प्रसाद एक बहुत ही सामाजिक व्यक्ति थे जो विभिन्न वर्गो के लोग के साथ अपना मित्रवत भाव रखते थे। राम जन्म भूमि आंदोलन में भी उन्होंने बहुत ही सक्रिय एवम प्रभावी



भूमिका अदा की थी और विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी भी रहे। बाद में वे सामाजिक गतिविधियों में अपने को लगाते रहे।

पटना साहिब सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा की मेरा अनुज मात्र दो दिन में ही हम सब को छोड़ कर चला गया इसका मुझे बहुत ही दुःख है। बचपन से ही उंगली पकड़ कर हमलोग खेले थे। उसका मेरे सामने जाना अंदर से बहुत आहत करता है। राजीव शंकर के परिवार में उनकी पत्नी संगीता प्रसाद, उनके दो अधिवक्ता पुत्र अर्पित आनंद एवं अर्षित आनंद है। अर्पित आनंद पटना हाई कोर्ट में वकालत करते है और अर्षित आनंद राजीव शंकर जिनका लोकप्रिय नाम मनोज है उनके साडू भाजपा के नेता और पूर्व वरिष्ठ विधायक दिलीप वर्मा है। समाज के विभिन्न वर्गो में उनकी आकस्मिक निधन से बहुत ही शोक है।

### वाल्मीकि हत्याकांड में डीआइजी जयंत कांत ने बगहा एसपी को निर्देशित किया

**बेतिया :** वाल्मीकि हत्याकांड के दो माह बीत चुके हैं, अभियुक्तों की गिरफ्तारी बगहा पुलिस ने नहीं किया है। जिससे आक्रोशित परिजनों ने चम्पारण प्रक्षेत्र के डीआईजी जयंतकांत से मिलकर अभियुक्तों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग किया है। डीआईजी ने मृतक के परिजनों की व्यथा सुनने के उपरांत बगहा एसपी से बात किया, उपर्युक्त कांड में गिरफ्तारी व आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया। उधर हमारे संवाददाता ने बगहा पुलिस अधीक्षक किरण कुमार गोरख जाधव हत्याकांड के अभियुक्तों की गिरफ्तारी व अन्य कार्रवाई के संबंध में पूछताछ किया। उन्होंने बताया कि अनुसंधान जारी है, शीघ्र ही उनकी गिरफ्तारी कर ली जाएगी। उल्लेखनीय है कि बगहा पुलिस जिला के भैरोगंज थाना क्षेत्र के जुड़ा गांव निवासी सुरेश यादव के 21 वर्षीय पुत्र वाल्मीकि 23 फरवरी 2023 को जुड़ा गांव के एक धार्मिक कुटी पर होने वाले यज्ञ में मेला को देखने गया, जिसे अकेला पाकर पुरानी रंजिश को लेकर रामाधार यादव, दीपक यादव, रामायण यादव, सरल यादव, मुलायम यादव, गुल्लू यादव व अन्य लोगों ने मिलकर (छुरा घोंप) चाकू मारकर वाल्मीकि की हत्या कर दी। उपर्युक्त जानकारी उच्चाधिकारियों को मृतक के पिता व परिजनों ने एफआईआर व आवेदन के माध्यम से दिया है।

# लाल बहादुर शास्त्री समिति गरीबों को निःशुल्क चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराएगी

**44 गरीब बच्चों के बीच छात्रवृत्ति की राशि वितरित**

राष्ट्रीय खबर

**गया :** लाल बहादुर शास्त्री बचत एवं साख स्वावलंबी सहकारी समिति लि के तत्वावधान में 44 बच्चों के बीच चित्रगुप्त छात्रवृति योजना के तहत पहली किस्त की राशि दी गई।इस योजना के तहत ये नौंवा सत्र था।जब यह आयोजन किया गया। इसके अलावे कन्या विवाह योजना के अंतर्गत भी जरूरतमंदों को सहयोग राशि दी जाती है। साथ ही ऋण योजना, गुलक योजना, शेयर खरीदने व अन्य योजना भी है। कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों एवं इस क्षेत्र से जुड़े लोगों के द्वारा एक 'चिरंजीवी चित्रांश योजना' कार्यक्रम लॉन्च किया गया।इस योजना के तहत निःशुल्क चिकित्सा के साथ ही निःशुल्क दवा, निःशुल्क चेकअप



तथा जरूरत पड़ने पर निःशुल्क सर्जरी के लिए भी चिकित्सकों के द्वारा सहयोग किया जाएगा।

कार्यक्रम में छात्रवृति योजना के डोनर, लाभार्थी, समिति के पदाधिकारी एवं अन्य सदस्यों ने अपनी सहमति प्रदान की। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ विजय कुमार कर्ण, डॉ रतन कुमार, डॉ अजय कुमार सिन्हा, डॉ पूर्णेंदु शेखर, डॉ उमेश वर्मा, प्रो अरुण कुमार प्रसाद, समिति के संस्थापक आर के सिन्हा, प्रमोद कुमार सिन्हा, बिनय गैस एजेंसी के ऑनर विनय कुमार, त्रिपुरारी प्रसाद, शिरीष रंजन प्रसाद, राजीव शेखर, अरविंद कुमार सिन्हा, नरेश कुमार सिन्हा, उमेश कुमार सिन्हा, अभाकाम युवा जिलाध्यक्ष बिष्णु कुमार सिन्हा, किरण कुमारी, रश्मि लाल, मीना सिन्हा, शीला कुमारी आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# जदयू नेताओं ने जयंती पर समाज सुधारक ज्योतिबा फुले को किया याद



राष्ट्रीय खबर

**गया :** शहर के नागमतिया रोड स्थित जिला जदयू कार्यालय में 19वीं सदी के महान भारतीय विचारक और समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती जिला अध्यक्ष अभय कुशवाहा की अध्यक्षता में मनाई गई । जयंती कार्यक्रम में अभय कुशवाहा ने बताया कि देश में सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले ने गरीबों, महिलाओं, दलितों एवं पिछड़े वर्ग के उत्थान तथा सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्हें महात्मा फुले के नाम से जाना जाता था।मुख्यमंत्री हमेशा ज्योतिबा फुले जी के जीवन और उनके विचार व महान कार्यों की चर्चा करते रहते हैं।

मौके पर प्रदेश सचिव कुंडल वर्मा, डॉ आसिफ जफर, प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल, कैलाश पासवान, वीरेंद्र तिवारी, राजेश शर्मा, मानपुर प्रखण्ड अध्यक्ष अजीत शर्मा, गीता वर्मा, राधाकांत शर्मा, जितेंद्र पंडित, उमेश गुप्ता, अरबिंद चरण प्रियदर्शी, जुली मेहता, प्रभात राउत, राजकुमार पासवान एवं कई जद यू कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पीएम मोदी के ओबीसी होने की वजह से विपक्षी पार्टियां कर रही है विरोध : डॉ प्रेम

**विभिन्न दलों के नेता और कार्यकर्ता भाजपा में हुए शामिल**

राष्ट्रीय खबर

**गया :** भाजपा ओबीसी मोर्चा की बैठक आनंदी माई मोड़ के नजदीक उत्सव भवन में आयोजित की गई।बैठक का शुभारंभ महान विचारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर उनके चित्रों पर पुष्पांजलि के साथ हुआ।

इस अवसर पूर्व मंत्री सह नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि जब जब भाजपा की सरकार सता में आयी है तब- तब सबका साथ, सबका विकास के तहत काम किया है। महात्मा ज्योतिबा फुले एक महान विचारक,समाज सुधारक थे।भाजपा का सिद्धांत है अंतिम पायदान पर रहे व्यक्ति के पास विकास की किरण पहुंच सके।2005 में बिहार में भाजपा के सहयोग से सरकार बनी और स्थानीय निकाय में पिछड़ों का



आरक्षण देने का प्रावधान कर भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। भाजपा पिछड़ा आयोग का संवैधानिक दर्जा प्रदान कर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी ने सबका साथ, सबका विकास करने काम किया है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के ओबीसी होने की वजह से विपक्षी पार्टियां इनका विरोध कर रही है।

भाजपा जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश ऊर्फ चिंटू सिंह ने कहा आज हमलोग भाजपा के सदस्य होने पर गर्व होता है क्योंकि भाजपा ही राज्य और देश को समृद्ध बनाने में काम कर रही है।जब भी भाजपा सत्ता में आयी है देश का विकास तेजी से हुआ है। गरीबों का कल्याण हो या पिछड़ों का विकास भाजपा भ्रष्टाचार मुक्त काम करते रही है। अतः 2024 में भारत का प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी को पुनः बनाने का हमलोग संकल्पित हैं।

मौके पर भाजपा जिला पूर्व अध्यक्ष धनराज शर्मा, अर्चना राय भट्ट, युगेश कुमार, संजय सिंह, राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, संतोष ठाकुर,अजय कुमार तन्य,

इस दौरान विभिन्न दलों से दो दर्जन कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए।सभी को पार्टी का पट्टा और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

**साक्षात्कार**

# सस्ती लोकप्रियता नहीं दमदार अभिनय से पहचान बनाना चाहती है मनीषा यादव

रुपेश रंजन सिन्हा

**पटना :** नेपाल जैसे खूबसूरत देश में जन्मी पली बढ़ी बेहद खुबसूरत चंचल स्वभाव की अभिनेत्री मनीषा यादव सस्ती लोकप्रियता से नहीं बल्कि अपने दमदार अभिनय से इंडस्ट्री में एक मजबूत पहचान बनाना चाहती है अभिनय के प्रति जुनून के हद तक झुकाव रखने वाली मनीषा ने अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ दिया बचपन से ही नृत्य और एक्टिंग लगाव बड़ी अभिनेत्री बनने के सपने ने उन्हें नेपाल से भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की ओर रास्ता दिखाया शुरूवाती दौर में परिवार फिल्म में करियर बनाने के खिलाफ था लेकिन मां ने बेटी के



जुनून को पहचाना और मजबूती के साथ मनीषा को प्रोत्साहित किया फिर सारे परिवार ने मनीषा की सच्ची लगन में विश्वास दिखाया ।

स्वभाव से चुलबुली मनीषा कभी भी मुश्किलो से निराश नहीं होती है इंडस्ट्री के उतार चढ़ाव वाले स्थितियों को आसानी से सुलझा लेती है धैर्य के साथ अपने हुनर पर पूरा विश्वास रखती है आज इंडस्ट्री में धीरे धीरे बड़ी फिल्मों को साइन कर रही है अपनी प्राथमिकता में पारिवारिक एवं रोमांटिक फिल्मों को रखने वाली मनीषा सस्ती लोकप्रियता से जुड़े हथकंडों के बिलकुल खिलाफ है फॉलोअर बढ़ाने के लिए आज कल चल रहे घटिया ट्रेंड से दूर रहना चाहती है मनीषा का पूरा ध्यान ऐसी फिल्मों पर है जो परिवार के साथ बैठ कर बेझिझक देखी जा सकती है ।

इसी क्रम में एक बेहतरीन फिल्म निमार्ता सत्येंद्र तिवारी की अभिनेता किंग ऑफ रोमांस विमल पांडे और गोल्डेन ब्यूटी सोनालिका प्रसाद के साथ मेरे हमसफर है जिसकी कहानी पारिवारिक परंपराओं के ताने बाने को रोचक अंदाज में दिखाती है फिल्म के निर्देशक सूरज गिरी है जिनके साथ काम करके बहुत ही शानदार अनुभव रहा है दर्शको को इस फिल्म बेसब्री से इंतजार है मनीषा ने इस फिल्म में महत्त्वपूर्ण भूमिका को निभाया है जो दर्शक वर्षो तक याद रखेंगे।

अपनी सशक्त अभिनय को दर्शकों तक पहुंचाने के लिए मनीषा अच्छी साफ सुथरी कहानी प्रधान फिल्मों का ही चयन कर रही है।

# अघोषित आपातकाल विरोधी संघर्ष मोर्चा मुंह पर काली पट्टी बांधकर मौन जुलूस निकालेगी

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** अघोषित आपातकाल विरोधी संघर्ष मोर्चा के संयोजक अमलेन्दु मिश्रा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राणा रणवीर सिंह, राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव निराला यादव, बांग्ला साहित्यकार एवं ट्रेड यूनियन नेता विद्युत पाल, राजद नेत्री नसीमा जमाल, देशप्रेम अभियान के कुंदन लाल सहगल , आम आदमी पार्टी के हिमांशु पटेल एवं रीणा श्रीवास्तव, किसान नेता बिंदेश्वरी सिंह एवं बीबी सिंह, जदयू के चंद्रिका प्रसाद दांगी, कांग्रेस के अमित कुमार, ट्रेड यूनियन नेता अरुण कुमार मिश्रा, भाकपा के विश्वजीत ने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश विकट परिस्थितियों से गुजर रहा है। एक और देश में सत्तारूढ़ दल के द्वारा संवैधानिक शक्तियों का दुरुपयोग



करते हुए तानाशाही रवैया अपनाया जा रहा है , तो दूसरी ओर आम आदमी महंगाई , बेरोजगारी एवं भुखमरी से त्रस्त है। सरकार अपनी वाहवाही करने में मस्त है। देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जिस प्रकार देश को तानाशाहीपूर्ण ढंग से चला रहे हैं, उससे लगता है कि देश संविधान से नहीं, बल्कि आरएसएस के संविधान से चल रहा है। देश के तमाम संवैधानिक संस्थाओं पर आरएसएस के लोगों को बैठा दिया गया है। जिससे तमाम संवैधानिक संस्थाएं पंगु हो गई है। देश में संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही है। जो लोग सरकार की गलत नीतियों का विरोध करते हैं, उन्हें देशद्रोही करार देने में सरकार कोई देर नहीं करती है। जो सरकार का विरोध करते हैं , उन्हें जेल के अंदर डाल दिया जा रहा है। आज देश की परिसंपत्तियों को सरकार ओने पौने दामों में अपने पूंजीपति मित्रों के हाथों बेचने का काम कर रही है। केंद्र सरकार के द्वारा विपक्षी दलों के साथ-साथ आम आवाम की आवाज पर भी प्रतिबंध लगाने की तैयारी चल रही है। केंद्र सरकार ने आईटी एक्ट में चुपके से संशोधन कर दिया है, जिससे कि सोशल साइट पर भी सरकार के खिलाफ अगर आप लिखते हैं, तो उसे हटा दिया जाएगा। यह सरकार के द्वारा संविधान की धारा 19 का खुल्लम खुल्ला उल्लंघन है और बोलने , लिखने की आजादी पर हमला है।

इन सभी मुद्दों को देखते हुए बुद्धिजीवी, पत्रकार, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकताओं ने मिलकर इस तरह के अघोषित आपातकाल का विरोध करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय के तहत दिनांक 13 अप्रैल, बृहस्पतिवार को सुबह 9:30 बजे जेपी मूर्ति, इनकम टैक्स गोलम्बर से सप्त मूर्ति शहीद स्मारक तक मुंह पर काली पट्टी बांधकर मौन जुलूस निकालकर विरोध व्यक्त करने का निर्णय लिया गया है तथा लोगों से इस जन कार्रवाई में बढचढ कर भाग लेने की अपील की गई है।

शहर >> अपडेट

## विश्व होम्योपैथिक दिवस पर कैंसर जागरूकता अभियान और संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**बगहा** : विश्व होम्योपैथी दिवस के उपलक्ष्य मे होमियो कैंसर सेवा अस्पताल बगहा के प्रांगण में कैंसर जागरूकता अभियान और संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान चिकित्सक डॉ.पदमभानु सिंह ने कहा महामारी में होम्योपैथिक दवाई न केवल उपचार करती है, बल्कि रोग से बचाव में भी सहायक सिद्ध होती हैं। कैंसर, शरीर की गांठ, गुर्दे-पित्ते की पथरी, ट्यूमर, प्रोस्टेट जैसे मरीजों को भी इस पद्धति से फायदा हुआ हैं। वन विकास भारती के निदेशक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि शराब, सिगरेट, तंबाकू जैसे मादक पदार्थो की लत से उत्पन्न होने वाली विकृतियों एवं समस्याओं के समाधान में भी होम्योपैथिक पूरी तरह से कारगर है।

# जिला के नवागत जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने संभाला कार्यभार

## सभी मिलकर योजनाओं को गति प्रदान करें, विकास पहली प्राथमिकता : दिनेश कुमार राय

अवधेश कुमार शर्मा



**बेतिया** : पश्चिम चम्पारण जिला के नवागत जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। नव पदस्थापित डीएम दिनेश कुमार राय को को पूर्व डीएम कुंदन कुमार ने पदभार सौंपा। दिनेश कुमार राय ने जिला पदाधिकारी का पद ग्रहण करने के उपरांत उपस्थित पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने जिला में क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रम सम्बंधित जानकारी प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ निम्न वर्ग तक पहुंचाने को मिलकर कार्य करना होगा।

उन्होंने कहा कि पश्चिम चम्पारण जिला की ऐतिहासिक धरती पर आकर गौरवान्वित हूं। जिला के विकास के लिए सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को ईमानादारीपूर्वक एवं कर्तव्य निर्वहन करना होगा। जिससे पश्चिम चम्पारण जिला तीव्र गति से विकास के पथ पर अग्रसर रहे।

उन्होंने कहा कि विकास उनकी पहली प्राथमिकता है। जिला की विकास की गति को तीव्र किया जाएगा। पूर्व डीएम कुंदन कुमार ने कहा कि ऐतिहासिक भूमि को कभी नहीं भूलेंगे। जिला के लोगों का प्यार और स्नेह हमेशा साथ रहेगा। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों से कहा कि पश्चिम चम्पारण जिला को विकास के पथ पर तेजी के साथ बढ़ाने में आपके सहयोग सहयोग नवागत पदाधिकारी को दें। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनील कुमार, अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह, जिलास्तरीय पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पिपरासी पीएचसी अन्तर्गत बनाए गए तीन अतिरिक्त कोविड सेन्टर

**बगहा/पिपरासी** : पिपरासी पीएचसी के अन्तर्गत अतिरिक्त तीन कोरोना के सेंटर बनाए गए हैं। मस्तिष्क जर ,लू ,बुखार,कोरोना पर नजर रखना है । उपरोक्त बातें पीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रविंद्र कुमार मिश्रा ने नर्स व आशा फैसिलिटेटर के साथ बैठक कर मंगलवार को कहीं। उन्होने ने कहा कि कोरोना की तीन नई सेंटर मंझरिया, मुडाडीह, बलूआ में नर्स जांच करेगी। नर्स को प्रशिक्षण इसको लेकर दे दी गई है। अगर कोरोना का लक्षण मिलता है तो तुरंत पीएचसी पर भेजे । दूसरे प्रदेश से आने वाले लोगों पर विशेष नजर रखे ।

## कक्षा एक के 406 बच्चों के बीच किताब का वितरण

**बगहा/पिपरासी** : पिपरासी प्रखंड के कक्षा एक के बच्चों में 406 किताब का वितरण मंगलवार को किया गया ।वितरण कर इसकी सूची व फोटो बीआरसी कार्यालय में देने का निर्देश बीईओ कृष्णनंदन राय के द्वारा दी गई है। जिला मुख्यालय से सभी वर्गों के लिए पुस्तके मुहैया नहीं कराई गई है। जो अन्य वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए चिंताजनक है जबकि नया सत्र शुरू हो चूका है। शिक्षा विभाग के द्वारा कक्षा एक से लेकर आठ तक के बच्चों को निशुल्क पुस्तक मुहैया कराई जाती है। लेकिन बगैर पुस्तक के बच्चो का पठन-पाठन कैसे होगा । यह सवाल उत्पन्न हो रहा है । मामले में बीआरसीसी घनश्याम चौधरी ने बताया कि जिला मुख्यालय से 406 किताबे वर्ग एक के लिए उपलब्ध हुई थी । जिसकी वितरण करा दी गई है । और भी पुस्तकों की डिमांड जिला मुख्यालय से की गई है ।

## प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने शिक्षकों के साथ बैठक कर दिये कई दिशानिर्देश

**मधुबनी** : प्रखंड स्थित बीआरसी दहवा मधुबनी में प्रखंड के सभी विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों के साथ प्रभारी शिक्षा पदाधिकारी ने मासिक बैठक किया ।प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी दशरथ पोद्दार ने सभी शिक्षको को कई दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि विद्यालय मॉर्निंग हो चुका है। सभी शिक्षक विद्यालय समय पहुंचे, एवं विद्यालय की साफ-सफाई एवं मध्यान भोजन में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।मध्यान भोजन मानक के अनुकूल बनना चाहिए। वही सभी प्रधान शिक्षकों को बीआरसी से कक्षा एक के पुस्तक उपलब्ध कराए गए ।बीईओ ने बताया कि विद्यालय के पोषक क्षेत्र के जनप्रतिनिधि ,मुखिया, बीडीसी,सहित किसी भी जनप्रतिनिधि के उपस्थिति में वर्ग एक के बच्चों को पुस्तक बितरण किया जाए। उपस्थित शिक्षकों में रमेश मिश्र, राम प्रताप सिंह, जमील अख्तर, नसीम अख्तर, नवीन राय, सुधीर रंजन, विरेंद्र श्रीवास्तव, बिपिन बिहारी, संजय त्रिपाठी, राकेश चंद्रमोहन सहित सभी विद्यालय के प्रधान शिक्षक उपस्थित रहे।

## महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती पर सैकडो लोगो ने लिया भाजपा का सदस्यता

**सुगौली, पू.च** : महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा संगोष्ठी एवं सदस्यता ग्रहण समारोह का आयोजित किया गया। भाजपा द्वारा महत्मा ज्योतिबा फूले की जयंती को सामाजिक न्याय सप्ताह के रुप में मना रही है। संगठन जिला रक्सौल द्वारा यह कार्यकर्म सुगौली के वरिष्ठ भाजपा नेता रामगोपाल खंडेलवाल के आवास पर आयोजित की गई। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री और नौतन के विधायक नारायण प्रसाद ने ज्योतिबा फूले के सिद्धांतों से उपस्थित लोगों को अवगत कराया,वहीं उन्होंने सदस्यता ग्रहण समारोह में नवागंतुक सदस्यों को भारतीय जनता पार्टी की 51 लोगो को सदस्यता दिलाई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता रामगोपाल खंडेलवाल ने ज्योतिबा फूले जीवन पर प्रकाश डाला और नवागंतुक सदस्यों को पार्टी की खूबियों से अवगत कराया।

# पारंपरिक निवेश विकल्पों को अभी भी 60 प्रतिशत महिला निवेशक पसंद करती हैं

राष्ट्रीय खबर

**पटना** : नए युग का एकीकृत संपत्ति प्रबंधन फर्म एप्सिलॉन मनी ने अपने दीर्घकालिक वित्त जागरूकता पहल फाइनेंस दिवा को प्रारंभ करने पहले इसके अग्रगामी के रूप में महिला निवेशकों के बारे में एक सर्वेक्षण किया। इस सर्वेक्षण के अनुसार महिला निवेशकों की प्राथमिकताओं में अभी भी सावधि जमा और बचत खाते हैं। एक सर्वेक्षण से पता चलता है कि कथित तरलता और सुरक्षा के कारण पारंपरिक निवेश विकल्पों में 60 प्रतिशत महिला निवेशक अपना पैसा निवेश करना चाहती हैं। एप्सिलॉन मनी के क्षेत्रीय निदेशक वर्षा चोपड़ा ने कहा आधुनिक भारतीय महिलाओं की उभरती आकांक्षाओं के बारे में ये निष्कर्ष कुछ बताते हैं। सर्वेक्षण की अंतर्दृष्टि से हमें पता चलता है कि महिला निवेशकों में से 44 प्रतिशत अपने वित्तीय निर्णय स्वयं लेती हैं और निवेश करने के पीछे उनकी मुख्य प्रेरणा आत्म-सुरक्षा थी। कोई भी वित्तीय निर्णय लेने से पहले 56 प्रतिशत महिलाएँ सलाह लेती हैं। लेकिन, यह दोनों समूह वित्तीय साक्षरता और जागरूकता के लिए खुला हुआ है। इस सर्वेक्षण की अंतर्दृष्टि का उपयोग करके हम उनको वित्तीय रूप से सशक्त करने की दिशा में एक सतत पहल का शुभारंभ कर रहे हैं। एप्सिलॉन मनी की निदेशक डॉ. मधु स्मिता सिंह ने कहा हमारा मानते हैं कि हर किसी का अपना वित्तीय लक्ष्य होता है और उसे हासिल करने के लिए हमें समय, धैर्य, अनुशासन और सबसे महत्वपूर्ण, एक विश्वसनीय संपत्ति सहयोगी की आवश्यकता होती है। एप्सिलॉन मनी ने महिलाओं को अपने वित्त पर नियंत्रण रखने में मदद करने के लिए फाइनेंस दिवा पहल का शुभारंभ किया है। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को ऑनलाइन और ऑफलाइन गतिविधियों के माध्यम से वित्तीय साधनों और निवेश विकल्पों के बारे में शिक्षित करना है, जिससे उन्हें सूचित निर्णय लेने में मदद मिल सके। उच्च बचत दर और समग्र बचत संस्कृति के कारण भारत की अर्थव्यवस्था को बचत करने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में जाना जाता है। हर घर की महिलाएँ बचत करने में प्रमुख भूमिका निभाती हैं।

# शिक्षक नियुक्ति एवं सेवाशर्त नियमावली 2023 की विसंगतियों के विरुद्ध प्रदर्शन

▶▶ जिला माध्यमिक शिक्षक संघ ने नई नियमावली की प्रतियो को फाड़कर आक्रोश व्यक्त किया

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया** : शिक्षक नियुक्ति एवं सेवाशर्त नियमावली 2023 के अधिसूचित होने के बाद उसके नियम मे विसंगतियों के विरुद्ध बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ अनुमंडल कार्यालय नरकटियागंज में माध्यमिक शिक्षक संघ पश्चिम चम्पारण जिलाध्यक्ष मो. सनाउल्लाह की अध्यक्षता मे एक बैठक कर नई नियमावली के विसंगतियों के विरुद्ध शिक्षकों ने नई नियमावली की प्रतियो को फाड़कर आक्रोशपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। ज्ञात हो कि उपर्युक्त नियमावली में पूर्व नियोजित, अतिथि शिक्षको के साथ धोखा एवं छलावा किया गया है। नियोजित कोटि के शिक्षको को राज्यकर्मी बनाने के लिए परीक्षा उत्तीर्ण करना होगा जो समान्य नयी नियुक्ति के साथ एवं समान होगा। 16 से 17 वर्षो तक सेवा देने के बाद भी किसी भी प्रकार का कोई भी रियायत नियोजित शिक्षको को नही मिल रही है, जबकि सरकार ने पूर्व मे सभी नियोजित शिक्षको को राज्यकर्मी का दर्जा देने का वादा किया। पूर्व के नियमावली मे स्थानान्तरण की सुविधा दी गई, जिसे अभी तक लागु नही किया गया। इस नियमावली से वरीयता भी प्रभावित होगी, उसका कुप्रभाव विद्यालय के शैक्षणिक माहौल पर पडेगा। उपर्युक्त कार्यक्रम में जिला संयुक्त सचिव लोकेश कुमार पाठक, अनुमंडल सचिव डॉ अरविंद तिवारी, अनुमंडल उपाध्यक्ष विजय राज श्रीवास्तव, प्रखंड अध्यक्ष राजन कुमार, प्रखंड सचिव शिव कुमार साह, राज्य पार्षद जयप्रकाश कुमार, जिला पार्षद अजय कुमार दुबे, श्रीकांत पांडेय, कौशल किशोर, आफताब आलम, इम्तियाज अहमद, संजय कुमार, राकेश कुमार चक्रवर्ती, अमरेश तिवारी, रामबाबू, डॉ विभाकर दुबे, उमेश यादव, हीरालाल दास, नीरज कुमार, रतीश रंजन, संदीप कुमार, सुजीत गिरी,अविनाश कुमार, श्वेता कुमारी दर्जनो शिक्षक शामिल रहे।

# शिक्षक नियुक्ति की नई नियमावली के विरूद्ध शिक्षकों में फूटा व्यापक आक्रोश

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया** : जिला में शिक्षकों की सेवा शर्त से संबंधित नई नियमावली आने के बाद पूर्व से कार्यरत शिक्षकों का व्यापक आक्रोश फूट पड़ा है। शिक्षकों ने चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया है।इस कड़ी मे मंगलवार को शिक्षकों ने मुख्यमंत्री,उप मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री का बेतिया के कविवर नेपाली पर चौक पर पुतला दहन कर अपना आक्रोश प्रकट किया है। परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नंदन कुमार ने कहा है कि शिक्षक इस सरकार से राज्यकर्मी के दर्जे और समान काम समान वेतन की उम्मीद लगाए बैठे थे लेकिन यह नियमावली शिक्षकों के साथ चुनाव के दौरान किया गया वादा किया वादा धोखाधड़ी के रूप में सामने आया है।जिसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। राज्य कर्मी बनने का शिक्षकों का सपना सपना ही रह गया और सरकार झटके में शिक्षकों के साथ किए वादे को पैरों तले कुचल डाली है।पूर्व से कार्यरत सभी शिक्षकों को एक सामान्य अभ्यर्थी की तरह छोड़ दिया गया है । नई नियमावली नई बहाली के लिए लाई गई है जिससे पूर्व से कार्यरत शिक्षकों को कोई लाभ नहीं है । आखिर यह नियमावली केवल पूर्व से कार्यरत शिक्षकों को उनकी औकात बताने के लिए ही लाई गई है! संघ के प्रमंडल संयोजक मंकेशवर कुमार राम ने सरकार पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को जवाब देना चाहिए कि उन्होंने जो चुनाव में वादा किया था क्या यही उनका वादा था ? पूरे जिला के शिक्षकों से मैं आह्वान करता हूँ कि सड़कों पर उतरें। इसका पुरजोर विरोध होना चाहिए । स्थानांतरण के लिए जो बहने वर्षों से इस नियमावली का इंतजार कर रही थी वह आज खुद को ठगा महसूस कर रही हैं जो भाई बंधु अपने घर से सैकड़ों किलोमीटर दूर नौकरी करने को मजबूर हैं उन्हें स्थानांतरण के मुद्दे पर कुछ भी नहीं कहा गया । जब तक वे स्थानीय निकायों के हवाले पड़े रहेंगे तब तक उन्हें कोई सुविधा नहीं मिल पाएगी। इसलिए अब करो या मरो की स्थिति में शिक्षकों को लड़ना होगा। अशोक कुमार प्रसाद, राजकिशोर शर्मा, रामबालक प्रसाद, विवेकानंद प्रसाद, प्रभात राम, कृष्णा प्रसाद चौरसिया, राजेन्द्र कुमार, सतीश कुमार पटेल, फणिन्द्र दुबे,सुशील कुमार, विनोद राम, विजय कुमार राम, राजेश कुमार रंजन, संजय कुमार, नेहाल अहमद, रविरंजन कुमार, दीपक कुमार, सुनिल कुमार सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

# 14 अप्रैल को लोजपा बाबा साहेब की मनाएगी जयंती, जुटेंगे नेतागण

राष्ट्रीय खबर



**गया** : मंगलवार को लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के गया जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह जी के नेतृत्व में आमस प्रखंड के सावकला मे आमस प्रखंड अध्यक्ष अरुण पासवान की अध्यक्षता में गया जिला लोजपा रामविलास चला बुथ की ओर विजन के तहत संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश महासचिव एवं गया जिला के सह प्रभारी मनोज सिंह जी शामिल हुए। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्टी के प्रदेश सचिव शेरघाटी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मुकेश कुमार यादव उर्फ कृष्णा यादव एवं वीरेंद्र सिंह मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के गया जिला के सह प्रभारी मनोज सिंह ने कहा कि गया जिला का सह प्रभारी हूं मुझ पर यह जवाबदेही है। लोकसभा चुनाव नजदीक है लोकसभा चुनाव में हमारी पार्टी की भागीदारी ज्यादा से ज्यादा सीटों पर हो। इसलिए पार्टी का संगठन को मजबूत करना तो हम लोगों का पहला प्राथमिकता है। वहीं बैठक में पार्टी के गया जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए मैं हमेशा तत्पर रहता हूं। इसलिए मैं इसे 3 फेज में काम करने का संकल्प लिया था। पहला फेज जिला स्तर पर संगठन को मजबूत करना दूसरा फेज प्रखंड स्तर पर पार्टी के संगठन को मजबूत करना और तीसरा फेज में पंचायत एवं बूथ स्तर को मजबूत करने का जो कि तीसरा फेज के तहत मैं सह प्रभारी महोदय के साथ सभी प्रखंड में पंचायत एवं बूथ कमीटी को मजबूत करने में लगा हूं। और सह प्रभारी महोदय को विश्वास दिलाता हूं कि आगामी 20 तारीख तक पंचायत एवं बूथ कमीटी का लिस्ट सौंपने का काम करूंगा। मैं प्रखंड एवं पंचायत अध्यक्ष से आग्रह करता हूं कि जल्द से जल्द कमीटी का लिस्ट मुझे और हमारे गया जिला के सह प्रभारी महोदय को सौपने का काम करें। वही आगामी 14 अप्रैल 2023 को भारतीय संविधान के निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती है,जो कि प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम के तहत प्रत्येक जिला स्तर पर मनाया जाएगा। इस मौके पर पार्टी के गया जिला उपाध्यक्ष सह शेरघाटी विधानसभा के प्रभारी रोबिन सिंह सोनू कुमार बृज किशोर शर्मा, चंदन पासवान मुकेश कुमार अजय राम, चंदन कुमार, भिवुदास रविदास, रामदयाल चौधरी, रंजन सिंह, गौतम कुमार,दुर्गा पासवान,रमेश पासवान, राजेश कुमार,वीरेंद्र कुमार, सुबोध पासवान, मुकेश कुमार पासवान, राम अवध पासवान आदि मौजूद रहे।

# भाकपा-माले ने महान सामाजिक-शैक्षिक सुधारक ज्योतिबा फुले की जयंती पर सदभावना-एकजुटता जन कन्वेंशन

## 11-14 अप्रैल 2023 तक सांप्रदायिक उन्माद व हिंसा के खिलाफ भाकपा-माले चलायेगा सद्भावन-एकजुटता अभियान

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया** : भाकपा-माले ने महान समाज-शैक्षिक सुधारक ज्योतिबा फुले के जयंती के अवसर पर सदभावना- एकजुटता जन कन्वेंशन का आयोजन किया। जिसमें 11-14 अप्रैल 2023 तक पूरे बिहार में सांप्रदायिक उन्माद व हिंसा के विरुद्ध सद्भावना-एकजुटता अभियान चलाने का आह्वान किया। सबसे पहले ज्योतिबाफुले की जयंती पर ज्योतिबाफुले के तैलचित्र पर भाकपा-माले केन्द्रीय कमिटी सदस्य सह सिकटा विधायक वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने पुष्प अर्पित कर नमन किया। सदभावना-एकजुटता जन कन्वेंशन को संबोधित करते हुए विधायक वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि ज्योतिबाफुले कहते थे कि यदि आजादी, समानता, मानवता, आर्थिक न्याय, शोषणरहित मूल्यों और भाईचारे पर आधारित सामाजिक व्यवस्था का निर्माण करना है, तो असमान और शोषक समाज को उखाड़ फेंकना होगा। उन्होंने कहा कि ज्योतिबाफुले कहते रहे कि समाज के विकास के लिए यह आवश्यक है कि समाज का संगठन ऐसा हो कि उसके सभी सदस्यों को स्वतंत्रता और समानता के अधिकार मिले। उनके बीच भाईचारा, यहां तक ज्योतिबाफुले ने कहा था कि 'अनपढ़, अशिक्षित जनता को फंसाकर वे अपना उल्लू सीधा करना चाहते हैं और यह वे प्राचीन काल से कर रहें हैं'। इसलिए आपको शिक्षा से वंचित रखा जाता है। उस समय जिन सवालों को लेकर ज्योतिबाफुले ने जीवन भर संघर्ष किया उन तमाम सवालों को आज भाजपा खड़ा कर दिया है, आज भाजपा भाईचारा को खत्म कर रहीं हैं। तमाम बंचित समाज के बच्चों को शिक्षा से बंचित करने के लिए कानून बना रहीं हैं । सुनील कुमार राव ने कहा कि बाबा साहेब अम्बेडकर ने कहा कि यदि भविष्य में यह देश धर्म के नाम पर कभी हिन्दू राष्ट्र की बात करेगा तो यह हमारे लिए सबसे बड़ी विपत्ति साबित होगी। और यह समाज के सबसे अधिक दबे-कुचले लोगों के लिए बेहद खतरनाक होगा। उसी हिन्दू राष्ट्र बनाने के लिए भाजपा बेचैन है, जिसके माध्यम से संविधान और लोकतंत्र को खत्म करने का अभियान संचालित है। इसलिए उसके खिलाफ भाकपा-माले गाँव गाँव में सद्भावनाझ्रएकजुटता अभियान चलाएगा। माले नेता संजय राम ने कहा कि उन्माद-उत्पात की इन घटनाओं में भाजपा मुस्लिम समुदाय के खिलाफ दलित-अतिपिछड़े-पिछड़े समुदाय के बेरोजगार युवकों को सचेत रूप से आगे करके हिंदू-मुस्लिम एकता को तोड़ देने का प्रयास कर रही है। भाकपा-माले जनांदोलनों पर आधारित बिहार मॉडल के माध्यम से भाजपा के फासीवादी अभियान को एक ताकतवर जवाब देगी। उपर्युक्त जानकारी भाकपा माले नेता सुनील कुमार राव ने दी।

# सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार



राष्ट्रीय खबर

**भितहा** : पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । इसकी जानकारी एसपी किरण कुमार गोरख जाधव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि भितहा थाना क्षेत्र की एक महिला थाने में आवेदन देकर धुनियापट्टी गांव निवासी बादर उर्फ क्यामुद्दीन मियां व अमिरून अंसारी के द्वारा शनिवार की देर रात लगभग 9:00 बजे एक लड़की जो शौच के लिए बाहर बंधे की तरफ गई थी उसका पीछा करते हुए घात लगाकर लड़की को अपने चंगुल में दबोच लिया देर रात तक हवस का शिकार बनाते हुए उसे जान से मारने की धमकी देकर छोड़ दिया। परिजनों ने आवेदन पत्र देकर थाना मे न्याय की गुहार लगाई। मामले में भितहा थाना कांड संख्या 56/23 दर्ज किया गया है। जिसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए भितहा थानाध्यक्ष शाहिद अनवर अंसारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर छापेमारी करने का निर्देश दिया गया । गठित टीम द्वारा दोनों अभियुक्तों को 24 घंटे के अंदर दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## शहर >> अपडेट

### उत्पाद एवं निबंधन विभाग के अपर विशेष लोक अभियोजक बने : सौरभ उपाध्याय

**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला में मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के अपर विशेष लोक अभियोजक पद पर बिहार सरकार ने अधिवक्ता सौरभ कुमार उपाध्याय का चयन किया है। इस संबंध में मद्य निषेध विभाग के उपायुक्त कृष्ण कुमार ने जिला पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण को एक पत्र प्रेषित किया है। उपायुक्त के प्रेषित पत्र के अनुसार सौरभ कुमार का चयन विभागीय साक्षात्कार के उपरांत हुआ है। उल्लेखनीय है कि सौरभ कुमार उपाध्याय नरकटियागंज के पांडेय टोला निवासी वरीय अधिवक्ता रवींद्र उपाध्याय के पुत्र हैं। उनका चयन विशेष लोक अभियोजक पद पर होने से प्रबुद्धजनों ने हर्ष है।

# मनरेगा मजदूरों-गरीबों के अधिकारों पर मोदी सरकार हमला कर रहीं हैं : वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता

**रोजी-रोटी, वास-आवास, सम्मानपूर्ण जीवन, साम्प्रदायिक सद्भाव व शांति के लिए सभी प्रखंड कार्यालयों पर 27 अप्रैल को प्रदर्शन**

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा ने मनरेगा मजदूरों-गरीबों के अधिकारों पर मोदी सरकार के हमला के खिलाफ और रोजी- रोटी, वास आवास और सम्मानपूर्ण जीवन के लिए साम्प्रदायिक सद्भाव व शांति के लिए 27 अप्रैल को सभी प्रखंड कार्यालयों पर प्रदर्शन की तैयारी को लेकर खेग्रामस ने हरिवाटिका चौक स्थित सुकन्या उत्सव भवन में जन कन्वेंशन का आयोजन किया। कन्वेंशन की अध्यक्षता व संचालन संजय राम, पिपरासी प्रखण्ड के मुखिया राजकुमार साहनी, मुखिया जोखन बैठा, सुरेन्द्र चौधरी, सीताराम राम, भीखारी प्रसाद, जवाहर प्रसाद आदि ने किया, कन्वेंशन के मुख्य



अतिथि सिकटा विधायक वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने कन्वेंशन को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा दलित-अतिपिछड़े-पिछड़े समुदाय के बेरोजगार युवकों को सचेत रूप से आगे करके हिंदू-मुस्लिम एकता को तोड़ देने का प्रयास कर रही है। माले विधायक ने कहा कि सदियों से इस देश में कायम गंगा-जमुनी तहजीब सबसे बड़ी बाधा है। इसलिए उसका हमला राजनैतिक-सामाजिक-शैक्षणिक व सांस्कृतिक सभी स्तरों पर है, ऐसे में अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा मोदी सरकार ने मनरेगा मजदूरों-गरीबों के अधिकारों पर हमला कर रहीं हैं। इसके खिलाफ रोजी - रोटी, वास- आवास, जमीन और सम्मानपूर्ण जीवन के लिए साम्प्रदायिक सद्भाव व शांति के लिए सभी प्रखंड कार्यालयों पर अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा 27 अप्रैल को प्रदर्शन करेगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार मनरेगा मजदूरी कम कर दिया है। विलंबित से भुगतान कर रहीं हैं या नहीं कर रहीं हैं, यहा तक सरकार ने केंद्रीय बजट में मनरेगा के मद में आवंटन को कम कर दिया है, इसके साथ-साथ सभी सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं के बजट में कटौती करके मनरेगा को खत्म करने पर तुली हुई है। खेग्रामस, केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन 429, को आधार मान कर मजदूरी तय करने के लिए मांग करती है। भाकपा माले विधायक ने मनरेगा के काम में डिजिटल हाजिरी बनाने की तीखी आलोचना किया। खेग्रामस जिला अध्यक्ष संजय राम ने कहा कि मोदी सरकार का उद्देश्य सस्ते ग्रामीण श्रम बल को लूटना है, जो आगे चलकर जबरन पलायन में इजाफा करेगा। उपर्युक्त कार्यक्रम में संजय बंधु राम, प्रकाश माझी, ठाकुर पटेल, भरत राम, लालजी यादव, सुरेन्द्र चौधरी, ताजुद्दीन मंत्री, अमेरिका राम, मुखिया राजकुमार साहनी, संजय मुखिया नेताओं ने खेत मजदूरों- गरीबों का कन्वेंशन को संबोधित किया। उपर्युक्त जानकारी भाकपा माले नेता सुनील यादव ने मीडिया को दी।

## भाजपा किसान मोर्चा के द्वारा बैठक आयोजित की गई

**मुंगेर :** रविवार को प्रखंड क्षेत्र के गोविन्दपुर ग्राम में जिला भाजपा किसान मोर्चा मुंगेर द्वारा बैठक आयोजित कर किसानों को जैविक खेती से होने वाले लाभ के सबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान वहाँ मौजूद किसानों को रासायनिक खाद के प्रयोग से बंजर होती जा रही भूमि एवं बढते प्रदुषण से मुक्ति हेतु जैविक प्रक्रिया एवं जैविक खाद के प्रयोग को लेकर संकल्प दिलाया गया। भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामखेलावन शर्मा ने बताया कि देश में वर्ष 1990 से जैविक खेती का प्रारंभ हुआ है। जिसे बृहद पैमाने पर अपनाने की जरुरत है। उन्होंने बताया कि जैविक प्रक्रिया से खेती करने पर मंहगे रसायनिक खाद एवं कीटनाशकों की कीमतों से मुक्ति,प्रदुषण में कमी के साथ साथ फसलों की गुणवत्ता एवं उत्पादकता में बृद्धि होगी। बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष त्रिलोचन सिह, सियावल्लभ चौधरी, प्रवीण शर्मा, रामप्रताप शर्मा आदि किसान मौजूद थे।

## नेपाल ने नरकटियागंज को 4 गोल से पराजित किया

**बेतिया :** शंभू नाथ तिवारी स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच टाउन क्लब नरकटियागंज और बीरगंज नेपाल के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि विधायक रश्मि वर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उच्च विद्यालय नरकटियागंज के प्रांगण में बीरगंज नेपाल और नरकटियागंज टाउन क्लब के बीच फाइनल मैच का जबर्दस्त मुकाबला हुआ। प्रारंभ से बीरगंज की टीम नरकटियागंज की टीम पर भारी पड़ती रही। बीरगंज की टीम ने एक पर एक लगातार चार गोल किया, अलबत्ता नरकटियागंज की टीम कोई गोल नहीं कर सकी। उत्कृष्ट प्रदर्शन की बदौलत बीरगंज नेपाल ने टाउन क्लब नरकटियागंज को शून्य के मुकाबले 4 गोल से रौंद दिया। इस प्रकार बीरगंज नेपाल की टीम ने शंभूनाथ तिवारी स्मृति फुटबॉल ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि उप सभापति पूनम देवी, टाउन क्लब के अध्यक्ष वर्मा प्रसाद, प्रधानाचार्य डॉ. अरविन्द तिवारी, अवधेश तिवारी, भोट चतुवेर्दी, वैधनाथ प्रसाद, मेहीलाल प्रसाद, शिवकुमार सिंह, विंध्यवासिनी शुक्ल, सत्यम श्रीवास्तव, संजय जायसवाल, भोला शर्मा, सुरेन्द्र कुमार, विधायक प्रतिनिधि छोटन पाठक, दीपक कुमार उर्फ दीपू रजक, गुड्डू चौबे, सुजीत कुमार वर्मा उर्फ पिट्टू , रामाशंकर प्रसाद, अतुल कुमार, अखिल स्नेह श्रीवास्तव, अभिषेक तिवारी व अन्य उपस्थित रहे।

# विधायक ने प्रथम स्थान लाने वाले छात्रो को किया सम्मानित

राष्ट्रीय खबर

**तारापुर :** गाजीपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय में पहुंचे विधायक माननीय राजीव कुमार सिंह जिला में प्रथम स्थान लाने वाले छात्र को किया सम्मानित।

बता दें कि तारापुर के नगर पंचायत गाजीपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्रों का सम्मान समारोह किया गया था. इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि माननीय विधायक राजीव कुमार सिंह, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित बिना देवी , बॉलीवुड के फिल्म अभिनेता राजन कुमार , नगर पंचायत के चेयरमैन नीलम देवी , जदयू के डॉक्टर पप्पू एजाज, राजद के रफीक जमा भोलू, हीरो हौंडा शोरूम के अफजल होदा,



पूर्व मुखिया जोगी मंडल के द्वारा इसी स्कूल से प्रथम और द्वितीय और तृतीय मेट्रिक में जिला में रैंकिंग के कारण उन्हें पुरस्कार के साथ-साथ प्रशस्ति पत्र दिया गया। प्रशस्ति पत्र पाने वालों में प्रथम स्थान रोशन कुमार ,द्वितीय स्थान कृष कुमार, तृतीय स्थान शहाबुद्दीन को संयुक्त रूप से दिया गया।वही सर्वप्रथम स्कूल की तरफ से स्वागत गान प्रस्तुति स्कूल के बच्चे के द्वारा किया गया।

विधायक राजीव कुमार सिंह को स्कूल के प्राचार्य राजशेखर कुमार के द्वारा उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट किया गया। वही सभी सम्मानित अतिथि को भी फूलों का गुलदस्ता प्रस्तुत किया गया। वही विधायक ने कहा यह हमारे विधानसभा के लिए यह गौरव की बात है और इस स्कूल के शिक्षक की मेहनत के कारण यहा प्रथम स्थान जिला में पाने वाले रोशन कुमार ने जिला का नाम रोशन किया है। इसके लिए मैं दिल से इन सभी लोगों को धन्यवाद देते हैं। वहीं इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं वही राष्ट्रपति पुरस्कार बिना देवी ने कहा यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि आज यहां पर आकर के छात्र छात्राओं के कड़ी मेहनत देख कर के तारापुर में एक इतिहास रचा है। आज मैं सभी छात्र को शुभकामना देती हूं, उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर पप्पू एजाज कर रहे थे और अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी टेटिया बंबर के द्वारा किया जा रहा था।

# कस्तूरबा गांधी की जयंती पर किया गया श्रद्धा सुमन अर्पित

राष्ट्रीय खबर

**हवेली खड़गपुर :** मंगलवार को नगर के झील पथ स्थित राजकीय प्लस टू उच्च माध्यमिक विद्यालय मे कस्तूरबा गांधी की जन्म जयंती मनाई गई। विद्यालय परिसर स्थित शिक्षक मनोज कुमार सिंह के द्वारा स्थापित किए गए बापू और कस्तूरबा गांधी की प्रतिमा स्थल पर विद्यालय के कस्तूरबा छात्रावास कि छात्राओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि और माल्यार्पण कर भावपूर्ण तरीके से उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को नमन किया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक कपिलदेव सिंह एवं छात्रावास की वार्डन डा. अन्नपूर्णा कुमारी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं के साथ विद्यालय के शिक्षकों ने भी



कस्तूरबा गांधी के साथ पूज्य बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर बैद्यनाथ गुप्ता, इंदु कुमारी, उमाशंकर सिंह, मनोज कुमार सिंह समेत विद्यालय के अनेक शिक्षक एवं विद्यालय परिवार के सदस्य मौजूद थे।

## लापता किशोरी का शव बरामद, चचाओं का

**सुगौली,पू.च :** थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर मधुमालती,मल्लाह टोली के समीप घर से लापता युवती का शव चार दिन बाद नदी से बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार प्रखंड के दक्षिणी मनसिंघा पंचायत के लक्ष्मीपुर मधुमालती मल्लाह टोली के समीप बूढ़ी गंडक नदी में मंगलवार को ग्रामीणों ने एक युवती के शव को देखा।जिसकी खबर मिलते ही आसपास के लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी। पूर्व पंसस इकराम हुसैन ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी।सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अखिलेश मिश्र,एसआई अनुज सिंह व पुलिस बल के जवान नदी घाट पर पहुंचे। पुलिस ने युवती के शव को नदी से निकालकर अपने कब्जे में ले लिया।थानाध्यक्ष ने मामले को लेकर मृतका के परिजन व ग्रामीणों से जानकारी ली। मृतका की पहचान दक्षिणी मनसिंघा पंचायत के दरोगा ठाकुर की पुत्री रौशनी कुमारी उम्र 16 वर्ष के रूप में की गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया।बताया जाता है कि मृतका चार दिन पहले ही घर से लापता हो गई थी। जिसकी काफी खोजबीन परिजनों ने की।लेकिन युवती का कोई पता नही चल सका। मृतका के परिजन ने मामले को लेकर स्थानीय थाना में अपहरण कर लेने का केस दर्ज कराया था। जिसके बाद पुलिस जांच में जुटी हुई थी। इस बाबत थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस घटना की जांच कर रही है। जांचोपरांत समुचित करवाई की जाएगी। पुलिस आवश्यक करवाई में जुटी हुई है।

# बेबी आलम बनी जदयू की तुरकौलिया प्रखंड अध्यक्ष

- मुखिया रहते हुए अपने बेहतर कार्यों व समाजसेवा के बदौलत मिली है खास पहचान
- दी गई जिम्मेवारी को पूरी निष्ठा पूर्वक निभाऊंगी : बेबी आलम

राष्ट्रीय खबर

**तुरकौलिया, पू.चं. :** जदयू के जिला नेतृत्व द्वारा पूर्व मुखिया बेबी आलम को तुरकौलिया प्रखंड का अध्यक्ष मनोनीत किया है। जिसके बाद जदयू कार्यकर्ता बदरी पासवान, अनीस आलम, राकेश बंगाली, मंटू राम, चंदेश्वर पासवान, विश्वनाथ साह, राकेश पाण्डेय, नीरु सिन्हा, शशिभूषण सिंह, शहजाद अंसारी, इसराइल मियां, शेख हसनैन, नीतेश कुमार, ध्रुव साहनी, मनोज कुमार, प्रिंस कुमार आदि ने बधाई दिया है। वहीं कार्यकताओं ने कहा कि बेबी



आलम को प्रखंड अध्यक्ष बनने पर पार्टी और मजबूत होगी। इनका संगठन चलाने का अनुभव भी पार्टी को मिलेगा। लोगों के बीच पहले से ही बेबी आलम काफी लोकप्रिय हैं। मुखिया रहते हुए उन्होंने कई सराहनीय कार्य किए, जिसके चर्चे आम हैं। उनके बेहतर कार्यकलापों को देख भारत सरकार ने पुरस्कृत भी किया था। साथ ही कई पुरस्कारों से भी सम्मानित हो चुकी हैं।

अध्यक्ष बनते ही बेबी आलम ने पार्टी का कार्य करना युद्धस्तर पर शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के 132वीं जयंती पर लोगों को जागरूक करते हुए बेबी आलम ने उनके संदेशों का पोस्टर भी दीवारों पर चिपकाया। तथा, उनके जीवनी से मौजूद लोगों को अवगत कराया। वही नव मनोनीत प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी द्वारा जो नई जिम्मेदारी दी गई है। वह उसे पुरी इमानदारी के साथ निभाएंगी।

# गोनौली गांव में आग से पांच घर जले, लगभग 7 लाख की क्षति की अशंका

राष्ट्रीय खबर

**लौरिया :** लौरिया थाना क्षेत्र के गोनौली डुमरा पंचायत अंतर्गत गोनौली गांव के वार्ड 9 निवासी स्वर्गीय दुःखी महतो के पुत्र दशरथ महतो तथा दशरथ महतो के चार पुत्र लक्ष्मण कुशवाहा, लालसाहेब कुशवाहा, हीरालाल कुशवाहा, रामु कुशवाहा के टीन एवं टाट फूस के घर में सोमवार की अहले सुबह लगभग तीन बजे अचानक आग लग गई। आग लगने के कारण पांचों के घर में रखे समान, पलंग, कपड़ा, ट्रंक, श्रृंगार बॉक्स, दो चौकी, दस थान गहना, दाल, चावल व अन्य सामान जल कर राख हो गये हैं। गनौली डुमरा के मुखिया सुनीता देवी पति सुमन ठाकुर ने बताया कि उनके पंचायत के गोनौली गांव निवासी दशरथ महतो तथा उनके चारों पुत्र का घर सोमवार की सुबह हुई आगलगी की घटना में जल गए। अचानक



सुबह लगभग तीन बजे आग लगने की खबर मिलते ही, वहां के मुखिया पति घटना स्थल पहुंचे और लौरिया थाना की पुलिस को खबर दिया। उसके बाद अग्नि शमन दस्ता को बुलाया गया। अग्निशमन दस्ता एवं ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका। जबतक आग पर काबू पाया गया तबतक पांच व्यक्ति का घर जलकर राख हो गया। दशरथ महतो के पुत्र लालसाहेब कुशवाहा का विवाह 30 अप्रैल 2023 को चनपटिया के बनकट में तय रहा। दशरथ महतो के विवाह का सामान, गहना, कपड़ा तथा विवाह के लिए रखा घर में रखे अन्य सामान सामान, सभी समान अचानक आग लगने से जलकर खाक हो गये। आशंका व्यक्त किया गया है कि गांव लगभग सात लाख रुपए का समान जलकर राख हो गया है। इस संबंध में अग्निशमन पदाधिकारी नरकटियागंज को आवेदन देकर मुआवजे की मांग की गई है। दशरथ महतो के घर विवाह नियत समय पर हो इसका प्रयास सभी कर रहे हैं।

## किसान सभा का 88 वा स्थापना दिवस मनाया गया

**बेतिया :** अखिल भारतीय किसान सभा के 88 वें स्थापना दिवस के अवसर पर पश्चिम चंपारण के बैरिया प्रखंड में झंडोत्तोलन किया गया । झंडा फहराते हुए अखिल भारतीय किसान सभा के केंद्रीय कार्यकारिणी के सदस्य तथा बिहार राज्य किसान सभा के उपाध्यक्ष प्रभुराज नारायण राव ने बताया कि अखिल भारतीय किसान सभा लगातार किसानों , खेत मजदूरों के सवालों को लेकर देशभर में संघर्ष कर रहा है। संयुक्त किसान मोर्चा का राष्ट्रव्यापी आंदोलन जो ऐतिहासिक आंदोलन था । उसमें किसान सभा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। किसान सभा ने किसानों की सवालों को लेकर बड़ी बड़ी लड़ाइयां लड़ी है। हैदराबाद के निजाम के खिलाफ ऐतिहासिक संघर्ष किसान सभा ने छेड़ा था । महाराष्ट्र के वर्ली आदिवासी विद्रोह किसान सभा की अग्रणी नेत्री कामरेड गोदावरी पारुलेकर ने किया था। अभी नासिक से मुंबई तक 200 किलोमीटर का लॉन्ग मार्च किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कॉमरेड अशोक ढवले के नेतृत्व में निकाला गया। जो 1 सप्ताह तक चल कर मुंबई पहुंचा और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे , उपमुख्यमंत्री और एक दर्जन मंत्रियों के साथ हमारे किसान सभा के 15 प्रतिनिधि वार्ता में शामिल होकर प्याज और कपास के किसानों को 350 रुपए प्रति क्विंटल अनुदान दिलाया । आज हमें इस लड़ाई को हर किसानों का लड़ाई और हर किसानों का संगठन किसान सभा को बनाने का संकल्प लेना है और किसानों के आंदोलन को मजबूत करके देश की फांसीवादी मोदी सरकार को परास्त करना है। झंडोत्तोलन के अवसर पर म. हनीफ, अवधविहारी प्रसाद, अंचल सचिव सुनील यादव, काशी साह, संजय राव, हरिशंकर यादव, हरिओम यादव, बिपिन कुमार राव उपस्थित रहे।

# अफजलनगर दंगल प्रतियोगिता में पहलवानों ने दिखाया अपनी कला और कुश्ती को

**दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता में बिहार, उत्तर प्रदेश एवं नेपाल के पहलवानों ने दिखाया दम**

- पूर्व मुखिया सह संरक्षक ने किया कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ

राष्ट्रीय खबर

**तारापुर :** मंगलवार को वैशाख कृष्ण पक्ष पंचमी के मौके पर पिछले 70 वर्षों से होते आ रहे अनुमंडल स्तरीय दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता का आयोजन प्राथमिक विद्यालय राघोपुर खरवा मैदान पर किया गया । इस प्रतियोगिता में जमुई मुंगेर बांका भागलपुर एवं लखीसराय सहित उत्तर प्रदेश एवं पड़ोसी देश नेपाल से आए ।कई पहलवानों ने कुश्ती के दौरान अपना अपना बेहतर दांवपेच दिखाया । गौरतलब है कि काफी हर्षोल्लास के साथ शुरू



कराए गए प्रतियोगिता में पहले दिन भाग लेने वाले विजेता एवं उपविजेता को अखाड़ा समिति के संरक्षक पूर्व मुखिया शशि कुमार सुमन की ओर से लंगोट एवं गले में पहनने के लिए चांदी का मेडल एवं नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। दंगल प्रतियोगिता में एक से बढ़कर एक पहलवानों ने अपनी अपनी कुश्ती का कलाबाजी दिखाई । प्रथम दिन के विजेता पहलवान मिथिलेश गोसाईदासपुर भागलपुर एवं उप विजेता पहलवान शहाबुद्दीन देवरिया उत्तर प्रदेश रहे । गोसाई दासपुर भागलपुर बनारस पहलवान ने बेहतरीन तकनीक का इस्तेमाल कर अपने सभी प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़कर शानदार जीत हासिल की। प्रथम दिन के दंगल में ललन पहलवान अफजलनगर खुदिया भूपेंद्र थापा नेपाल पंकज बक्सर मुकेश गाजीपुर उत्तर प्रदेश ने भी कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में अखाड़ा समिति के लोगों द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया । इसके पूर्व अखाड़ा का उद्घाटन संरक्षक शशि कुमार सुमन ने किया। संगरक्षक श्री सुमन ने कमेटी द्वारा आयोजित दंगल कार्यक्रम की सराहना किया। इस मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य मंटू यादव आयोजक मंडली के सदस्य पैक्स अध्यक्ष रवि रंजन कुमार सरपंच लक्ष्मण यादव सखीचन यादव नीतीश कुमार निराला सुभाष यादव ऐस बोला कृषि समन्वयक विजय यादव सहित हजारों से अधिक लोगों ने दंगल प्रतियोगिता का घंटों आनंद उठाया।

# बेतिया नगर निगम में प्रोन्नती होने के बाद नियमों को दरकिनार कर भवन निर्माण जारी

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** नगर निगम क्षेत्र मे हो रहे नये निर्माण नियमों को ताक पर रखकर हो रहे है और अधिकारियों की नजरो में होने के बाबजूद इस ओर ध्यान नहीं देना कहीं ना कहीं भ्रस्टाचार की ओर इशारा करता है। हालाँकि कुछ लोग द्वारा दबे शब्दों से बताया जा रहा है कि इसके लिये अवैध वसूली की जाती है। परन्तु इसके लिये कोई सबूत नहीं मिले है ।परंतु अधिकारियों द्वारा जानकारी के बावजूद इसपर कोई कार्यवाहियों का ना करना इस दावे को मजबूती प्रदान करता है।

बेतिया को नगर परिषद से नगर निगम में पदोन्नति तो हो गई और इस पदोन्नति के साथ ही नगर की जनता को ये उम्मीद भी जगी की अब उन्हें मिलने वाली सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी और उन्हें बेहतर सुख सुविधाएं मिलेंगी। परंतु वर्त्तमान स्थिति को देख कर ऐसा नहीं लगता है कि वर्त्तमान अधिकारी जनता को ये सुख सुविधाएं उपलब्ध कराने में सक्षम हो पायेंगे। क्यूँकी उनकी कार्यप्रणाली सिर्फ इस बात की ओर इशारा करती है कि वो ज्यादा से ज्यादा पैसा खर्च करने मे विश्वास रखते है। भले ही वो नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं में शामिल हो या ना हो। उनकी यह कार्यप्रणाली कभी -कभी यह सोचने पर मजबूर कर देती है कि ज्यादा से ज्यादा रकम को खर्च करना कहीं इनके निजी फायदे के लिए तो नहीं है?आखिर नगर निगम का ध्यान पहले नागरिको की मुख्य जरूरत की तरफ ना होकर सिर्फ और सिर्फ बड़ी-बड़ी योजनाओं में लगा रखा है। हालाँकि ये योजनायें भी जनहित में ही है। परन्तु सर्वप्रथम जनता को जिस चीज की ज्यादा जरूरत है उनमे प्रमुख है। शुद्ध हवा / धूलमुक्त वातावरण, शुद्ध जल, साफ सुथरी सड़के, सुन्दर और साफ सुथरी नालियाँ, स्वास्थ्य सेवाएँ आप स्वयं देख सकते है कि नगर निगम के अधिकारी इनमें से कौन कौन सी सुविधाओं को उपलब्ध कराने पर जोर दे रहे है।

आपके लिए यह भी जानना जरूरी है कि जिन सुविधाओं पर नगर निगम आपके दिये टैक्स के सैकड़ों करोड़ खर्च कर देता है उसकी उपयोगिता क्या आपको मिल पाती है ?

## संपादकीय

# बदले समीकरणों में विपक्ष को मुद्दों की तलाश

भाजपा विरोधी खेमा के राजनीतिक समीकरण बदल गये हैं। ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि आम आदमी पार्टी अब राष्ट्रीय पार्टी है जबकि एनसीपी, तृणमूल कांग्रेस और भाकपा के पास से यह सुविधा खत्म हो गयी है। चुनाव आयोग ने कल ही यह फैसला लिया है। जाहिर है कि इससे राष्ट्रीय राजनीति या यूं कहें कि आगामी लोकसभा की चुनावी राजनीति में बदलाव आने की संभावना है। ऐसी स्थिति में विपक्ष को चुनावी माहौल को अपने पाले में करने के लिए नये मुद्दों की तलाश होगी। इससे पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता शरद पवार ने पिछले हफ्ते अदाणी समूह के बचाव में जो बयान दिए थे, उससे भाजपा का विरोध कर रहे विपक्ष में घबराहट बढ़ गई। उनकी टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब सरकार और अदाणी के संबंधों की जांच के लिए एक संयुक्त संसदीय समिति बनाए जाने की मांग जोर पकड़ रही है जिसे सरकार ने खारिज भी कर दिया और इसी कारण से संसद ठप पड़ गई। पवार ने कहा कि यह मांग गलत थी, खासतौर पर तब जब



उच्चतम न्यायालय ने एक समिति गठित कर दी। उन्होंने यह भी कहा कि किसी कारोबारी घराने की गतिविधियों के आधार पर विपक्ष को एकजुट करने और सरकार के खिलाफ खड़ा करने की कोशिशों से विपक्ष की एकता स्थायी रूप से नहीं बन पाएगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष को एकजुट रखने की कोशिश विशेष योजना और निश्चित दिशा के साथ ही कामयाब हो पाएगी। श्री पवार ने कहा है कि विपक्षी एकता बहुत महत्त्वपूर्ण है, लेकिन मुद्दों पर स्पष्टता होनी चाहिए। आज विपक्षी दलों की अलग-अलग विचारधाराएं हैं और उनके सोचने का तरीका भी अलग है। हमारे जैसे लोग विपक्षी एकता चाहते हैं, लेकिन हमारा जोर विकास पर है। हमारे साथ अन्य लोग भी हैं जो विपक्षी एकता चाहते हैं, लेकिन इस वामपंथी सोच का अलग असर हो सकता है। विपक्षी एकता केवल विशिष्ट योजनाओं और दिशा के साथ ही कारगर हो पाएगी। अगर ऐसा नहीं होता है तब कोई भी विपक्षी एकता देश के लिए फायदेमंद नहीं होगी। कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश ने पवार की टिप्पणी के कुछ घंटे बाद एक बयान में कहा, राकांपा का अपना विचार हो सकता है लेकिन समान विचारधारा वाले 19 दल इस बात से सहमत हैं कि प्रधानमंत्री से जुड़े अदाणी समूह का मुद्दा वास्तविक तौर पर बेहद गंभीर है। उन्होंने कहा, राकांपा सहित पूरा विपक्ष, संविधान और हमारे लोकतंत्र को भाजपा के हमलों से बचाने और भाजपा के विभाजनकारी एवं विध्वंसक राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक एजेंडे को हराने के लिए एक साथ होगा। एक मायने में कांग्रेस इस विचार को देखते हुए अपनी दिशा पर विचार कर सकती है कि सांठगांठ के आरोपों के आधार पर सरकार पर हमला न तो स्थायी हो सकता है और न ही इतना प्रभावी होगा कि बाकी विपक्ष को एक मंच पर लाया जा सके। इसके लिए एक व्यापक योजना के आधार पर एकता बनाने की जरूरत है। 2024 के आम चुनावों से पहले व्यापक एकता के लिए एक मंच पर आने की एक और झलक तब मिली जब सभी विपक्षी दल, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के खिलाफ आवाज उठाते हुए उच्चतम न्यायालय गए। वहां भी शिकायत खारिज हो चुकी है। इस तरह के मुद्दे में बड़े पैमाने पर लामबंदी की गुंजाइश भी काफी हद तक सीमित है। विपक्षी खेमे को किसी एक मुद्दे पर एक साथ लाने की योजना के तहत ही तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने ऑल इंडिया फेडरेशन फॉर सोशल जस्टिस का गठन कर एक शुरूआत की। इसके लिए सभी विपक्षी दलों को भी आमंत्रित किया गया था और जाति आधारित जनगणना की मांग की गई थी जो अपने आप में ही इस बात को लेकर स्वीकृति थी कि सामाजिक पिछड़ेपन के आधार पर होने वाले भेदभाव से लड़ा जाना चाहिए और यह केवल जनगणना के आधार पर किया जा सकता है जिसमें जाति शामिल है। यह एक ऐसा मुद्दा है जिसने भाजपा को भी परेशान कर दिया है और विपक्षी नेताओं को लग रहा है कि यह मुद्दा सत्तारूढ़ पार्टी को और परेशान कर सकता है। स्टालिन की नजर मंडल जैसे संभावित आंदोलन पर है जो विशेष रूप से जाति-आधारित दलों को एक मंच पर ला सकता है। उधर आम आदमी पार्टी ने डिग्री दिखाओ अभियान चालू रखा है। यह एक ऐसा मुद्दा है, जो देश के पढ़े लिखे लोगों को प्रभावित कर सकता है। पार्टी के अलग अलग नेता अपनी डिग्री का सार्वजनिक प्रदर्शन कर भाजपा से मोदी की डिग्री सार्वजनिक करने की मांग जारी रखे हुए हैं। ऐसा तब हो रहा है जबकि इसी मुद्दे पर गुजरात उच्च न्यायालय ने अरविंद केजरीवाल पर जुमार्ना लगाया है। इसलिए विपक्ष को वैसा एक मुद्दा चाहिए जो सारे भाजपा विरोधी दलों को एक सूत्र में बांध सके। फिलहाल इसकी कमी साफ नजर आ रही है।

# समरसता के महानायक ज्योतिबा फुले



कारण जो भी रहें हो, महान क्रांतिकारी समाज सुधाकर, विचारक, लेखक, दार्शनिक, वंचितों और महिलाओं को शिक्षा और बराबरी का अधिकार दिलाने के लिए अभियान चलाने वाले ज्योतिबा फुले को उनके निधन से दो वर्ष पूर्व महात्मा की उपाधि देने के बावजूद कुछ खास वर्ग तक सीमित कर दिया गया। महाराष्ट्र के पुणे में 11 अप्रैल 1827 को जन्मे ज्योतिबा गोविन्दराव फुले ने तमाम कठिनाइयों के बावजूद पढ़ाई की और समाज को कुरीतियों को दूर करने का पाठ पढ़ाया। माली का काम करने वाले परिवार में जन्मे ज्योतिबा को पढ़ाई में अच्छा होने के बाद भी तथाकथित उच्च वर्ग के व्यवहार के कारण पढ़ाई छोड़नी पड़ी। पहले मराठी पढ़ने वाले ज्योतिबा ने शिक्षा का महत्व समझते हुए 21 वर्ष की आयु में अंग्रेजी में सातवीं कक्षा उत्तीर्ण की। 1940 में सावित्रीबाई से विवाह किया और महिलाओं को शिक्षित बनाने और बराबरी का अधिकार दिलाने के लिए महिला विद्यालय की स्थापना कराई। इस कार्य के लिए उन्होंने अपनी पत्नी को शिक्षित बनाकर देश की पहली महिला शिक्षिका बनाया। वंचितों के नायक और महिलाओं को सशक्त बनाने की प्रेरणा देने वाले महान क्रांतिकारी ज्योतिबा फुले ने किसानों और खेती के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए थे। इसके लिए उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत को चुनौती भी दी थी। ज्योतिबा फुले ने प्रेस की आजादी को लेकर भी अंग्रेजी सरकार को चुनौती दी थी। बाल विवाह का विरोध और विधवा विवाह के पुरजोर समर्थक महात्मा फुले ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने का बीड़ा उठाया था। इसी कारण भारत रत्न डा. भीमराव अम्बेडकर ज्योतिबा फुले को अपनी गुरू मानते थे।



**कैलाश विजयवर्गीय**
स्तंभकार

जब ज्योतिबा फुले ने वंचितों के उत्थान के लिए अभियान चलाया तो उस समय महाराष्ट्र सहित देश के कई विभिन्न इलाकों में जातिवाद, महिलाओं को शिक्षा दिलाने, बाल विवाह, विधवा विवाह और धार्मिक सुधार आंदोलन जारी थे। महाराष्ट्र में महादेव गोविंद रानाडे और आरजी भंडारकर ने स्त्री शिक्षा, बाल विवाह के विरोध और विधवा विवाह के लिए अभियान चलाया था। इसके लिए रानाडे ने पुणे सार्वजनिक सभा की स्थापना की। स्वामी दयानंद सरस्वती ने 1875 में आर्य समाज की स्थापना की थी। बंगाल में राजा राममोहन राय ने ब्रह्म समाज और केशवचंद सेन प्रार्थना समाज की स्थापना की। समाज में शूद्र और अति शूद्रों में जागृति के लिए ज्योतिबा फुले ने 24 सितंबर 1873 को सत्यशोधक समाज की स्थापना की थी। ज्योतिबा फुले अछूतोद्धार के प्रथम महानायक थे।

बहुआयामी प्रतिभा से सम्पन्न, सामाजिक न्याय के पुरोधा, सामाजिक समानता, महिला सशक्तीकरण और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले ज्योतिबा फुले ने आंदोलनों के माध्यम से आजादी की अलख जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। ब्राह्मणवाद को चुनौती देने वाले और विवाह में पुरोहित की भूमिका समाप्त करने का अभियान चलाने वाले ज्योतिबा फुले ने समाज के दबे-कुचले वर्ग के उत्थान के लिए आवाज ही नहीं उठाई बल्कि उसे साकार रूप दिया। कुछ राजनीतिक कारणों से देश की स्वतंत्रता से पहले और बाद में ज्योतिबा फुले के समाज को जगाने और बराबरी का अधिकार दिलाने के बावजूद एक वर्ग का ही नायक माना गया। ज्योतिबा फुले को राजनीतिक कारणों से एक वर्ग तक की सीमित रखा गया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने वंचितों को बराबरी के अधिकार हमेशा पक्षधर रहा है। संघ के संस्थापक पूज्यनीय डॉ. केशवराम बलिराम हेडगेवार के निमंत्रण पर डॉ. अम्बेडकर ने 1939 में संघ शिक्षा वर्ग में आकर स्वयंसेवकों के साथ भोजन किया था। डॉ अम्बेडकर ने संघ के कार्यों की प्रशंसा भी की थी। केंद्र में लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार और भाजपा शासित राज्यों में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के तहत सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। मोदीजी के नेतृत्व में पूरा देश महात्मा ज्योतिबा फुले के सम्पूर्ण समाज को बराबरी का अधिकार दिलाने के लिए समर्थन कर रहा है। केवल सत्ता के लिए दलितों के वोटों के लालच में समाज में कटुता फैलाने वाले दल आज मोदी सरकार के कार्यों के कारण हाशिये पर जा रहे हैं। समाज में कटुता फैलाने के प्रयासों के लिए जातिगणना कराई जा रही है। जातिवाद के नाम पर कुछ दलों ने अपने परिवारों का ही कल्याण किया है। ऐसे दलों को जनता ने नकार दिया है। महात्मा फुले ने जातिगत पूर्वाग्रह से मुक्ति के लिए जो अभियान चलाया था, उसे मोदी सरकार ने साकार किया गया है। वंचितों, महिलाओं, किसानों और युवाओं के कल्याण के लिए कार्य किए जा रहे हैं। सामाजिक समरसता के अगुवा महात्मा फुले को जयंती कोटिशः नमन।

**(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव हैं और सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक विषयों पर बेबाक टिप्पणी के लिए जाने जाते हैं।)**

# परमात्मा से सम्बन्ध

एक बार एक पंडित जी ने एक दुकानदार के पास पांच सौ रुपये रख दिए। उन्होंने सोचा कि जब मेरी बेटी की शादी होगी तो मैं ये पैसा ले लूंगा। कुछ सालों के बाद जब बेटी सयानी हो गई, तो पंडित जी उस दुकानदार के पास गए।

लेकिन दुकानदार ने नकार दिया और बोला- आपने कब मुझे पैसा दिया था?

बताइए! क्या मैंने कुछ लिखकर दिया है?

पंडित जी उस दुकानदार की इस हरकत से बहुत ही परेशान हो गए और बड़ी चिंता में डूब गए। फिर कुछ दिनों के बाद पंडित जी को याद आया, कि क्यों न राजा से इस बारे में शिकायत कर दूं ताकि वे कुछ फैसला कर देंगे और मेरा पैसा मेरी बेटी के विवाह के लिए मिल जाएगा।

फिर पंडित जी राजा के पास पहुंचे और अपनी फरियाद सुनाई।

राजा ने कहा- कल हमारी सवारी निकलेगी और तुम उस दुकानदार की दुकान के पास में ही खड़े रहना। दूसरे दिन राजा की सवारी निकली। सभी लोगों ने फूलमालाएं पहनाईं और किसी ने आरती उतारी।



पंडित जी उसी दुकान के पास खड़े थे। जैसे ही राजा ने पंडित जी को देखा, तो उसने उन्हें प्रणाम किया और कहा- गुरु जी! आप यहां कैसे? आप तो हमारे गुरु हैं।

आइए! इस बग्घी में बैठ जाइए। वो दुकानदार यह सब देख रहा था। उसने भी आरती उतारी और राजा की सवारी आगे बढ़ गई। थोड़ी दूर चलने के बाद राजा ने पंडित जी को बग्घी से नीचे उतार दिया और कहा- पंडित जी! हमने आपका काम कर दिया है। अब आगे आपका भाग्य। उधर वो दुकानदार यह सब देखकर हैरान था, कि पंडित जी की तो राजा से बहुत ही अच्छी सांठ-गांठ है। कहीं वे मेरा कबाड़ा ही न करा दें। दुकानदार ने तत्काल अपने मुनीम को पंडित जी को ढूंढ़कर लाने को कहा।


पंडित जी एक पेड़ के नीचे बैठकर कुछ विचार-विमर्श कर रहे थे। मुनीम जी बड़े ही आदर के साथ उन्हें अपने साथ ले आए।

दुकानदार ने आते ही पंडित जी को प्रणाम किया और बोला- पंडित जी! मैंने काफी मेहनत की और पुराने खातों को? देखा, तो पाया कि खाते में आपका पांच सौ रुपया जमा है। और पिछले दस सालों में ब्याज के बारह हजार रुपए भी हो गए हैं। पंडित जी! आपकी बेटी भी तो मेरी बेटी जैसी ही है। अतः एक हजार रुपये आप मेरी तरफ से ले जाइए, और उसे बेटी की शादी में लगा दीजिए। इस प्रकार उस दुकानदार ने पंडित जी को तेरह हजार पांच सौ रुपए देकर बड़े ही प्रेम के साथ विदा किया।

## नजरिया

# जैव-विविधता के लिए हाथियों व बाघों का संरक्षण जरूरी

भारत का राष्ट्रीय पशु(जानवर) बाघ है। समय के साथ मानवीय हस्तक्षेप के कारण बाघों पर भी खतरा मंडराया और यह बात हमें आंकड़ों से पता चलती है।



**सुनील कुमार महला**
स्तंभकार

एक समय था जब बाघों की तेजी से कम होती संख्या को लेकर चिंता जताई जाने लगी थी, लेकिन अब धीरे-धीरे इसमें प्रोजेक्ट टाइगर व अन्य बाघ संरक्षण कार्यक्रमों से इसमें कुछ सुधार आ रहा है। समय के साथ ही वन्य जीवों के शिकार के संबंध में कानून को भी सख्त बनाया गया है। बहरहाल, एक अनुमान के अनुसार, विश्व भर के बाघों ने अपने प्राकृतिक निवास स्थान का तकरीबन 93 प्रतिशत हिस्सा खो दिया है। यह बहुत ही गंभीर व संवेदनशील है कि इन निवास स्थानों(अधिवासों) को अधिकांशतः मानव गतिविधियों द्वारा नष्ट किया गया है। वनों और घास के मैदानों को कृषि जरूरतों के लिये परिवर्तित किया जा रहा है। बाघों से मानव को कथित खतरे को देखते हुए और मौद्रिक लाभ कमाने के उद्देश्य से बाघों का शिकार मानव द्वारा(पशु तस्करों, जानवर/गिरोह/माफिया) किया जाता है।वर्ष 2012 से वर्ष 2019 की अवधि के मध्य आंकड़ों पर गौर किया जाए तो पता चलता है कि देश में प्रतिवर्ष बाघों की औसतन मृत्यु दर लगभग 94 रही है।

**वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2019 में देश भर में बाघों की मृत्यु के 85 प्रत्यक्ष मामले सामने आए और 11 मामलों में मरने की पुष्टि उनके अंगों के मिलने के आधार पर की गई ।**

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2019 में देश भर में बाघों की मृत्यु के 85 प्रत्यक्ष मामले सामने आए और 11 मामलों में मरने की पुष्टि उनके अंगों के मिलने के आधार पर की गई, जबकि इससे पहले वर्ष 2018 के दौरान बाघों की मृत्यु के 100 मामले, वर्ष 2017 में 115 मामले और वर्ष 2016 में बाघों की मृत्यु के 122 मामले सामने आए थे। इसलिए खाद्य श्रृंखला, धरती के इको सिस्टम (पारिस्थितिकीय तंत्र),पर्यावरण को बनाए रखने(पर्यावरण संरक्षण), जैव-विविधता(बॉयो-डायवर्सिटी) के क्रम में बाघों के संरक्षण की आवश्यकता अति अहम् और महत्वपूर्ण है। बाघ वास्तव में, ताकत, फुतीर्लेपन और अपार शक्ति का प्रतीक है और शायद यही कारण भी है कि बाघ को भारत के राष?ट्रीय जानवर का दर्जा दिया गया है। जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 1969 में वन्यजीव बोर्ड ने शेर को राष्ट्रीय पशु घोषित किया था, लेकिन वर्ष 1973 में राष्ट्रीय पशु का दर्जा शेर को हटाकर बाघ को (राष्ट्रीय पशु बाघ) को बना दिया गया था।अप्रैल 1973 में ह्यबाघह्न को भारत का राष्ट्रीय पशु घोषित किया गया था और बाघों के संरक्षण के लिए वर्ष 1973 में ही 'बाघ परियोजना' को प्रारम्भ किया गया था। जानकारी देना चाहूंगा कि 1970 के दशक में भारत में 2,000 से भी कम बाघ शेष बचे थे। वर्ष 1973 में भारत सरकार ने बाघ को भारत का राष्ट्रीय पशु घोषित किया और प्रोजेक्ट टाइगर नाम से एक संरक्षण योजना शुरू की जिसके तहत बाघों के शिकार पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। पूरे भारत के 20 राज्यों में आयोजित 2018-19 की टाइगर जनगणना के अनुसार, 2968 बाघ भारत में रहते हैं। 29 जुलाई को पूरे विश्व में 'टाइगर डे'(बाघ दिवस) मनाया जाता है। बाघों पर आ रहे खतरों और समस्याओं के साथ ही बाघों के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है। निरंतर बदलते प्राकृतिक परिवेश, विभिन्न प्राकृतिक संसाधनों में निरंतर आ रही कमी, शहरीकरण, उधोग धंधों के अनवरत विकास व बढ़ती जनसंख्या के कारण जानवरों के अधिवासों में भी अभूतपूर्व कमी देखने को मिली है ।

## जानकारी

# हिमाचल



हिमाचल की खूबसूरत वादियों हिमाचल प्रदेश की खूबसूरती से तो सभी वाकिफ हैं। हिमाचल प्रदेश की गोद में कई अद्भुत, खूबसूरत और अनसुनी जगहें मौजूद हैं। यहां की खूबसूरती में पर्यटक आसानी से खो जाते हैं। हिमाचल प्रदेश की यह जगहें भारतीय सैलानियों को जन्नत का एहसास कराते हैं। इसीलिए हर साल हिमाचल की हसीन पहाड़ों में देश और विदेश के पर्यटक घूमने के लिए आते हैं। आज हम आपको इस आर्टिकल के जरिए कुछ ऐसी ही जगह के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर घूमने के बाद आपका मन तृप्त हो उठेगा। हिमाचल की हसीन वादियों में एक ऐसी जगह मौजूद है जो कांगड़ा से भी अधिक मनमोहक है।

जोगिंदर नगर में घूमने के लिहाज से बेहतरीन और मनमोहक जगह है। इस शहर में जोगिंदर वैली की खूबसूरती देख आप हैरान रह जाएंगे। छोटे-बड़े पहाड़ों के बीच से नदी बहती रहती है। इसके अलावा आपको यहां पर साइड-साइड पर घने जंगल और ऊंचे-ऊंचे पहाड़ देखने को मिलेंगे।

## साइबर दुनिया

# Samsung Galaxy F54 5G भारत में जल्द देगा दस्तक



**नई दिल्ली:** Samsung जल्द ही Samsung Galaxy F54 5G को अलग-अलग मार्केट्स में लॉन्च करने वाली है। हाल ही में भारत और बांग्लादेश में सैमसंग की रीजनल वेबसाइट्स पर Galaxy F54 5G के लिए सपोर्ट पेज देखा गया है। इसलिए ऐसा लग रहा है कि सैमसंग का आगामी फोन जल्द ही इन मार्केट में दस्तक दे सकता है। यहां हम आपको सैमसंग गैलेक्सी एफ54 5जी के फीचर्स और स्पेसिफिकेशंस के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।

भारत और बांग्लादेश की सैमसंग रीजनल वेबसाइट्स पर गैलेक्सी F54 5G के लिए सपोर्ट पेज देखा गया है। Samsung Galaxy F54 5G मॉडल नंबर SM-E546B/DS के साथ Samsung India और Samsung Bangladesh की वेबसाइट्स पर लिस्टेड है। इसी मॉडल नंबर के साथ डिवाइस मार्च में भारत की BIS अथॉरिटी के डाटाबेस में देखा गया था। Samsung Galaxy F54 5G के स्पेसिफिकेशंस का अभी खुलासा नहीं हुआ है। सैमसंग की एफ-सीरीज होने के नाते यह फोन ई-कॉमर्स साइट Flipkart से बेचा जा सकता है। अब जब यह Samsung की वेबसाइट पर नजर आया है तो ऐसे में संभावना है कि सैमसंग एफ54 इस महीने के शुरू में भारत और बांग्लादेश में एंट्री ले सकता है। हालांकि अभी तक फोन के स्पेसिफिकेशंस के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

**Samsung Galaxy F54 5G के अनुमानित स्पेसिफिकेशंस**

Samsung Galaxy F54 5G, Galaxy M54 5G का रीब्रांडेड वर्जन हो सकता है, जो मार्च में मिडिल ईस्ट में लॉन्च हुआ था। इसलिए, इसमें 6.7 इंच की FHD+ S-AMOLED डिस्प्ले के साथ आने की संभावना है जो कि 120Hz रिफ्रेश रेट का सपोर्ट करेगी। इसमें Exynos 1380 चिपसेट, 8GB RAM और 128GB/256GB स्टोरेज और 25W चार्जिंग के साथ 6,000mAh की बैटरी दी गई है।

## टॉप ट्वीट

"किबिथू में आईटीबीपी द्वारा शुरू की गई ढेर सारी योजनाओं के साथ 9 मिनी-सूक्ष्म पनबिजली परियोजनाओं का शुभारंभ किया है। उन्होंने महिलाओं के नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों द्वारा आयोजित एक प्रदर्शनी में भी भाग लिया है।"

**अमित शाह**
केंद्रीय गृहमंत्री





"एक अभिनेता के तौर पर मुझे किसी ने भी गंभीरता से नहीं लिया। मुझे पता था कि मुझमें पोटेंशियल और काबिलियत है, लेकिन किसी ने मुझे मौका नहीं दिया। मैंने ऐसा काम चुना था जो मेरे लिए काम नहीं करता था, इसलिए चीजें इसके एक दम अलग हो गईं। इसलिए मैंने इस पर काम करने की कोशिश की और एक अभिनेता के रूप में खुद पर काम करना शुरू किया।"

**बॉबी देओल**
बॉलिवुड अभिनेता

## संपादक के नाम पत्र

### शेरो की दहाड़ से दुनिया में भारत की बनी पहचान

विश्व गुरु बनने जा रहे भारत की हुंकार की परिकल्पना पूरा विश्व समुदाय कर रहा है ।दुनिया मे भारत की प्रसिद्धि बढ़ी है ।भारत दुनिया मे अव्वल देश बनता जा रहा है ।दरअसल,शेरो की दहाड़ पूरे विश्व की हैसियत बनती जा रही है ।विश्व की 75 प्रतिशत शेरो की आबादी भारत मे विधमान है ।मैसूर इंटरनेशनल बिग कैट्स अलायंस की शुरूआत मोदी के हाथों हुई ।पर्यावरण की दृष्टि से दुनिया मे बेहतर स्थिति भारत की है ।शेरो की दहाड़ सुनने पर्यटकों की बढ़ती रुचि से पर्यावरण विभाग के आय के स्त्रोत खड़े हुए है ।देश मे लगातार आंकड़ा बढ़ने से आज भारत के पास 3167 टाइगर्स की आबादी है ।जिसका 75 प्रतिशत दुनिया की आबादी में हिस्सा है ।मोदी ने पर्यावरण सुरक्षित रखने और डायवर्सिटी का विस्तार पर जोर देकर भारत का अपना दायित्व बताते हुए जी 20 अध्यक्षता के दौरान निरन्तर प्रोत्साहित करने का कार्य किया जा रहा है ।अमृतकाल के दौरान विजन डॉक्युमेंट पर पचास रुपए का सिक्का जारी करने की घोषणा की गई ।पर्यावरण के प्रति मोदी का लगाव और जंगली प्राणियों के संरक्षण के प्रयास को सरकार की सफलता बताई। ।मोदीने उन तमाम सात प्रजाति के सरंक्षण के लिए विशेष व्यवस्था का प्रावधान किया गया है ।कैरिंग कैपिसिटी के लिए सरकार की मंशा साफ है ।देश का विकास और अभ्यारण्य की देखरेख के चलते शेरो की आबादी बढ़ रही है ।भारत मे वन्यजीवों के प्रति संवेदना और प्राणियों के संरक्षण से पर्यावरण को नई दिशा और सरंक्षण की पूरी व्यवस्था पर केंद्र सरकार की सीधी नजर है ।इसके जरिये राज्य सरकार को भी निर्देश जारी किए है ।कुनो नेशनल पार्क में चार सुंदर शावकों के जन्म दिया है ।जिसका आयात अफ्रीका से मोदी सरंक्षण में किया गया था।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### पाक महीना रमजान में बच्चे भी रख रहे रोजा

**पीरटांड़** : पीरटांड़ प्रखड़ के चिरकी में इस पाक महीना रमजान में रोजा, नमाज, इबादत, जकात, सदका भी खूब करते है ।बड़े तो बड़े बच्चे भी इस नेक काम में अपना परचम लहरा रहे है। छोटे बच्चे इबादत कर रहे हैं। प्रखंड के चिरकी में रहने वाले मिराज आलम के 9 वर्षीय आनश मेराज ने भी इस बार रमजान के पाक महीना में रोजा रख रहा है।

## सिटी अपडेट्स >>

### प्रगतिशील मगही समाज की एक बैठक

**हजारीबाग:** प्रगतिशील मगही समाज की एक बैठक केंद्रीय संयुक्त सचिव प्रमोद मेहता जी के आवास पर संपन्न हुआ इस बैठक की अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ राजेंद्र राणा जी द्वारा किया गया और मंच संचालन केंद्रीय पंच शाखा सचिव देवकी प्रसाद ने किया बैठक का मुख्य उद्देश्य है आगामी 12 मई 2023 को पटना के गांधी मैदान में जन गोष्ठी आधारित समाज व्यवस्था की मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना के कार्यक्रम है इस धरना को सफल बनाने के लिए हजारीबाग में एक बैठक की गई बैठक को संबोधित करते हुए प्रगतिशील मगही समाज के केंद्रीय महासचिव रवि जी ने संबोधित करते हुए कहा कि जिला सचिव धनंजय जी के नेतृत्व में हजारीबाग से आप लोगों को जन गोष्ठी आधारित समाज व्यवस्था की आवाज बुलंद करने के लिए आप लोग मगध की पूर्व राजधानी पाटलिपुत्र की धरती से जन गोष्ठी आधारित समाज व्यवस्था के निर्माण का आवाज बुलंद करने के लिए अपील किए केंद्रीय युवा सचिव मनोज मेहता ने भी लोगों को संबोधित किए इस बैठक में हजारीबाग कोडरमा चतरा तीनों जिले के पदाधिकारी और कार्यकर्ता गण उपस्थित हुए महिला जिला सचिव नीतू आनंद संयुक्त सचिव कालेश्वर प्रसाद जी इत्यादि सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### मकोली मे संथाल हुल के महानायक सिद्धू कान्हु की जयंती मनायी गयी

**बेरमो** : सांसद आवासीय कार्यालय मकोली पर जयंती समारोह का आयोजन किया गया। सबसे पहले वीर योद्धाओं के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रध्दांजलि दी गई। केंद्रीय सचिव संतोष महतो ने कहा कि भारत में इस्ट इन्डिया कम्पनी के आने के बाद अंग्रेजो ने बंगाल से शुरू कर संथाल परगना मे अपना अधिपत्य जमाने लगे। महिलाओं के इजाजत से खिलवाड़, आदिवासियों का जमीन हड़पना, बेतहासा लगान वशुल कराना एवं शोषण जुल्म की अनन्त दास्तान झेलने पर मजबूर किया। केंद्रीय सदस्य सूरज महतो ने कहा जमिन्दार साहुकारों के द्वारा अंग्रेजी हुकुमत ने अपने खेल शुरू किया। सिद्धो कान्हु चान्द भैरव और फुलो झानो भाई बहनों ने अंग्रेजी हुकुमत को चुनौती देने का संकल्प लिया और पारम्परिक हथियारों से युद्ध की शुरूआत की। युवा नेता दीपक महतो ने कहा अंग्रेजो के छक्के छुड़ाने के लिए 50 हजार जन फौज बना कर अंग्रेजी हुकुमत को खदेड़ना शुरू किया था मगर अंग्रेजो ने गरीबो को दलाल बना कर गिरफ्तार कर हत्या कर दी थी। आज भी इस लडाई का कहानी संथाल परगना के साहेबगंज का भोगनाडीह गांव संथाल हुल का गवाह है। जिला उपाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि महेंद्र चौधरी ने कहा कि हम सिद्धू- कान्हु के जयंती पर खुशहाल झारखण्ड के सपनो को साकार करने के लिए आगे बढे। सांसद प्रतिनिधि नरेश महतो ने कहा संथाल हुल के नायकों से सबक लेकर नया झारखण्ड बनाने के लिए आन्दोलन का आगाज करे। सांसद प्रतिनिधि अशोक चौहान ने कहा कि हम लडाई का नेतृत्व कर सिद्धु कान्हु के आदर्श को स्थापित करने का संकल्प लें। नगर अध्यक्ष महेश देशमुख ने कहा कि संथाल हुल के महानायको के जयंती पर संकल्प ले कि झारखंडी सपना को साकार किया जाय।

---

**निर्देश** सभी आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए निष्पादन करने का दिया निर्देश

# उपायुक्त के समक्ष जनता दरबार में तीन दर्जन से अधिक मामले आए

- अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में
- जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में
- रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग तीन दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में, बरही के कटीयोन में सामुदायिक भवन निर्माण के संबंध में, जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में,पीएम आवास योजना में अनिमियतता के संबंध में, खतियानी जमीं हड़पने के संबंध में, भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार, मनरेगा, भूमि, म्यूटेशन, पेंशन, भूमि अधिग्रहण, आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए।

## अवैध कोयला लदा एक ट्रैक्टर और एक पिकअप वैन किया जप्त



राष्ट्रीय खबर

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड में इन दिनों लगातार अवैध कोयले का उत्खनन जोरों पर है साथ ही अवैध कोयला का उत्खनन कर बाहर भेजने की कार्य भी जारी है इसी को देखते हुए वन विभाग मैं बीती देर रात अवैध कोयला लदे अशोक लीलैंड पिकअप वाहन को कोले अधिसूचित वन क्षेत्र से छापामारी जप्त किया गया। इस संबंध में बड़कागांव वन विभाग ने उक्त वाहन मालिक नोज ठाकुर गांव निवासी आशीष चौबे पर मामला दर्ज की है। वही हाहे अधिसूचित वन क्षेत्र से आज दिनदहाड़े 10:00 बजे अवैध कोयला ले जाते एक महिंद्रा ट्रैक्टर को जप्त कर बड़कागांव वन विभाग के कार्यालय लाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर के मालिक का नाम हराम निवासी कल्लू मियां बताया जा रहा है। इस पर वन विभाग मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इधर 12 घंटे के अंदर दो कोयला गाड़ी पकड़े जाने पर अवैध कोयला कारोबार के बीच हड़कंप मचा हुआ है।छापामारी दल में मुख्य रूप से वनपाल रामचंद्र प्रसाद, चंदन कुमार सिंह ,अशोक महतो, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

लोग बाजारों में कर रहे है जमकर खरीदारी

## ईद को लेकर बाजारों की रौनक बढ़ी



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो/फुसरो :** मुसलमानों के सबसे बडे। त्योहार ईद-उल-फितर में 10 या 11 दिन ही बाकी हैं। ऐसे में घर-घर में ईद की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो चुकी हैं। बेरमो कोयलांचल क्षेत्र के फुसरो बाजार में ईद की रौनक नजर आ रही है। बाजार की अधिक दुकान पर ग्राहकों की भीड लगी नजर आ रही है। चीजों की कीमतों पर महंगाई की मार पड़ी है, लेकिन महंगाई पर आस्था भारी पड़ रही है। इसलिए बाजार में खरीदारों की भीड़ कम नहीं दिख रही है। ईद का त्योहार चांद देखने के बाद ही मनाया जाता है। इसलाम में ईद के त्योहार की बहुत अहमियत है, क्योंकि इस महीने में रोजे रखे जाते हैं। इसे बरकतों का महीना कहा गया है। इसलाम धर्म के मानने वालों का कहना है कि रमजान में जो एक रुपये खर्च करता है अल्लाह उसको 70 गुणा देता है। अधिक सवाब मिलने की वजह से माह रमजान में लोग खुलकर खर्च करते हैं। लोग अपने परिवार के लिये कपडे।, जूते, इतर आदि सामानों की खरीददारी कर रहे हैं। दुकानों पर महिलाओं की अच्छी-खासी भीड़ देखी जा सकती है। दुकानदारों का कहना भले ही महंगाई बढ़ी है लेकिन उसके बावजूद लोग जमकर ईद की खरीददारी कर रहे हैं।
दुकानदार मंजुर हुसैन उर्फ जीया, मो इलियास व मो फैजान का कहना है कि पिछली साल की अपेक्षा इस बार खरीददारी ज्यादा हो रही है। हालांकि महंगाई की वजह से लोग बच्चों और अपने लिये जरूरत के मुताबिक सामान खरीद रहे हैं। ईद की खरीदारी को लेकर अभी बाजार में चहल पहल और बढ़ेगी। वहीं दुकानदारो के चेहरे पर लंबे समय बाद रौनक लौटी है, और लोग भी बिना पाबंदी के ईद की खरीदारी करते नजर आ रहे है।

## एनटीपीसी कोयला खनन परियोजना द्वारा सिलाई प्रशिक्षण का केंद्रक का किया गया उद्घाटन



- सिलाई प्रशिक्षण देकर महिलाओं आत्मनिर्भर बन सकती है परियोजना प्रमुखः अनिमेष जैन

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग एनटीपीसी चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा परियोजना प्रभावित महिलाओं के लिए निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र चलाया जा रहा है। सोमवार को एनटीपीसी चट्टी बरियातु परियोजना द्वारा पगार में सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन किया गया। प्रशिक्षण केन्द्र में 30 महिलाओं के 2 बैच को तीन माह तक सिलाई प्रशिक्षण दिया जाएगा। जब एक महिला आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होती है तो वो बेहतर तरीके से अपने परिवार को पूर्णतः सहयोग कर पाती है। यहां ग्राम की महिलाओं को सिलाई-कढ़ाई सीखने के प्रति एक जुनून भी है। यह सिलाई-कढाई के प्रशिक्षण केन्द्र चट्टी बरियातु परियोजना के प्रमुख अनिमेष जैन के मार्गदर्शन में कार्यरत है। इस अभियान पर परियोजना प्रमुख जैन ने कहा की सिलाई-कढाई के प्रशिक्षण लेने के बाद महिलाएं व युवतियों के लिए यह प्रशिक्षण आय का साधन बन सकता है। साथ ही वे आत्मनिर्भर बन, सश्क्त भारत में अपना अहम योगदान भी दे सकेंगी। सिलाई-कढ़ाई रोजगार का महत्वपूर्ण साधन है। इस सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण से महिलाओं व युवतियों आगे चलकर अपने पैरों पर खड़ी हो सकती है। इस अवसर पर उपस्थित उप-महाप्रबंधक श्री अनिल गुप्ता ने बताया कि समय समय पर परियोजना द्वारा विभिन्न कार्यशालाएँ एवं प्रशिक्षण केन्द्र खोले जाएगें जिससे सीखने की इच्छा रखने वाली महिलाओं व युवतियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस उद्घाटन समारोह में चट्टी बरियातु परियोजना से सह-प्रबंधक अकेश पटेल एवं अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे।

## बड़कागांव के जंगलों में धधक रही है आग

- हजारों पेड़ पौधे व वन्य प्राणी हो रहे हैं शिकार

राष्ट्रीय खबर

**बड़कागांव :** बड़कागांव हजारीबाग जिला अंतर्गत बड़कागांव वन क्षेत्र के जंगलों में इन दिनों आग लगी हुई है। जिससे हजारों पेड़ पौधे वाह छोटे वन्य प्राणी जलकर नष्ट हो रहे हैं। हालांकि एक शिक्षक कुलेश्वर महतो इस आग को बुझाने के लिए 4 दिनों से लगे हुए हैं। लेकिन प्रखंड के दर्जनों जंगल में लगी आग को एक अकेला आदमी बुझा नही पा रहा है। बड़कागांव प्रखंड के चानो रिकवा, गरसुला, लुरँगा, जरजरा, पसरियां ,भुरकुंडवा, डुमारो, महुदी पहाड़, बथनियाँ, सुवर ठेलवा, अम्बापानी, गोंदलपुरा, जोराकाठ, जुगरा, आंख लगी हुई है। आग की लपटें इतनी तेज है कि 20 किलोमीटर दूर से ही जंगल में धधकते हुए आग दिखाई देते हैं। हर रोज धू-धू कर जंगल की कीमती पेड़-पौधे जलकर नष्ट हो रहे हैं। वहीं, पर्यावरण के लिए भी खतरा साबित हो रहा है। बड़कागांव वन क्षेत्र के महोदी पहाड़, बथानिया एवं बुढ़वा महादेव पहाड़ में आग लगने की सूचना वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बालेश्वर महतो ,शिक्षक कुलेश्वर महतो के द्वारा वन विभाग को दी गई है। परंतु इस पर कोई सक्रिय योगदान नहीं दिया। तब शिक्षक कुलेश्वर महतो एवं उसका विद्यार्थी अपने निजी खर्च से महोदी पहाड़ में लगी आग को बुझा रहें है। शिक्षक कुलेश्वर महतो ने बताया कि वन विभाग की ओर से केवल एक मशीन दिया गया है।

**तपन** चिलचिलाती धूप में स्कूल से घर जाने को मजबूर है बच्चे

# भीषण गर्मी में स्कूली बच्चे हो रहे हैं बीमार

- प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के द्वारा अधिकारियों को आवेदन के माध्यम से सूचित किया गया है
- कि स्कूल का समय सारणी बदलाव : जवाहर प्रसाद
- क्या कहना है सरकारी शिक्षक संघ के अध्यक्ष का



राष्ट्रीय खबर

**बड़कागांव :** बड़कागांव भीषण गर्मी में स्कूल की समय सारणी बदल जाने के कारण स्कूली बच्चों को चिलचिलाती धूप का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों एवं कॉलेजों का समय सारणी पूर्वाहन 6:45 से लेकर अपराहन 2 बजे तक की गई है।
हालांकि अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा झारखंड सरकार से स्कूल की समय सारणी 6:30 प्रातः से लेकर 11:30 पूर्वाहन तक बदलाव करने की मांग की गई है .लेकिन अभी तक समय सारणी में बदलाव नहीं हुई है। बड़कागांव प्रखंड में स्कूली बच्चे चिलचिलाती धूप में स्कूल से घर जाते है। इस कारण कई बच्चे बीमार हो जा रहे हैं। निजी क्लीनिकों में रोगियों की भीड़ देखी जा रही है।
मंगलवार को बड़कागांव में अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस रहा। बड़कागांव प्रखंड में सरकारी विद्यालय 130 जबकि गैर सरकारी विद्यालय 64 है। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष शिक्षक चेतलाल राम ने कहा कि पहले सरकार द्वारा दी गई समय सारणी 6:30 बजे से लेकर 11:30 बजे तक पूर्वाहन तक अच्छा था। लेकिन 6:45 से लेकर 2 बजे तक कर दी गई है। इससे बच्चों को परेशानी हो रही है। लू चलती धूप में बच्चों को घर जाने में दिक्कतें होती है।
उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। बच्चे बीमार पड़ जा रहे हैं इसकी देखरेख करने के लिए किस की जिम्मेवारी होनी चाहिए। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर प्रसाद का कहना है कि उच्च अधिकारी सह शिक्षक संघ द्वारा झारखंड के शिक्षा विभाग के सचिव को समय सारणी में बदलाव करने को लेकर आवेदन दी गई है। इस पर विचार हो रहा है।

---

## न्यूज फटाफट

### टैक्टर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत

**पीरटांड़** : पीरटांड़ प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र पलमा में रविवार की देर रात बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। मृतक की पहचान देवीला तभील किस्कू उम्र लगभग 26 वर्ष पिता मोहन किस्कू के रूप में हुई है। घटना के सम्बंध में हरलाडीह ओपी प्रभारी अजय सोय ने बताया कि बाइक पर सवार दो युवक देवीलाल किस्कू एवं संदीप किस्कू अपने घर से सामान खरीदने के लिये बाजार जा रहा था इसी बीच एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से देवीलाल की मौत घटना स्थल पर ही हो गई वही साथ मे दूसरे व्यक्ति को कोई चौट नही लगी है। ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है। घटना की सूचना पर हरलाडीह ओपी पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम हेतु सोमवार को गिरिडीह सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया। मृतक के परिजनों ने ओपी में मामला दर्ज करवा दिया है। बताते चलें कि पीरटांड़ में छोटे छोटे लड़के भी काफी रफ्तार में ट्रैक्टर चलाते हैं। इस प्रकार की घटना इसके पूर्व भी बालू लदे ट्रैक्टर से हो चुकी हैं। पीरटांड़ में अवैध बालू का उठाव थमने का नाम नही ले रहा है। पीरटांड़ के बराकर नदी के घाटों से लगातार बालू का अवैध खनन जारी है। रात के समय इन घाटों से कई ट्रैक्टर गाड़ियां बालू का उठाव कर धनबाद तक ऊंचे दामों में भेजा जाता है।

### देर रात हुए चाकूबाजी में तीन घायल, अस्पताल में इलाजरत



**हजारीबाग** : हजारीबाग बड़ाबाजार ओपी क्षेत्र के खीरगांव खान रोड में देर रात हुए चाकूबाजी में तीन युवक घायल हो गए है। आरोपी खिरगांव यासीन गली निवासी मो एजाज पिता मो0 उस्मान ने चापड़ चलाकर तीन लोगों को घायल कर दिया। घायलों का इलाज शेख बिहारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में किया जा रहा है। घायल युवकों में अंसारी रोड निवासी विक्की, मो राशिद एवं एक अन्य शामिल है। बताया गया है कि रविवार देर रात को मो एजाज द्वारा मुर्गा दुकान का गंदगी को फैला रहा था। इसी को लेकर तीनों युवकों ने उसे समझाने बुझाने के लिए उसके पास गए। इसी बात पर दोनों तरफ से एक दूसरे पर कहासुनी हुई। इसी पर मो एजाज ने मुर्गा काटने वाले चापड़ से वार कर दिया जिससे राशिद के गले और हाथ में गहरे चोट लग गए। उसे बचाने के क्रम में विक्की वह एक अन्य भी घायल हो गया। सभी को तुरंत शेख बिहारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्राथमिक इलाज के लिए भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज के बाद तीनों को खतरे से बाहर बताया है। इस संबंध में बड़ा बाजार ओपी प्रभारी घनश्याम कुमार ने बताया कि घटना की सूचना उन्हें प्राप्त है। अस्पताल से फर्द बयान आते ही मामला दर्ज कर दोषियों पर उचित कानूनी कार्रवाई करने की बात कही है।

### उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने वीर शहीद सिदो कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए



**हजरीबाग** : हजारीबाग हूल क्रांति के महानायक अमर वीर शहीद सिदो कान्हू के जयंती के अवसर पर उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे ने पीडब्ल्यूडी चौक पर अवस्थित शहीद सिदो कान्हू की प्रतीमा पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए एवं उनके बलिदानों को याद किया। 30 जून 1855 को सिदो कान्हू के नेतृत्व में मौजूदा साहेबगंज ज़िले के भोगनाडीह गाँव से अंग्रेजो के खिलाफ विद्रोह शुरू हुआ था। झारखंड के आदिवासियों ने अंग्रेजों के खिलाफ हथियार उठाया और सिदो कान्हू ने नारा दिया करो या मरो, अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो। माल्यार्पण कार्यक्रम के दौरान एनडीसी डेविड बलिहार, सदर सीओ राजेश कुमार, डीपीआरओ पंचानन उरांव ने भी अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### केंद्रीय कुशवाहा समाज कर्णपुरा क्षेत्र बड़कागांव का कमेटी भंग, 28 अप्रैल को होगी चुनाव



**बड़कागांव** : बड़कागांव केंद्रीय कुशवाहा समाज कर्णपुरा क्षेत्र बड़कागांव कमेटी 3 वर्ष का कार्यकाल पूरा हो जाने के बाद तत्कालीन अध्यक्ष सोहनलाल मेहता द्वारा कमेटी भंग करने की घोषणा कर दी गई है। यह घोषणा 9 अप्रैल को हरली विवाह मंडप की बैठक में की गई। बैठक में सर्वप्रथम तत्कालीन अध्यक्ष श्री मेहता द्वारा अपने कार्यकाल का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात कमेटी भंग करते हुए चुनाव आयोग के अध्यक्ष पूर्व मुखिया महेंद्र महतो को कार्यभार सौंपा गया। बैठक में ही चुनाव की तिथि 28 अप्रैल 2023 को निर्धारित की गई। बैठक में पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, जिला अध्यक्ष मुकुटधारी महतो, प्रदेश सचिव जयनारायण प्रसाद,सचिव सह जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, कोषाध्यक्ष सबूर महतो, महिला मोर्चा अध्यक्ष गिनी वर्मा, सचिव रेखा देवी, पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर बालेश्वर महतो, उमेश दांगी, मुखिया पारसनाथ प्रसाद, कविता देवी, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कुमार प्रसाद, पूर्व पंचायत समिति सदस्य बासमती देवी, पूर्व मुखिया फेकू महतो, श्रीकांत निराला, भीखन महतो, सुखदेव महतो, घनश्याम कुमार, झम्मन महतो, सुरेश महतो, भाजपा मंडल अध्यक्ष सह उपसचिव खेमलाल महतो, त्रिवेणी महतो, सिकंदर महतो, ज्ञानी महतो, धनेश्वर महतो, मनोज कुमार, ज्ञानी कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी तत्कालीन अध्यक्ष सोहनलाल मेहता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

### ज्योतिबा राव फुले की जयंती जेएम कॉलेज उरुका में मनाई गई

**इचाक** : इचाक जगरनाथ महतो इंटर महाविद्यालय उरूका इचाक में सामाजिक क्रांति के अग्रदूत, महान समाज सुधारक, विचारक ,वंचितों,शोषितों एवं महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु अपना जीवन समर्पित करने वाले, अंधविश्वास ,कुरीतियों, पाखंड के विरोधी तथा सत्यशोधक समाज के संस्थापक महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती सादे समारोह में मनाया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर बसंत कुमार तथा संचालन प्रोफेसर राजेंद्र यादव ने किया। कार्यक्रम में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय डाढ़ा से सेवा राम तथा संजय कुमार मिश्र, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय दलित विकास टोला मंगुरा से बीरू राम, करियातपुर से गणेश नारायण गुप्ता, शिक्षक प्रतिनिधि प्रोफेसर विजय कुमार दास ,प्रो राम प्रकाश मेहता,प्रो उमेश कुमार ,प्रो प्रदीप कुमार ,प्रोफेसर प्रेमचंद कुमार आदि शामिल हुए।

राष्ट्रीय खबर प्रदेश हमारी नजर
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

प्रदेश >> अपडेट

### प्रखंड आपूर्ति गोदाम का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**दुमका :** सदर प्रखण्ड परिसर स्थित आपूर्ति से संबंधित गोदाम का बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा ने सोमवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सहायक गोदाम प्रबंधक बलबीर तुरी अनुपस्थित पाये गए। सूचना देने पर सहायक गोदाम प्रबंधक बलबीर तुरी गोदाम पहूँचे । चीनी और नमक के उपलब्धता और वितरण के संबंध में पुछताछ किया गया । पुछताछ के क्रम में सहायक गोदाम प्रबंधक बलबीर तुरी द्वारा बताया गया कि वर्तमान में गोदाम में 580 क्विंटल चीनी उपलब्ध है। लेकिन आवंटन तैयार नहीं होने के कारण वितरण का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। गोदाम में चीनी पिछले तीन महीने से पड़ा हुआ है और आवंटन क्यों नहीं बना, इसके संबंध में सहायक गोदाम प्रबंधक के द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। इसके लिए सहायक गोदाम प्रबंधक बलबीर तुरी को स्पष्टीकरण किया गया है तथा अविलम्ब आवंटन तैयार कर जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं से आवंटन के अनुरूप राशि का ऑनलाईन जमा कराते हुए वितरण कार्य प्रारंभ करने का निदेश दिया गया।

सियासत > पूर्व डीजीपी केएस द्विवेदी अवर सेवा आयोग के अध्यक्ष

# दामाद और ससुर पर मेहरबानी की मुद्दा अब ब्यूरोक्रेसी की चर्चा में

- दामाद राजीव मिश्र बने हैं पटना के एसएसपी
- तबादले और पोस्टिंग के पीछे कुछ और खेल
- सुशासन सरकार के फैसलों की आलोचना जारी

दीपक नौरंगी



**पटनाः** बिहार में इन दिनों बड़े पैमाने पर आईएएस और आईपीएस अधिकारियों का तबादला हुआ है कहीं ना कहीं इन तबादले को लेकर भी राज्य सरकार इतनी सुर्खियों में नहीं हुई जितनी की एक दामाद और एक ससुर को लेकर हो रही है। कई महीनों पहले से चर्चा हो रही थी कि केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात आईपीएस राजीव मिश्रा को वापस बुलाया जा रहा है, उनको ही पटना का नया सीनियर एसपी बनाया जाएगा।

तीन से चार महीने से यह चर्चा बनी हुई थी क्योंकि दिसंबर महीने में ही पटना सीनियर एसपी मनजीत सिंह ढिल्लों साहब का प्रमोशन डीआईजी में हो गया था। पटना एसएसपी का डीआईजी में प्रमोशन होने के बाद भी राज्य सरकार ने मानव जीत सिंह ढिल्लों को पटना का एसएसपी बनाए रखा। पटना में वर्तमान एसएसपी राजीव मिश्रा है जो केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से सीबीआई से लौटे हैं और उनको ही पटना का सीनियर एसपी बनाए जाने की चर्चा तीन महीने पहले से चल रही थी। राजीव मिश्रा के ससुर के एस द्विवेदी बिहार के डीजीपी रह चुके हैं। इस बात की चर्चा होने लगी थी कि श्री द्विवेदी को भी नीतीश कुमार अपने पास रखेंगे।

यह चर्चा भी सच साबित हुई। के एस दिवेदी को ही बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्त कर दिया गया कई महीनों से हो रही चर्चा दामाद पटना के एसएसपी बनाए गए और ससुर को फिर एक महत्वपूर्ण पद राज्य सरकार की विशेष कृपा पर मिल गया क्या यह बिहार में नीतीश कुमार के सुशासन में तबादले और पोस्टिंग में जो हो रहा है जो सवाल उठ रहे हैं क्योंकि पोस्टिंग से कई महीने पहले हुई चर्चा जो अब सच साबित हुई आखिर यह सवाल तो उठेगा ही यह नीतीश कुमार के सुशासन में ससुर और दामाद पर इतनी मेहरबानी क्यों?

**इनसे ज्यादा ईमानदार कोई दूसरा सरकार को मिला ही नहीं**

पूर्व डीजीपी कृष्ण स्वरूप द्विवेदी इतने भाग्यशाली आईपीएस अधिकारी है कि जब भागलपुर में एसपी हुआ करते थे उनके कार्यकाल में संप्रदायिक माहौल बिगड़ा था। उस मामले में न्यायालय ने इनको निर्दोष मान लिया। बिहार में सुशासन की सरकार को इनसे ज्यादा इमानदार दूसरा पदाधिकारी नहीं मिला इसी कारण बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्त कर दिया गया।

बिहार 17 सालों के सुशासन में नीतीश कुमार के तबादले पोस्टिंग पर इतने सवाल नहीं उठे जितने सवाल हाल के दिनों में अधिकारियों की बदली पोस्टिंग को लेकर उठ रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मामले में गंभीरता पूर्वक उन्हें विचार करना चाहिए या कि जिन जिन पदाधिकारियों की पोस्टिंग कराई जा रही है क्या परदे के पीछे कोई बड़ा खेला तो नहीं है? क्योंकि जिनकी पोस्टिंग की चर्चा तीन महीने पहले से हो रही हो उक्त पदाधिकारी को उक्त स्थान पर पोस्टिंग कर देने के बाद सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठना लाजमी है।

## न्यूज फटाफट

### गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए अपने और अपने बच्चों का रखें विशेष ख्यालः उपायुक्त



**मेदिनीनगर (पलामू) :** पलामू जिले में तापमान में वृद्धि के कारण अत्यधिक गर्मी को देखते हुए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे ने स्कूलों की समय में बदलाव को लेकर निर्देश जारी किया है। जिले के सभी सरकारी, गैर सरकारी एवं सहायता प्राप्त विद्यालय के समय में बदलाव किया गया है। उपायुक्त के निदेर्शानुसार कक्षा 01 से लेकर कक्षा 05 तक की कक्षाएं सुबह 7:00 बजे से लेकर 12:00 बजे तक ही स्कूलों का संचालन किया जाएगा। बाकी शेष कक्षाएं पूर्व की भांति निर्धारित समय पर ही संचालित होगी। कक्षा 01 से लेकर कक्षा 05 तक संचालन की यह अवधि अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी।जिले में बढ़ती गर्मी को देखते हुए उपायुक्त श्री दोड्डे ने जिले वासियों से अपील की है कि वे इस मौसम में जरूरी सावधानी बरतें व गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए सुरक्षात्मक उपाय अपनाएं और खासकर बच्चों का विशेष ख्याल रखें। साथ ही यात्रा के दौरान अपने साथ बोतल में पानी जरूर साथ लेकर चलें और एक छतरी, टोपी या गमछा का इस्तेमाल अपने सिर,चेहरे को ढकने के लिए करे।

### गांजा तस्करी व पुलिस जवान से मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**रानेश्वर :** गांजा तस्करी करने व पुलिस जवान से मारपीट के आरोपी को जिले के रानेश्वर थाना पुलिस गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दी। गिरफ्तार आरोपी थाना क्षेत्र के नौरंगी गांव निवासी भोला यादव है। मामले को लेकर एसआई प्रभारी थानेदार राजन झा ने बताया कि नौरंगी गांव निवासी भोला यादव बाइक में रविवार को करीब 10 बजे सिउड़ी के ओर जा रहा था। चेकपोस्ट पर तैनात सहायक पुलिस बिश्वनाथ दुलुई, अनूप बाउरी एवं पंकज किस्कू ने बाइक को रोका एवं डिक्की जांच करवाने के लिए कहा। इतने में भोला यादव उग्र हो गया एवं पुलिस जवान से उलझ पुलिस जवान से मारपीट करते हुए वर्दी फाड़ कर मौके से फरार हो गया। बताया कि भोला यादव के बाइक के डिक्की से लगभग डेढ़ किलो गांजा बरामद पुलिस बरामद की है।

# बीडीएम ट्रेन बंद होने से हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के यात्रियों को परेशानी



राष्ट्रीय खबर


**हुसैनाबाद,पलामूः** डीडीयू रेल मंडल के बीडी रेल सेक्सन में लंबे समय से बरकाकाना - वाराणासी पैसेंजर ट्रेन का परिचालन बंद रहने से हुसैनाबाद, हैदरनगर,मोहम्मदगंज, नवाडीह समेत पलामू के आम यात्रियों को यात्रा में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उक्त ट्रेन को शीघ्र चालू करने की मांग को लेकर मंगलवार को एनसीपी नेताओं ने जपला स्टेशन प्रबंधक के मध्यम रेल मंडल प्रबंधक डीडीयू व रेल महाप्रबंधक हाजीपुर के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि बीडीएम ट्रेन बीडी रेल खंड की लाइफ लाइन ट्रेन है। कहा गया है कि बरकखाना वाराणसी ट्रेन इस रेल खंड की सबसे पुरानी ट्रेन है बावजूद इसके ट्रेन को लगातार कुछ न कुछ कारण बताकर रद्द कर दिया जा रहा है। लगातार मांग करने के बावजूद रेल प्रशासन इसे गंभीरता से नहीं ले रहा है। उन्होंने कहा कि बीडीएम ट्रेन को जनहित में अविलंब चालू नहीं किया गया तो आंदोलन चलाने पर बाध्य होना पड़ सकता है।

एनसीपी के जिला प्रवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने कहा कि इस ट्रेन को गत दो मार्च तक नन इंटर लॉकिंग कार्य को लेकर बंद किया गया था। जबकि पुनः इसे 25 अप्रैल से वाराणासी में यार्ड रिमॉडलिंग कार्य को लेकर 28 तक स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि रेल प्रशासन की जनविरोधी नीति से इस ट्रेन का लाभ झारखंड के लातेहार, पलामू व गढ़वा के अलावे बिहार के औरंगाबाद, रोहतास, कैमूर जिले के लोगों को भी नहीं मिल पा रहा है।

### एसपी कॉलेज के महिला छात्रावास में सिलेंडर लीक होने से आग लगी

**दुमका :** शहर के नगर थाना क्षेत्र के सोनुवाडंगाल मोहल्ले में स्थित एसपी कॉलेज के फूलों झानो महिला छात्रावास के एक कमरे में एलपीजी गैस सिलेंडर लीक होने से अचानक आग लग गई। एक सिलेंडर से दूसरे सिलेंडर में दो सिलेडर में आग तेजी से पकड़ ली। यह हादसा सोमवार को खाना बनाने के दौरान घटी। अचानक आग लगने से छात्राओं के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि छोटा गैस सिलेंडर होने के कारण किसी तरह आग पर काबू पा लिया गया। छात्राओं आग लगने के बाद रूम से बाहर निकल गई। छात्राएं आग लगने के कारण छात्राएं डरी और सहमी हुई थी। एक बड़ी अनहोनी घटित होने से बच गया। इसके पूर्व भी दुमका के गिधनी पहाड़ी स्थित एसटी महिला छात्रावास में गैस सिलेंडर पर खाना बनाने के दौरान आग लग गई थी।

# हड़ीयाही बटाने डैम का फाटक नहीं गिराने से हजारों एकड़ उपजाऊ भूमि बना बंजर,किसानों में मायूसी



राष्ट्रीय खबर

**हरिहरगंज / पलामू :** जिले के छतरपुर - हरिहरगंज की सीमा पर अवस्थित महत्वाकांक्षी बटाने जलाशय योजना ( हड़ियाही वृहद डैम ) का फाटक नही गिराने से इलाके का दो हजार एकड़ से अधिक उपजाऊ जमीन बंजर हो गई है। जिस कारण किसानों में मायूसी छाई हुई है। कई प्रगतिशील किसानों का कहना है कि इसका जिर्णोद्धार हो जाने और ऊपर उठे फाटक को नीचे गिरा देने पर दो हजार एकड़ से अधिक भूमि सिंचित होगी। साथ ही पुरा क्षेत्र सिंचाई के मामले में आत्म निर्भर हो सकता है। बता दें कि डैम का फाटक गिराकर खेतों तक पानी पहुंचाने का किसानों की चीर प्रतीक्षित मांग रही है किंतु यह मांग आज तक पूरी नहीं हुई। जिससे हजारों किसानों में मायूसी के साथ ही आक्रोश भी है। बता दें कि तीन दशक पहले विस्थापितों के द्वारा इस डैम का फाटक ऊपर उठाकर वेल्डिंग कर दिया गया है। जिस वजह से बटाने डैम का पानी सीधे नदी में बहकर बर्बाद हो जाता है। जिससे हर साल किसानों को सूखे की समस्या से जूझना पड़ता है। किसानों ने बताया कि इसे लेकर जल संसाधन विभाग के अधिकारियों और क्षेत्र के कई सांसद-विधायकों ने इस ओर कभी ध्यान नहीं दिया।

यह हर बार चुनावी मुद्दा भी बनता है। हर चुनावी माहौल से पहले नेताओं ने डैम का फाटक गिराकर किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने का भरोसा भी दिलाते रहे हैं। किंतु वह सिर्फ झूठा आश्वाशन ही साबित हुआ है। हर बार चुनाव खत्म बातें खतम। यही कारण है कि यह समस्या आज भी मुद्दा के रूप में बरकरार है। मालूम हो कि 80 के दशक में निर्मित इस डैम में जल संग्रह नहीं होने से किसानों को इसका लाभ नही मिल पा रहा है। कुछ लोग स्वार्थ में डैम के स्लूस गेट को उठाकर वेल्डिंग करा दिया हैं।

इससे डैम का पानी नदी में चला जाता है। विदित हो कि डैम में 6 स्लूस गेट हैं। इनमें 5 गेट बंद बताया जाता है। जानकारी के अनुसार मुआवजा की मांग को लेकर 2002 में विस्थापितो ने एक गेट को उठाकर वेल्डिंग करा दिया है। जिससे इलाके के किसानों को सिंचाई सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है। बहरहाल डैम का फाटक गिराकर खेतों तक पानी पहुंचाया जा सके इसे लेकर क्षेत्रीय विधायक व पलामू सांसद से प्रभावित किसानों को आज भी एसी उम्मीदें हैं।

# एक सप्ताह पहले दुमका में मिला कोरोना का एक मरीज

राष्ट्रीय खबर

**दुमकाः** सम्भावित कोरोना संक्रमण के मद्देनजर फूलों झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में तैयारी तेज हो गई है। तैयारी का जायजा लेने के लिए आईएएस प्रशिक्षु सन्नी राज के साथ डॉक्टरों की टीम ने अस्पताल के ऑक्सीजन प्लांट, बेड, ऑक्सीजन सिलिंडर सहित दवा और जांच किट की जानकारी ली। कंट्रोल रूम से लेकर वार्ड तक को तैयार किया जा रहा है। जिससे कोरोना के मामले आने पर तत्काल इलाज कर नियंत्रित किया जा सके। सिविल सर्जन बच्चा प्रसाद सिंह ने बताया कि एक सप्ताह पहले कोरोना के एक केस दुमका में पाया गया है। सरकार के निदेर्शानुसार तैयारी की जा रही है। इसके लिए सोमवार को मॉक ड्रिल भी किया गया। कोविड के मरीज आने पर अस्पताल में किस तरीके से फौरन उसका इलाज किया जाएगा। जिले के सभी प्रखंडो में भी मॉक ड्रिल किया जा रहा है। कोरोना केस से निपटने के लिए अस्पताल को तैयार किया जा रहा है। देश में कोरोना वायरस एक बार फिर तेजी से फैल रहे। मामले को देखते हुए मेडिकल कॉलेज की टीम को जिले में तैयार किया जा रहा है। फिलहाल जांच की सभी मशीन उपलब्ध है। ऐहतियात के तौर पर लोगों के लिए जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सिविल सर्जन ने लोगों से अपील किया है कि कोराना के लक्षण समझ में आये तो फौरन जांच कराये। इसके लिए दुमका जिला की मेडिकल टीम पूरी तरह तैयार है। आरडीडी इंचार्ज अजय कुमार सिंह ने बताया कि कोरोना मरीजों के लिए अलग से ओपीडी बनाया गया है। कोरोना लक्षण वाले मरीज जिसे सर्दी, खांसी और बुखार उसके ओपीडी में अलग से जांच की व्यवस्था है।

# हुसैनाबाद में बाबा चौहरमल की भव्य जयंती मनायी गयी



राष्ट्रीय खबर

**हुसैनाबाद, पलामू :** हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नम्बर चार गम्हरिया में वीर बाबा चौहरमल मंदिर परिसर में अपने पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति हुसैनाबाद अनुमण्डल इकाई के तत्वावधान में जयन्ती मनाया गया।दिन में विधिवत पूजा अर्चना के रात्री में दुगोला सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उदघाटन संयुक्त बिहार के पूर्व कैबिनेट मंत्री लक्ष्मन राम व अन्य विशिष्ट अतिथियों ने दिप्रज्वलित कर किया वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला परिषद सदस्य मदन पासवान व मंच संचालन लल्लू पासवान ने की मौके पर पूर्व मंत्री लक्ष्मण राम ने अपने समाज को शिक्षित व संगठीत करने पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि पासवान जाती को एक सूत्र में बंध कर समाज मे फैली समाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए समाज के नेतृत्व व प्रबुद्ध लोगों की जिम्मेदारी हैं।

इससे पूर्व में आयोजन समिती के द्वारा अपने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को मंचासीन कराया गया एवं सभी को पगड़ी बांध कर तलवार भेंट दिया गया।वहीँ बारी बारी से समाज के कई वरिष्ठ पद पर बैठे एवं विशिष्ट अतिथियों ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बाबा चौहरमल के गाथा पर प्रकाश डाला एवं उनके जीवन चित्रण को अनुश्रवण करने की बात कही। उसके बाद उत्तर प्रदेश बिहार की मशहूर दुगोला कलाकार निर्मला यादव एवं सिरजा पाण्डे ने दुगोला कार्यक्रम पेश किया जिसमें एक से बढ़कर एक गीत व संगीत के माध्यम से श्रोताओं को रात भर झूमने से मजबूर कर दी।

**कार्यक्रम में ये रहे विशिष्ट अतिथि**

पलामू जिला परिषद अध्यक्षा प्रतीमा कुमारी,पूर्व प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामनाथ श्रमिक ,वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पलामू प्रमंडल के अध्यक्ष सुनील पासवान, महासचिव रामजी पासवान, हुसैनाबाद प्रमुख राजकुमारी देवी,और नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अनुमण्डल के तीनों प्रखण्ड के वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने अपनी भूमिका निभाया।मौके पर सुनील पासवान रामनारायण पासवान, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सीएचसी,जामा में कोरोना को लेकर हुई मॉक ड्रिल



राष्ट्रीय खबर

**जामाः** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जामा में सोमवार को प्रशिक्षु आईएएस सन्नी राज के मौजूदगी में कोरोना संक्रमण की रोकथाम व तैयारियों को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन हुआ। इस दौरान सनी राज ने आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जांच के दौरान अगर कोविड संक्रमित मरीज का पता चलता है, तो उन्हें अलग एडमिट करने और इलाज शुरू कर दिया जाये। कहा कि मरीज की स्थिति गंभीर हो तो अविलंब रेफर करें। मॉक ड्रिल के क्रम में बताया गया कि अन्य देशों एवं अपने देश के महानगरों में कोरोना मरीजों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। इसलिए महामारी की खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य कर्मियों एवं चिकित्सकों के साथ मॉक ड्रिल किया गया और आगामी खतरे को भांपते हुए सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को संक्रमण की रोकथाम की तैयारी में लग जाने का निर्देश दिया गया। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शशिधर मिश्र, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अनूप कुमार साह समेत स्वास्थ्य कर्मी सुमित कुमार, संगीता कुमारी, सहिया रुक्मणि देवी आदि मौजूद थे।

आयोजन > उपायुक्त सह जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय में

# जनता दरबार का हुआ आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर (पलामू):** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को समाहरणालय स्तिथ अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में मनातू से आये बिनोद मोची ने स्थानीय कुछ लोगों पर उनके रैयती जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किये जाने को लेकर शिकायत किया इसपर उपायुक्त ने मनातू सीओ को फोन कर उचित कार्रवाई करने की बात कही साथ ही दोषियों पर एफआईआर दर्ज करने की भी बात कही। इसी तरह पांकी के ग्राम करार से आये खलील अंसारी ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 अंतर्गत योजना संख्याः24 के तहत उनके द्वारा कब्रिस्तान चाहर दिवारी की घेराबंदी करवाया गया है लेकिन तीन माह व आधा काम पूर्ण हो जाने के बाद भी कल्याण विभाग की ओर से अबतक किसी प्रकार का कोई भुगतान नहीं किया गया है अतः उन्होंने उपायुक्त से राशि भुगतान करवाने हेतु अनुरोध किया इसपर उपायुक्त ने ऑनस्पॉट कल्याण पदाधिकारी को बुलाकर उचित कार्रवाई करने की बात कही।

### युवाओं को चट्टानी एकता का एहसास दिलाती है सीसीएसः जयकांत

**हंसडीहा :** छात्र चेतना संगठन सरैयाहाट प्रखंड इकाई की बैठक सोमवार को सरैयाहाट प्रखंड स्थित सवार्धाम मंदिर के समीप वन परिसर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के वरिष्ठ कार्यकर्ता विकास यादव एवं मार्टिन मरांडी ने संयुक्त रूप से की।बैठक में मुख्य रूप से दर्जनों कार्यकताओं को संगठन से जोड़ा गया एवं आगामी कार्यक्रम की रणनीति को भी तैयार किया गया। संगठन से जुड़े नए सीसीएस योद्धाओं को संबोधित करते हुए पुर्व प्रखंड प्रमुख सरैयाहाट सह जिला कार्यसमिति सदस्य जयकांत यादव ने कहा कि छात्र चेतना संगठन एक ऐसा वटवृक्ष है। जहां से युवाओं को चरित्र, संस्कार, संस्कृति, सभ्यता, स्वाभिमान, स्वावलंबन, बौद्धिक विकास, नेतृत्व क्षमता वृद्धि की छांव मिलती रहती है।

# शहरी और ग्रामीण क्षेत्रो में औचक निरीक्षण व छापेमारी



राष्ट्रीय खबर

**मोहम्मदगंज,पलामूः** विद्युत विभाग उच्चाधिकारी के निदेर्शानुसार विद्युत कार्यपालक अभियंता रामगोपाल राम ने विद्युत अवर प्रमंडल जपला के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रो में औचक निरीक्षण व छापेमारी किया।निरीक्षण के दौरान कार्यपालक अभियंता श्री राम ने घरेलू उपभोक्ताओं से सरकार के द्वारा घोषित 100 यूनिट मुफ्त बिजली मिलने और मंथली बिजली विपत्र उपभोक्ताओं को मिलने से सम्बंधित जानकारी प्राप्त किये।उपभोक्ता के जबाब से कार्यपालक अभियंता श्री राम संतुष्ट नजर आए।श्री राम ने निरीक्षण के दौरान अवैध तरीके से बिजली का उपभोग करनेवाले के खिलाफ छापेमारी भी किया जिसमें जपला शहर स्थित सिटी मॉल के इलियास हुसैन,कुर्मी टोला सन्तन मुहल्ला के वंशीधर पांडेय,नीलम सिंह,बराही गांव के पंकज राजवंशी,संजय यादव को गलत तरीके से बिजली उपभोग करने में दोषी पाया। उक्त आरोपियों के विरुद्ध 67 हजार 5 सौ का अर्थदंड भी लगाया गया है।सभी आरोपियों के विरुद्ध सहायक अभियंता संजय कुमार हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। इस मौके पर छापेमारी दल में मानव दिवस कर्मी जितेन्द्र ठाकुर,कंप्यूटर ऑपरेटर अमित लाल सहित विद्युतकर्मी शामिल थे।

## शहर >> अपडेट

### ब्लू स्टोन के साथ तीन धराए

**कोडरमा** : कोडरमा थाना अंतर्गत बदडीहा के समीप ब्लू स्टोन के साथ तीन लोगों को कोडरमा पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों में अमित कुमार सिंह झुमरीतिलैया, राकेश कुमार सिंह ग्राम बरसोतियाबर, सुरेंद्र धोबी ग्राम पूर्णानगर के नाम शामिल हैं। कोडरमा पुलिस गिरफ्तार अभियुक्तों को वन विभाग के सुपुर्द कर दिया गया। वन विभाग के द्वारा वन अधिनियम के तहत कार्यवाई करते हुए अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया।

## सिटी अपडेट्स >>

### अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने हेतु सीओ ने किया निरीक्षण

**कुडू** : कुडू प्रखण्ड के बड़की चापी पंचायत स्थित सीद्धार्थ नगर में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर कुडू सीओ प्रवीण कुमार सिंह सोमवार 10 अप्रैल को सीद्धार्थ नगर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्थान का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों से कई विषय पर चर्चा की। सीओ श्री सिंह ने कहा कि यहां जल्द ही बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित होगी। मौके पर कुडू उप प्रमुख ऐनुल अंसारी, अंचल अमीन ,जेएमएम नेता संजू तुरी, बड़की चापि वार्ड नंबर 4 वार्ड सदस्य सुनीता देवी ,रमेश राम ,रामचंद्र राम, बिंदेश्वर राम सहित कई लोग उपस्थित थे।

### वर्षो से फरार वारंटी गिरफ्तार

**सतगावां** : पुलिस ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कई वर्षो से फरार तीन वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताया जाता है कि सतगावां थाना क्षेत्र के सिहास निवासी भगीरथ प्रसाद यादव पिता स्व बासो महतो कोर्ट केस संख्या 797/15, अंगार निवासी लखन मुसहर पिता शनिचर मुसहर कोर्ट केस संख्या जीआर 1145/12 वारंटी व बासोडीह निवासी अशोक चौधरी पिता दशरथ चौधरी एसटी 40/17 के वारंटी फरार थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### दीवार से गिरकर महिला हुई घायल

**कोडरमा** : मंगलवार को जिले के डोमचांच थाना अंतर्गत बेहराडीह में दीवाल से गिरकर एक महिला घायल हो गयी। घायल महिला की पहचान चंद्रकला देवी (उम्र 50, पति स्व प्रकाश मेहता, ग्राम बेहराडीह) के रूप मे हुई है। वह घर के पास एक दीवार चढ़कर कुछ काम करने के दौरान अचानक नीचे गिर जाने से घायल हो गयी। ग्रामीणों की मदद से 108 के सहयोग से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा इलाज चल रहा है।

### 12 ओर 13 अप्रैल को शिविर का किया गया आयोजन

**पेटरवार** : पेटरवाल प्रखंड के दारिद पंचायत अंतर्गत पंचायत सचिवालय में दो दिवसीय जमीन सत्यापन शिविर का आयोजन किया गया है। विशेष शिविर का आयोजन 12 ओर 13 अप्रैल को किया गया है। उक्त जानकारी पेटरवार के अंचल अधिकारी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने दी। अंचल अधिकारी ने बताया कि भारतमाला परियोजना के अंतर्गत फेज वन के तहत गोला से जैनामोड़ तक बनने वाली फोर लेन पथ निर्माण के लिए अधिग्रहित किये जा रहे भूमि का सत्यापन के लिए विशेष शिविर लगाया जा रहा है। उन्होंने संबंधित रैयतों से अपील करते हुए कहा कि उक्त विशेष कैम्प में अधिग्रहित किये जाने वाले जमीन का सत्यापन कराना सुनिश्चित करे।

### सिदो- कान्हू की मनाई गई जयंती

**पेटरवार** : पेटरवार गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो के पेटरवार स्थित आवासीय कार्यालय में मंगलवार को अंग्रेजों से लोहा लेने वाले झारखंड के बीर सपूत सिदो-कान्हू की जयंती मनाई गई। गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने सिदो- कान्हू की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।

---

**कार्यक्रम** झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय की स्टडी सेंटर वेरिफिकेशन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# बच्चों को पढ़ाई ऑनलाइन कराया जाएगा जिसका मुख्य केंद्र रांची होगा

- वर्तमान में 27 कोर्स पढ़ाये जा रहे आगे डिग्री कोर्स भी पढ़ाए जाएंगे
- सभी तथ्यों को सही और प्रामाणिक पाया

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़** : दिनांक 11 अप्रैल दिन मंगलवार काली भसान कृष्णा कॉलोनी, रॉयल रेसिडेंसी होटल में झारखंड राज्य खुला विश्व विद्यालय के स्टडी सेंटर के वेरिफिकेशन का कार्यक्रम किया गया। जिसमें झारखंड राज्य खुला विश्व विद्यालय के चीफ कॉर्डिनेटर डॉ उमेश कुमार तथा कोडिनेटर डॉ परमहंस प्रताप सिंह विजिटिंग ऑफिसर के तौर पर आये। साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा मिशन संस्था के सचिव सुमति कच्छप, कोडिनेटर धर्मेंद्र कुमार




सिंह तथा कार्यकर्ता मंजू प्रजापति आज के वेरिफिकेशन कार्यक्रम में उपस्थित हुए। वेरिफिकेशन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ उमेश कुमार ने सभी तथ्यों की जांच करते हुए पाकुड़ में झारखंड राज्य खुला विश्व विद्यालय के स्टडी सेंटर खोलने के लिए अपनी सहमति दी है।

उन्होंने कहा कि झारखंड में कई जिलों में स्टडी सेंटर खोले जा चुके है। आज पाकुड़ में स्टडी सेंटर खोलने के लिए वेरिफिकेशन का कार्यक्रम रखा गया था। जिसमे हमने सभी तथ्यों को सही और प्रामाणिक पाया। जिसकी रिपोर्टिंग कर दी जाएगी। इसके उपरांत पाकुड़ में झारखंड राज्य खुला विश्व विद्यालय का स्टडी सेंटर खोला जाएगा।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में 27 कोर्स पढ़ाये जा रहे है। आने वाले समयों में कई नए कोर्स भी जोड़े जाएंगे। व्यसायिक कोर्सों को भी जोड़ा जाएगा। आशा करते है कि ये कोर्स तीन से चार महीने में जोड़ दिए जाएंगे। कार्यक्रम में स्टडी सेंटर के कोडिनेटर धर्मेंद्र सिंह ने डॉ उमेश कुमार तथा डॉ परामहंस प्रताप सिंह को अंग वस्त्र पहना कर सम्मानित किया। वही स्टडी सेंटर के सबकोडिनेटर गुंजन साहा ने संस्था राष्ट्रीय सुरक्षा मिशन के धर्मेंद्र कुमार सिंह को अंग वस्त्र पहना कर सम्मानित किया। मौके पर विभिन्न कॉलेजों के छात्र एवं पत्रकार शामिल हुए।

## जोहार परियोजना के तहत मुर्गी चूजा का किया वितरण



राष्ट्रीय खबर

**महेशपुर (पाकुड़)**: प्रखंड अंतर्गत तीन गांव में मंगलवार को जेएसएलपीस के द्वारा जोहार परियोजना अंतर्गत महेशगढ़िया, पोचीबेडा एवं सुंदरपुर गांव में मुर्गी चुजा का वितरण किया गया। जिसमे सांसद प्रतिनिधि कुणाल अल्फ्रेड हेम्ब्रम, रीता कुमारी, बीपीएम आशीष रंजन, एफटीसी माणिक मंडल के द्वारा संजुक्त रूप से तीनों गांव में कूल 50 परिवारों के बीच प्रति परिवार 50 चूजा करके वितरण किया गया। सभी परिवार को 10 किलो करके दाना वितरण किया गया। सभी परिवारों में मुर्गी पालन हेतु दो फीडर, दो ड्रिंककर के अलावे जरूरी सामग्रियों का वितरण किया गया। जिससे सभी परिवार अपनी आजीविका जीविकोपार्जन के साथ-साथ योजना से लाभान्वित किया गया।

## खसरा और रुबेला को प्रभावी वैक्सीन से रोका जा सकता है: डीसी



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा**: मिजिल्स रुबेला से बचाव एवं रोकथाम को लेकर मंगलवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आदित्य रंजन व सिविल सर्जन ने मिजिल्स रुबेला से संबंधित मुख्य जानकारियां साझा किया। उन्होंने बताया कि खसरा और रूबेला दोनों ही वायरल रोग हैं। खसरा से बच्चों में निमोनिया या डायरिया जैसी बीमारियां होती है, वहीं रूबेला के कारण गर्भपात, मृत्यु और जन्मजात विकृति जैसे बिना आंख, कान, हाथ, पैर या बहरा हो सकता है। यदि सभी बच्चों (9 महीने से लेकर 15 वर्ष की आयु के बच्चे) को टीका, वैक्सीन दिया जाए तो हमारे समाज से खसरा और रूबेला वायरस समाप्त हो जाएगा। यह टीका एक अतिरिक्त खुराक है, यह 9 महीने से 15 वर्ष के आयु वर्ग के सभी बच्चों को दी जाएगी, भले ही सरकारी या निजी सुविधा से ली गई एमआर वैक्सीन की पिछली खुराक कितनी भी हो। बताया कि यह एक सुरक्षित टीका है, हमें नियमित टीकाकरण करने के पश्चात या उपयोग के दौरान कोई समस्या नहीं मिली है। बच्चों को खाली पेट टफ का टीका नहीं लेना है। कुछ खाकर लेना है। वैक्सीन लगने के पश्चात बच्चें को आधा घंटा वेटिंग एरिया में रहना पड़ेगा। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, डॉ मनोज कुमार, डीपीएम महेश कुमार, डीडीएम पवन कुमार उपस्थित रहे।

## लैम्पस पैक्स को सीएससी सेंटर के रूप में रजिस्ट्रेशन के लिए प्रशिक्षण



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़**: जिले में पंजीकृत प्राथमिक कृषि सहकारी समिति (पैक्स) और लार्ज एरिया मल्टीपर्पस सोसायटी (लैम्पस) के अध्यक्ष को कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) की ट्रेनिंग दी गई। प्रखंड कार्यालय स्थित आत्मा सभागार में मंगलवार को आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में बताया गया कि सभी पैक्स व लैम्पस प्रज्ञा केंद्र की भांति काम करेंगे। सरकार संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर सुलभ कराएगी।कार्यक्रम का उद्घाटन डीसीओ रामनाथ दास व डीजीएम एसएम आलम ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यशाला में जिले के सभी लैम्पस के सदस्य सचिव शामिल हुए। सभी को सीएससी प्रज्ञा केंद्र से संबंधित जानकारी दिया गया। बताया कि सभी लैम्पस को प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से जोड़ने का काम किया गया है। सभी सचिव अब पैसा का लेनदेन आसानी से करेंगे। कम्प्यूटर चलाने और कार्य से संबंधित जानकारी दिया गया। सभी पंचायतों के सदस्य सचिवों ने भाग लिया। साथ ही सभी लैम्प्स को सीएचसी से जोड़ने की बात कही गयी।लैम्पस पैक्स को सीएससी सेंटर के रूप में रजिस्ट्रेशन कराने की प्रक्रिया, सर्विसेज आदि की ट्रेनिंग दी गई। डीजीएम एसएम आलम ने बताया कि पैक्स व लैम्पस प्रज्ञा केंद्र के रूप में काम करेंगे। वहीं मौजूद ट्रेनर ने ग्रामीण ई-स्टोर से किसी प्रोडक्ट को सर्च करने एवं आर्डर करने एवं डिलिवरी की पूरी जानकारी दी। आधार आधारित भुगतान प्रणाली के तहत भुगतान करने की जानकारी दिया। मौके पर रोहीत कुमार, निखिल रंजन, सीएससी के जिला पदाधिकारी निखिल कुमार नागवंशी, शातोसील हेम्ब्रम, सजीत कुमार निराला के अलावे अन्य मौजूद थे।

## मीजल्स रूबेला वैक्सिनेशन को लेकर अभिभावकों के साथ बैठक



राष्ट्रीय खबर

**मरकच्चो**: प्रखंड के पंचायत देवीपुर स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय गुरहा में मीजल्स रूबेला वैक्सिनेशन को लेकर अभिभावकों के साथ विद्यालय परिसर में मंगलवार को एक बैठक किया गया। इस दौरान प्रधानांध्यापक विनय कुमार सिंह एवं एएनएम नंदनी कुमारी ने संयुक्त रूप से अभिभावकों को रुबेला के लक्षण, उससे बचाव के तरीके बताये। उनलोगों ने बताया कि रुबेला बच्चो के इम्यून सिस्टम को कमजोर कर देता है। इसलिए इसके बचाव के लिए वैक्सीनेशन जरूरी है। प्रधानाध्यापक ने आए सभी अभिभावको को समझाते हुए कहा कि 12 अप्रैल यानि बुधवार से विद्यालय परिसर में रुबेला का वैक्सिन दिया जायगा। अपने अपने 9 वर्ष से 15 वर्ष के बच्चो को वैक्सिन लेने के लिए प्रेरित करे तथा आस पड़ोस के लोगो को भी जागरूक करे। वही बैठक में सहायक शिक्षक छोटू साव, विष्णु साव, एएनएम रीता कुमारी, सहिया सोनमती देवी, स्वेता देवी, रेखा देवी समेत विद्यालय के बच्चो के अभिभावक मौजूद थे।

बरकत वाला महीना माह-ए-रमजान का अब तीसरा असरा आने को है और

## ईद की खुशियां घरों पर दे रही हैं दस्तक

राष्ट्रीय खबर

**मरकच्चो** : अल्लाह की रहमत व बरकत वाला महीना माह-ए-रमजान का अब तीसरा असरा आने को है। ईद की खुशियां घरों पर दस्तक देने ही वाली हैं। इस त्योहार को लेकर बाजार सजने लगे हैं। ईद में इस्तेमाल होने वाली सामग्री की दुकानें मौसमी कारोबारियों द्वारा सजाई जाने लगी हैं। इस कारण थोक व खुदरा कारोबार से जुड़े व्यापारियों की सक्रियता बढ़ गई है। स्थिति यह है कि मंडियों व थोक से खरीदारी कर अब खुदरा दुकानदार मोहल्लों में खुली दुकानों को सजाने लगे हैं। इन दिनों लच्छा व सेवई की मांग बढ़ गयी है। यूं तो रमजान माह आरंभ होते ही बाजारों में सेवई व लच्छे की



डिमांड बढ़ जाती है। इसे ईद का खास पकवान माना जाता है। ऐसे में सेवई व लच्छा का बाजार सजने लगा है। प्रखण्ड मुख्यालय मरकच्चो समेत प्रखण्ड के मुश्किम बहुल इलाकों में दर्जनों लक्षा व सेवई की दुकानें खुल गई है। कारोबारियों की मानें तो रमजान व ईद में प्रखण्ड में लगभग 50 लाख रुपये से अधिक का कारोबार होगा। इसमें महीन सेवई सादी 100 से 150 रुपये प्रति किलो, मोटी सेवई 90 से 100 रुपये प्रति किलो, सादी महीन सेवई 24 से 28 रुपये पैकेट प्रति 150 ग्राम, मोटी सेवई 12 से 15 रुपये प्रति 100 ग्राम के पैकेट में, लच्छा रिफाइंड 140 से 180 रुपये तक, लच्छा सेवई उत्तम 150 से 250 रुपये प्रति किलो, बंगाली लच्छा 180 से 220 रुपये प्रति किलो तक की दर पर बाजार में उपलब्ध है।

### विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**पेटरवार** : पेटरवार गोमिया विधायक ने पेटरवार प्रखंड अंतर्गत अरजुवा पंचायत आदिवासी बाहुल्य आम टांड गांव में मंगलवार को एक 63 केवीए विधुत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन नारियल फोड़ कर व फीता काटकर किया। विधायक ने बताया कि आदिवासियों की आबादी वाले क्षेत्र में एक 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया था ,जो कई दिनों से खराब था। जिसके कारण ग्रामीण अंधेरे में जीने को विवश हो गए थे। इस संबंध में आम टांड के लोगो ने मुलाकात कर एक नया ट्रांसफार्मर देने की मांग की थी जिसे पूरा करते हुए गांव वालो को 63 केवीए का एक नया विधुत ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया।मौके पर विधायक प्रतिनिधि सह विधायक की पत्नी कौशल्या देवी, सांसद प्रतिनिधि गोपाल महतो, विधायक प्रतिनिधि रतन महतो,महेंद्र कुमार, संजय कुमार, मो. मोइन सहित ग्रामीण ओर आजसू कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

## न्यूज फटाफट

### भाजपाइयों ने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का किया स्वागत



**पेटरवार** : पेटरवार आज दिन सोमवार को झारखंड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के अलारगो स्थित पैतृक आवास जाने के दौरान कुछ देर के लिए पेटरवार समाधान कार्यालय में रुके थे जहां भाजपा अध्यक्ष रवि शंकर जयसवाल के नेतृत्व में अंग वस्त्र बुके और माला पहनाकर भाजपा कार्यकताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मौके पर मुख्यरूप से भाजपा जिलाध्यक्ष भरत यादव, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष प्रहलाद महतो, जिला उपाध्यक्ष अनिल स्वर्णकार, सांसद प्रतिनिधि सुधीर कुमार सिन्हा, पूर्व जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष लक्ष्मण कुमार नायक, शांतिलाल जैन, पूर्व प्रखंड भाजपा अध्यक्ष असित कुमार बनर्जी, प्रदीप कुमार नायक, राजेश कुमार, मनोज शर्मा, मुकेश ओझा, राजेश प्रसाद ,सेवा गंझू, शिव शंकर सहाय, नागेश्वर सिंह, प्रेमलाल साव, लाल बहादुर शर्मा, जगु महतो, प्रीतम यादव सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

### शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना समिति का अच्छी पहल : डॉ. लंबोदर महतो



**पेटरवार** : पेटरवार ज्ञान विज्ञान समिति ने पांच जिलों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। ज्ञान विज्ञान समिति के तत्वावधान में चल रहे शिक्षा बचाव- देश बचाव जन जागरूकता जत्था का समापन समारोह सोमवार को पेटरवार बाजार टांड में समिति के जिलाध्यक्ष मुमताज अंसारी की अध्यक्षता में की गई। जन जागरूकता जत्था के समापन समारोह का उद्घाटन विधायक डॉ लंबोदर महतो व बुंडू मुखिया निहारिका सुकृति ने संयुक्तरूप से किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि कला जत्था के माध्यम से शिक्षा के प्रति लोगो को जागरूक करना समिति का अच्छी पहल है। कहा कि इस तरह के आयोजन से शिक्षा बचाव- देश बचाव जन जागरूकता जत्था लोगो को शिक्षा के प्रति जवाबदेही बढ़ेगी। कहा कि वर्तमान में जो शिक्षा की स्थिति है उसमें सुधार करने की जरूरत है जिस तरह केरल में सभी लोग शिक्षित है उसी तरह अपने राज्य में भी लोगों को शिक्षित करने की जरूरत है। तभी हमसभी शिक्षा और देश को बचा सकते है। विधायक ने इसके पूर्व सिद्धू कान्हू कला मंच के कलाकारों को अंग वस्त्र ओर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किए। कार्यक्रम को मुखिया निहारिका सुकृति, प्रो. डी सेन, डॉ हेमंत कुमार जायसवाल, डॉ दीपक कुमार, लेखक राधेश्याम मंगोलपुरी, सचिव भोलानाथ राम, पंकज कुमार सिन्हा, सुरेंद्र प्रसाद ठाकुर ने भी संबोधित करते हुए लोगो को शिक्षा के प्रति जागरूक किया।

### प्रखंड मुख्यालयों में किया गया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

**पेटरवार** : पेटरवार आज दिन सोमवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद सालखन मुर्मू के आह्वान पर आदिवासी सेंगेल अभियान की ओर से झारखण्ड के लगभग सभी प्रखंड मुख्यालयों में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया । इसी के तहत पेटरवार प्रखण्ड कार्यालय के समक्ष भी धरना प्रदर्शन किया गया। तत्प?ात प्रखंड विकास पदाधिकारी के मार्फत राज्यपाल झारखंड के नाम ज्ञापन दिया गया। धरना प्रदर्शन के माध्यम से आदिवासी सेंगेल अभियान के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण मुर्मू ने कहा कि आज झारखण्ड अलग हुए 22 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन अभी तक यहां की सरकारों ने झारखण्डी स्थानीयता निति नहीं बनाया है। कभी 1932 के नाम पर तो कभी 60/40 के नाम पर यहां के शिक्षित बेरोजगारों के साथ सिर्फ खिलवाड़ किया जा रहा है। लगता है पक्ष और विपक्ष किसी के पास भी स्थानीय निति का संविधान सम्मत कोई ठोस प्रारुप नहीं है। इसी लिए एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप कर सिर्फ नुराकुस्ति का खेल खेल रहे हैं।इसे निकट भविष्य में झारखण्डी शिक्षित बेरोजगार नवयुवकों को कोई लाभ मिलने वाला नहीं है। इसी लिए हम सरकार से मांग करते हैं कि झारखण्ड सरकार के पास जितनी भी सरकारी व गैर सरकारी क्लास थ्री एवं फोर्थ ग्रेड की नौकरियां है उसका 90% भाग ग्रामीण क्षेत्रों को एवं 10% भाग शहरी क्षेत्रों को प्रखंड वार आबादी के अनुपात में कोटा बना कर आवंटित किया जाए, और इसे सिर्फ संबंधित प्रखण्ड के आवेदकों से ही भरा जाए। इसमें खतियान की जरूरत भी नहीं पड़ेगी।

### कोडरमा : कोरोना की आहट को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क



**कोडरमा** : देश और दुनिया में एक बार फिर से कोरोना के दस्तक ने एक ओर जहां लोगों को चिंतित कर दिया है। वहीं जिला प्रशासन और स्वास्थ्य महकमा अभी से तैयारी में जुट गए है। उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देश के आलोक में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा सोमवार को कोरोना संक्रमण से निपटने के लिए की गई तैयारियों का मॉक ड्रिल डीसी की मौजूदगी में किया गया। कोडरमा सदर अस्पताल में आयोजित मॉक ड्रिल के तहत मरीज को लाने और तत्काल समुचित इलाज कैसे हो इस बात का जोर दिया गया। इसके तहत अस्पताल परिसर में एम्बुलेंस के जरिये कोरोना संक्रमित मरीज के पहुँचने से लेकर मरीज को डेडिकेटेड कोविड वार्ड में भर्ती करने से लेकर उसके ट्रीटमेंट का मॉक ड्रिल किया गया।

### झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा का अनिश्चितकालीन धरना शुरू



**कोडरमा** : समाहरणालय कोडरमा परिसर में झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा का अनिश्चितकालीन धरना सोमवार से शुरू हो गया। कार्यक्रम झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के बैनर के तहत आयोजित किया जा रहा है। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय कृष्ण और संचालन विरेन्द्र कुमार साव ने किया। सभा को संबोधित करते हुए सुरेश विश्वकर्मा, सुमन लाल मेहता, मुरली मोदी, हिमांशु कुमार, संजय कुमार राठौर, सुमा देवी, रामदेव प्रसाद बरनवाल, मुकेन्दर साव, श्याम लाल राय, नवीन कुमार, उमेश मोदी, गौतम कुमार, रविंद्र कुमार बसंत ने कहा कि कोडरमा जिला प्रशासन के द्वारा अभी तक अर्जुन साव के हत्या मामले में किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

## न्यूज फटाफट

### गिरोना ने बार्सिलोना को गोलरहित ड्रॉ पर रोका



**मैड्रिड :** बार्सिलोना कोपा डेल रे सेमीफाइनल में रियाल मैड्रिड के हाथों मिली शर्मनाक हार से अभी तक नहीं उबर पाया है और उसे स्पेनिश लीग फुटबाल टूनार्मेंट ला लीगा में गिरोना के साथ मैच गोलरहित ड्रा खेलना पड़ा। इस परिणाम के बावजूद बार्सिलोना ने दूसरे स्थान पर काबिज रियाल मैड्रिड पर अपनी बढ़त 13 अंक की कर दी है जबकि अभी 10 मैच बचे हुए हैं। रियाल मैड्रिड को शनिवार को विल्लारियाल ने 3-2 से हराया था। बार्सिलोना के अब 28 मैचों में 72 अंक हो गए हैं जबकि रियाल मैड्रिड के इतने ही मैचों में 59 अंक हैं। एटलेटिको मैड्रिड 57 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है ।बार्सिलोना पिछले सप्ताह कोपा कप के सेमीफाइनल में रियाल मैड्रिड से 4-0 से हार गया था। यह 1963 के बाद पहला अवसर था जबकि बार्सिलोना अपने घरेलू मैदान पर रियाल मैड्रिड से चार गोल के अंतर से हारा। उसे सोमवार को वापसी करने की उम्मीद थी लेकिन गिरोना की मजबूत रक्षा पंक्ति के सामने उसके अग्रिम पंक्ति के खिलाड़ियों की एक नहीं चली। बार्सिलोना ने इस सत्र में ला लीगा के जो 14 मैच अपने घरेलू मैदान पर खेले हैं उन्हें वह अभी तक अजेय रहा है।

### वीडा, सुपरजायंट्स के बीच हुई साझेदारी



नयी दिल्ली: दुनिया की सबसे बड़ी मोटरसाइकिल और स्कूटर विनिर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प के नये इलेक्ट्रिक वाहन ब्रांड वीडा ने लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) के साथ साझेदारी की घोषणा मंगलवार को की। एलएसजी के आधिकारिक इलेक्ट्रिक मोबिलिटी साझेदार के रूप में वीडा का लोगो इंडियन प्रीमियम लीग (आईपीएल) के 2023 सीजन के दौरान खिलाड़ियों के हेलमेट और टोपी पर प्रमुख रूप से दिखाई देगा। हीरो मोटोकॉर्प के इमर्जिंग मोबिलिटी व्यापार इकाई (ईएमबीयू) के प्रमुख डा. स्वदेश श्रीवास्तव ने कहा, ''लखनऊ सुपरजायंट्स के साथ भागीदारी कर हम बहुत खुश हैं, जिन्होंने आईपीएल के पिछले सीजन में अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। ठीक इसी तरह, वीडा ने भी अपने स्वामित्व और उपयोग में आसानी के साथ ग्राहकों को प्रभावित किया है। हम एलएसजी के लिये 2023 आईपीएल सीजन बेहतर रहने की कामना करते हैं और हम उनका हौंसला बढ़ाएंगे।'' आरपीएसजी स्पोर्ट्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कर्नल विनोद बिष्ट ने कहा, वीडा एक ऐसा ब्रांड है जो परिवर्तन और प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है। एक टीम के रूप में हमारी विचारधारा भविष्य के लिये एक बेहतर दुनिया बनाने के वीडा के मिशन के अनुरूप है। हमारी भागीदारी निश्चित रूप से मैदान पर और मैदान के बाहर बड़े पैमाने पर एक प्रभाव पैदा करेगी।''

### सोनी ने हासिल किये यूरो 2024, 2028 के प्रसारण अधिकार



**नयी दिल्ली:** भारत के अग्रणी खेल प्रसारणकर्ता सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने यूरोप में फुटबॉल के शासी निकाय यूनियन ऑफ यूरोपियन फुटबॉल एसोसिएशन (यूएफा) के साथ अपने सहयोग का विस्तार करते हुए यूरो 2024 और यूरो 2028 के प्रसारण अधिकार हासिल किये हैं। सोनी ने मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि इस सहयोग के अंतर्गत सोनी 2022 से 2028 तक निर्धारित सभी यूएफा राष्ट्रीय टीम प्रतियोगिताओं का प्रसारण करेगा। सोनी यूएफा यूरो 2024 और 2028 के साथ-साथ इसके यूरोपीय क्वालीफायर तथा दोस्ताना मैचों को भी प्रसारित करेगा।

**विजय**

लखनऊ सुपरजायंट्स के कप्तान केएल राहुल ने कहा है कि

# हम जहां थे वहां से जीतना अद्भुत था : कप्तान के एल राहुल

- विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए पावरप्ले में 37 रन पर तीन विकेट गंवा दिये थे
- आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर मेहमान टीम ने जीत हासिल कर ली

**एजेंसियां**




**बेंगलुरुः** लखनऊ सुपरजायंट्स के कप्तान केएल राहुल ने कहा है कि रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ सोमवार को बुरी तरह पिछड़ने के बाद एक रन की जीत हासिल करना अद्भुत अनुभव था। सुपरजायंट्स ने 213 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए पावरप्ले में 37 रन पर तीन विकेट गंवा दिये थे, लेकिन मार्कस स्टॉयनिस, निकोलस पूरन और आयुष बडोनी की आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर मेहमान टीम ने जीत हासिल कर ली। स्टॉइनिस ने जहां 30 गेंद पर 65 रन की पारी खेली, वहीं पूरन के 19 गेंद पर 62 रन का विस्फोटक योगदान दिया। इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद बडोनी ने 24 गेंद पर 30 रन की पारी खेलकर सुपरजायंट्स को जीत की दहलीज़ पर पहुंचा दिया। राहुल ने मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि टी20 में बल्लेबाजी की सबसे महत्वपूर्ण स्थिति है नंबर पांच, छह और सात है। यही वह जगह है जहां रोमांचक मैच जीते जाते हैं। आपका शीर्ष क्रम इस तरह के एक बड़े टूर्नामेंट में बड़े रन जुटायेगा लेकिन निचला क्रम आपको मैच जिताता है। उन्होंने कहा, इसलिए हमने पूरन, स्टॉइनिस और आयुष को मौका दिया।

आयुष एक युवा खिलाड़ी है जो खेल को खत्म करने और अंत में रहने की कला जनता है। उसने पिछले सीजन में कई बार ऐसा किया है और इस सीजन में भी वह उस भूमिका में आगे बढ़ रहा है। मैं उसके विकास को लेकर उत्साहित हूं। यह हमारी टीम को अंतिम ओवरों में मजबूती देगा। इस रोमांचक मैच का फैसला आखिरी गेंद तक नहीं हो सका था। बडोनी के आउट होने के बाद सुपरजायंट्स को आखिरी ओवर में तीन विकेट के साथ पांच रन की जरूरत थी। हर्षल पटेल ने शुरुआती पांच गेंदों पर चार रन देने के साथ मार्क वुड और जयदेव उनादकट को आउट कर दिया। स्कोर टाई होने के बाद हर्षल पटेल आखिरी गेंद फेंकने के लिये दौड़े और नॉन-स्ट्राइकर रवि बिश्नोई को रनआउट करने की कोशिश की, लेकिन वह स्टंप्स पर गेंद नहीं मार सके। अंततः जब हर्षल ने आखिरी गेंद फेंकी तो 11वें नंबर के बल्लेबाज आवेश खान उसपर बल्ला न लगने के बावजूद रन लेने के लिये दौड़ पड़े। विकेटकीपर दिनेश कार्तिक गेंद को नहीं पकड़ सके और आवेश ने रन पूरा कर लिया। राहुल ने इस जीत पर कहा, अविश्वसनीय! यह चिन्नास्वामी है। मैं यहां बड़ा हुआ हूं, मुझे पता है कि यह देश का एकमात्र मैदान है जहां मैच अक्सर आखिरी गेंद पर खत्म होते हैं। हम जिस स्थिति में थे वहां से जीतना रोमांचक है।

जड़ा आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे तेज अर्धशतक, मचाई तबाही

## निकोलस पूरन ने रचा कीर्तिमान

**एजेंसियां**



**बेंगलुरु :** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ आईपीएल 2023 के 15वें मैच में लखनऊ सुपरजाइंट्स के निकोलस पूरन ने तूफानी बल्लेबाजी से सनसनी मचा दी और बैंगलोर के गेंदबाजों के छक्के छुड़ा दिए। बेहद रोमांचक मुकाबले में अंतिम गेंद पर एक विकेट से जीत हासिल की है। इस मुकाबले के के सूपर हीरो रहे निकोलस पूरन जिन्होंने आईपीएल के इतिहास का दूसरा सर्वाधिक तेज अर्धशतक जड़ा है।निकोलस ने आरसीबी के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दी और सिर्फ 15 गेंदों में अर्धशतक जड़ दिया। बता दें कि इस सीजन में ये सबसे तेज लगाया गया दूसरा अर्धशतक है। इसके साथ ही पूरन ने महज 19 गेंद में सात चौके और चार छक्कों की मदद से 62 रनों की पारी खेली। निकोलस से पहले अजिंक्य रहाणे ने 19 गेंदों में अर्धशतक जड़ा था जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स के शार्दुल ठाकुर ने 20 गेंदों में 50 रन बनाए थे।

बता दें कि निकोलस पूरन छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे थे जब लखनऊ की टीम का स्कोर 105 रन था और टीम काफी मुश्किल में लग रही थी। क्रीज पर पहुंचने के साथ ही पूरन ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की उससे मैच पूरी तरह से लखनऊ के पक्ष में आ गया था। निकोलस ने लखनऊ की टीम के खाते में मैच डाला दिया मगर वो इस दौरान 16वें ओवर की अंतिम गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे।

## धीमी ओवर गति के लिये डु प्लेसिस पर लगा जुर्माना

**एजेंसियां**



**बेंगलुरुः** लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ खेले गये इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में धीमी ओवर गति बनाये रखने के लिये रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के कप्तान फाफ डु प्लेसिस पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। आईपीएल की एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर पर सोमवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु में लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के 15वें मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाये रखने के लिये जुर्माना लगाया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया, चूंकि आईपीएल की आचार संहिता के तहत यह इस सीजन में न्यूनतम ओवर-रेट से संबंधित टीम का पहला अपराध है, कप्तान फाफ डु प्लेसिस पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। सुपरजायंट्स ने सोमवार को खेले गये मुकाबले में आरसीबी पर एक विकेट की जीत दर्ज की। सुपरजायंट्स के 11वें नंबर के बल्लेबाज आवेश खान ने उत्साह में जीत का जश्न मनाते हुए अपना हेलमेट ज़मीन पर दे मारा, जिसके लिये मैच रेफरी ने उन्हें भी फटकार लगायी। आवेश के ऊपर हालांकि कोई आर्थिक जुर्माना नहीं लगाया गया। ''लखनऊ सुपरजायंट्स के आवेश खान को आचार संहिता के उल्लंघन के लिये फटकार लगाई गयी है।

## सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान का ट्रेलर रिलीज



**एजेंसियां**

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की आने वाली फिलम ह्यकिसी का भाई किसी की जानह्ल का ट्रेलर रिलीज हो गया है। सलमान खान इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' को लेकर चर्चा में हैं।'किसी का भाई किसी की जान' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर की शुरुआत होती है सलमान खान के साथ, जो बताते हैं कि उनका कोई नाम नहीं है, लोग उन्हें भाईजान के नाम से जानते हैं। भाईजान की जिंदगी में आती हैं पूजा हेगड़े, जो धीरे-धीरे उनके प्यार में कैद हो रही है। पूजा, भाईजान को अपने भाई वेंकटेश से मिलवाती हैं, जो हिंसा पसंद नहीं करता, लेकिन वेंकटेश की जिंदगी में एक विलेन है, जो उन्हें और उनके परिवार को खत्म करने की कोशिश में लगा है।

ऐसे में भाईजान ही अपनी लेडीलव और उसके परिवार को बचाते दिखेंगे। गौरतलब है कि फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' का निर्देशन फरहाद सामजी ने किया है। वहीं, इस फिल्म को सलमान खान ने खुद प्रोड्यूस किया है। फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' में सलमान खान के अलावा पूजा हेगड़े, दग्गुबाती वेंकटेश, शहनाज गिल, सिद्धार्थ निगम, राघव जुयाल और पलक तिवारी भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। यह फिल्म 21 अप्रैल, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## टी-सीरीज प्रस्तुत नेहा कक्कड़ और सिहस्टा का नया गया मसला रिलीज़

**एजेंसियां**

**मंबईः** टी-सीरीज प्रस्तुत नेहा कक्कड़ और सिहस्टा का नया गया मसला रिलीज़ हो गया है। भूषण कुमार द्वारा निर्मित, सिहस्टा द्वारा रचित और लिखित ह्यमसलाह्ल आदिल शेख द्वारा निर्देशित है। यह गाना एक क्लब के वाइब्रेंट बैकड्रॉप में सेट किया गया है जहां नेहा कक्कड़ और सिहस्टा डांस फेस ऑफ करते हुए नज़र आते हैं। नेहा कक्कड़ ने कहा, 'मसला' एक ऐसा मजेदार पार्टी सॉन्ग है, सिहस्टा और मैंने बहुत ही बिंदास तरीके से इस गाने पर डांस किया है। इसमें ढ़ेर सारा डांस, ढ़ेर सारी मस्ती, ढ़ेर सारा एटिट्यूड है और इस ट्रैक की शूटिंग में हमें बहुत मजा आया।'' सिहस्टा ने कहा, ''मैं नेहा के साथ काम करके बहुत खुश हूं, जो इस पूरी प्रक्रिया में बेहद सहायक और उत्साहजनक रही हैं। उनके साथ ह्यमस्लाह्ल में सहयोग करना अद्भुत था और मुझे उम्मीद है कि दर्शक इस ट्रैक को ज़रूर पसंद करेंगे।'' निर्देशक आदिल शेख ने कहा, ''नेहा के साथ शूटिंग करने का अनुभव हमेशा से मजेदार रहा है और सिहस्टा तो और भी मजेदार था। नेहा न केवल एक शानदार गायिका हैं बल्कि एक बेहतरीन डांसर भी हैं और यह हम सभी म्यूजिक वीडियो में देख सकते हैं। मुझे यकीन है कि दर्शक इसका लुत्फ उठाएंगे।''



## अभिनेता के तौर पर मुझे गंभीरता के साथ नहीं लिया गया : बॉबी देओल

**एजेंसियां**



**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल का कहना है कि उन्हें अभिनेता के तौर पर गंभीरता के साथ नहीं लिया गया है। बॉबी देओल ने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 1995 में प्रदर्शित फिल्म बरसात से की थी। बॉबी देओल को फिल्म इंडस्ट्री में आये हुये तीन दशक हो गये हैं। बॉबी देओल का कहना है कि उन्हें बतौर अभिनेता गंभीरता के साथ नहीं लिया गया है। बॉबी देओल ने कहा, ''एक अभिनेता के तौर पर मुझे किसी ने भी गंभीरता से नहीं लिया। मुझे पता था कि मुझमें पोटेंशियल और काबिलियत है, लेकिन किसी ने मुझे मौका नहीं दिया। मैंने ऐसा काम चुना था जो मेरे लिए काम नहीं करता था, इसलिए चीजें इसके एक दम अलग हो गईं। इसलिए मैंने इस पर काम करने की कोशिश की और एक अभिनेता के रूप में खुद पर काम करना शुरू किया।'' बॉबी देओल ने कहा,'' ऐसे कई पल आए हैं, जब मुझे यह एहसास हुआ कि स्टारडम लंबे समय नहीं रहता है। स्टारडम ज्यादा नहीं टिकता है। एक टाइम ऐसा आता है कि जब हर कोई आपको चाहता है और एक समय ऐसा भी आता है, जब आपको कोई भी नहीं चाहता है। मैं इन हालातों से गुजरा हूं, मैं हार गया था, लेकिन मैं वापस से खड़ा हुआ मैंने वापस से लड़ाई लड़ी और मुझे एहसास हुआ कि मुझे उन्हें यह साबित करना है कि उन्हें मेरी जरूरत है।''

## विराट ने शेयर की बेटी के साथ तस्वीर, अनुष्का ने किया क्लिक

**एजेंसियां**



मुंबईः अनुष्का शर्मा और विराट कोहली इस समय आईपीएल 2023 के मैचों के लिए बेंगलुरु में हैं। 11 अप्रैल को भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान ने प्रशंसकों के साथ बेटी वामिका के साथ अपने पूल सेशन की एक अद्भुत तस्वीर साझा की। तस्वीर जो अनुष्का द्वारा क्लिक की गई लग रही थी, में पापा-बेटी की जोड़ी को पूल में चिल करते हुए और आराम करते हुए दिखाया गया था। विराट ने इंस्टाग्राम पर एक मनमोहक तस्वीर साझा की, जहां उन्हें अपनी नन्ही वामिका के साथ पूल सेशन का आनंद लेते हुए देखा जा सकता है, उन्होंने दिल के आकार के इमोटिकॉन के साथ तस्वीर को कैप्शन दिया। अनुष्का शर्मा ने कई सालों तक डेटिंग करने के बाद 2017 में क्रिकेटर विराट कोहली से इटली में एक अंतरंग समारोह में शादी की। उन्होंने जनवरी 2021 में अपनी बेटी वामिका का स्वागत किया। प्रशंसकों ने तुरंत प्यारी तस्वीर के नीचे टिप्पणी की और दोनों को 'राजा और राजकुमारी' कहा। प्रशंसकों में से एक ने टिप्पणी की, 'राजा और छोटी राजकुमारी', जबकि दूसरे ने लिखा, 'राजकुमारी वामी आपको यह भी पता नहीं है कि आपके पिता कौन हैं। वह क्रिकेट के शासक हैं।

## प्रदेश >> अपडेट

### दो बाईकों की भिड़ंत में प्रोफेसर की मौत

**अलवर :** राजस्थान में अलवर जिले के मालाखेड़ा के निकट मालीवास गांव में दो बाईकों की भिड़ंत में सरकारी कॉलेज में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर सुखलाल यादव की मौत हो गई। मृतक प्रोफेसर सुखलाल के परिचित संजय चौधरी ने बताया कि सुखलाल यादव पावटा जयपुर के निकट ठीकरिया गांव के रहने वाले हैं। जो पहले बाबू शोभाराम राजकीय कला कॉलेज में लेक्चरर थे।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### मंत्रिपरिषद् ने किया ज्योतिबा फुले को नमन

**भोपाल :** मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद् की बैठक में आज महात्मा ज्योतिबा फुले को नमन किया गया। बैठक के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले की आज जयंती है। स्त्री शिक्षा, दलित उत्थान तथा समाज सुधार की दिशा में महात्मा ज्योतिबा फुले द्वारा किए गए अभिनंदनीय प्रयासों के लिए मंत्री परिषद, महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले को श्रद्धा सहित नमन करती है।

### कोविड संक्रमित मामले 37 हजार से ज्यादा

**नयी दिल्ली:** देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड संक्रमण के साढ़े पांच हजार से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं और इसके साथ ही संक्रमित व्यक्तियों की कुल संख्या 37 हजार से अधिक हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि देश में पिछले 24 घंटे के दौरान 5676 नये लोग कोविड संक्रमित हुए हैं। इसके साथ ही कोविड संक्रमितों की संख्या 37093 हो गयी है और संक्रमण दर 2.88 प्रतिशत दर्ज की गई है। मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटे में 3761 व्यक्ति कोविड संक्रमण से उबर गए हैं। स्वस्थ होने की दर 98.73 प्रतिशत है। इसी अवधि में 196796 कोविड संक्रमण परीक्षण किए गए हैं।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### शीघ्रलिपिक के 123 नवीन पद सृजित

**जयपुर :** राजस्थान सचिवालय निजी संवर्ग में शीघ्रलिपिक के 123 नवीन पद सृजित किए गए हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पदों के सृजन संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दी है। गहलोत ने शीघ्रलिपिक के कुल 164 पदों पर सीधी भर्ती के लिए कार्मिक विभाग को अर्थना भिजवाने की स्वीकृति भी प्रदान की है। इनमें 123 नवीन पदों सहित 41 रिक्त पद शामिल हैं। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से शासन सचिवालय में राजकार्य का सुचारू सम्पादन हो सकेगा। साथ ही युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। उल्लेखनीय है कि शीघ्रलिपिक के 123 नवीन पदों के अस्थाई सृजन की सहमति उनके पदोन्नति प्राप्त कर लेने तक प्रदान की गई है।

### पायलट ने शुरू किया अनशन


**जयपुर :** राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने पूर्ववर्ती वसुंधरा सरकार के समय भ्रष्टाचार के मामलों की जांच की मांग को लेकर आज यहां अनशन पर बैठ गए । पायलट ने शहीद स्मारक पर पूर्वाह्न ग्यारह बजे अपना एकदिवसीय अनशन शुरू किया। इस अवसर पर पायलट के कई समर्थक मौजूद है। अनशन स्थल पर पोस्टर पर महात्मा गांधी की फोटो एवं वसुंधरा सरकार में हुए भ्रष्टाचार के विरुद्ध अनशन लिखा हुआ है। उल्लेखनीय है कि पायलट ने वसुंधरा राजे सरकार के समय भ्रष्टाचार के मामलों की जांच की मांग को लेकर शहीद स्मारक पर अनशन पर बैठने की रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में घोषणा की और कहा था कि उन्होंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को दो बार पत्र लिखकर इस मामले की जांच कराने का आग्रह किया था लेकिन सरकार के साढ़े चार साल बीत जाने के बाद भी कोई कदम नहीं उठाया गया।

राजनीति

## भाजपा और कांग्रेस दोनों में नजर आने लगे हैं चुनावी दरार

# येदियुरप्पा और सचिन पायलट के तेवर गर्म

- दोनों के पास चुनावी खेल बिगाड़ने की ताकत
- पुत्र के टिकट को लेकर नाराज लिंगायत नेता
- सचिन पायलट को प्रभारी रंधावा की चेतावनी



**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी को कर्नाटक में तथा कांग्रेस को राजस्थान में दो अलग अलग कद्दावर नेताओं से अब परेशानी होने लगी है। अंदरखाने से मिल रही सूचनाओं के मुताबिक कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा अपने पुत्र को टिकट नहीं दिये जाने से नाराज हैं। दूसरी तरफ अपनी ही सरकार के खिलाफ सचिन पायलट का तेवर भी बगावती नजर आने लगा है। मिली जानकारी के मुताबिक कर्नाटक के विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा की पहली सूची जारी होने क बाद अब मामला फंसा है। येदियुरप्पा ने पार्टी के नेताओं को अपनी इस नाराजगी से अवगत भी करा दिया है। दरअसल उनकी नाराजगी अपने पुत्र को टिकट नहीं दिये जाने को लेकर है। इससे पहले, ऐसी खबरें थीं कि भाजपा चाहता था कि विजयेंद्र मैसुरु में वरुण सीट से, पूर्व सीएम और कांग्रेस हैवीवेट सिद्धारमैया के गढ़ से चुनाव लड़े। येदियुरप्पा ने सार्वजनिक रूप से पिछले सप्ताह की संभावना को खारिज कर दिया। दिल्ली से वापस जाकर येदियुरप्पा ने कहा उनके द्वारा दिए गए सभी सुझावों को स्वीकार कर लिया गया है। मुझे यकीन है कि हम सीट चयन के आधार पर एक पूर्ण बहुमत प्राप्त करेंगे। सोमवार को सूची जारी नहीं होने का अर्थ यह कि आज ही भाजपा को पूरी सूची जारी करनी होगी।

कांग्रेस ने 224 सीटों में से 166 के नामों की घोषणा की है, जबकि जेडी (एस) ने 93 घोषित किया है। वैसे सीएम बसवराज बोमाई और केंद्रीय मंत्री प्रालहाद जोशी ने हालांकि, जोर देकर कहा कि येदियुरप्पा को व्यक्तिगत अतिशयोक्ति के कारण छोड़ना पड़ा। पार्टी के नेता दिल्ली में शनिवार शाम से उम्मीदवार की सूची पर चर्चा कर रहे हैं, जिसमें देरी के कारणों में से एक को घर वापस भेजा गया है, जो कि अपने 30 से अधिक उम्मीदवारों के लिए टिकट पर येदियुरप्पा के आग्रह के साथ है, प्रत्येक की जीत सुनिश्चित करने का वादा किया गया है। अपनी उम्र के कारण, येदियुरप्पा ने जुलाई 2022 में घोषणा की थी कि वह चुनावी राजनीति से सेवानिवृत्त हो रहे थे और विजयेंद्र शिवमोग्गा जिले में शिकारीपुरा सीट में उनकी जगह लेगा। वैसे भाजपा के सूत्रों ने स्वीकार किया कि अगर येदियुरप्पा दुखी है और गुस्से में छोड़ दिया है, तो यह उसके बेटे की टिकट की मांगों को अस्वीकृति से जुड़ा होगा। बोमाई और जोशी ने संकेत दिया कि सूची मंगलवार को बाहर होगी औ? कहा कि हमने सभी 224 सीटों पर विस्तार से चर्चा की है और इन चचाओं के बाद, कुछ स्पष्टीकरण और इनपुट मांगे गए थे।

हमने ये इनपुट भी प्रदान किए हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस ने अपने राजस्थान नेता सचिन पायलट को आज तेजी से जाने के खिलाफ चेतावनी दी है और इस कदम को पार्टी विरोधी गतिविधि कहा है। श्री पायलट, हालांकि, अशोक गहलोत सरकार की मांग करने के लिए अपने उपवास के साथ दबाव डाल रहे हैं, जो पिछली भाजपा सरकार में भ्रष्ट प्रथाओं में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं।

## केंद्र सरकार गैर भाजपा राज्यों में राजनीतिकरण कर रही : रामाराव



**एजेंसियां**


**हैदराबाद :** तेलंगाना के नगरपालिका प्रशासन मंत्री के टी रामाराव (केटीआर) ने मंगलवार को कहा कि केन्द्र सरकार गैर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)शासित राज्यों को नियंत्रित करने के लिए राज्यपालों सहित संवैधानिक पदों का राजनीतिकरण कर रही है। केटीआर आज ट्वीट कर केन्द्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सर्वोच्च संवैधानिक पद केंद्र सरकार के हाथों राजनीतिक प्रतिशोध का साधन बन गए हैं। उन्होंने कहा कि असहयोग और बदले की भावना का यह स्वरूप सभी गैर-भाजपा शासित राज्यों में दिखाई दे रहा है। उन्होंने सवाल किया कि क्या यही सहकारी संघवाद और समूह भावना है जो राष्ट्र को समृद्ध बनाने में सहायक होगी।

## अब नगरीय निकाय अपनी अचल सम्पत्तियां ई-टेण्डर के जरिये किराये पर देंगी

**डॉ. नवीन जोशी**

**भोपालः** प्रदेश के नगरीय निकाय अब अपनी अचल सम्पत्ति पांच प्रयासों के बाद भी विक्रीत न होने पर ई-टेण्डर के जरिये किराये पर दे सकेंगी। यह नया प्रावधान नगरीय प्रशासन विभाग ने सात साल पहले बने मप्र नगरपालिका अचल सम्पत्ति का अंतरण नियम 2016 में बदलाव कर किया है। जारी बदलाव में कहा गया है कि उच्च बोली लगाने को तीन बार के लिये किराये पर अचल सम्पत्ति दी जा सकेगी परन्तु हर बार दस माह का अनुबंध होगा तथा अगले अनुबंध में किराये में दस प्रतिशत किराया वृध्दि रहेगी। इसी प्रकार, अब विक्रय, पट्टे, भाड़े, दान, बंधक या विनिमय द्वारा अचल सम्पत्ति के अंतरण की दशा में पांच लाख से ज्यादा जनसंख्या वाले नगर निगम में 2 करोड़ रुपये तक की सम्पत्ति हेतु आयुक्त, 2 करोड़ से अधिक परन्तु 10 करोड़ रुपये तक की सम्पत्ति के लिये मेयर इन कौंसिल, 10 करोड़ से अधिक परन्तु 20 करोड़ रुपये तक की सम्पत्ति के लिये नगर निगम, 20 करोड़ से अधिक पर 50 करोड़ रुपये तक की सम्पत्ति के लिये आयुक्त नगरीय प्रशासन तथा 50 करोड़ रुपये से अधिक सम्पत्ति के लिये राज्य सरकार की स्वीकृति होगी। पांच लाख से कम जनसंख्या वाले नगर निगम में 40 लाख रुपये तक की सम्पत्ति हेतु आयुक्त, 40 लाख से अधिक परन्तु 2 करोड़ रुपये तक की सम्पत्ति के लिये मेयर इन कौंसिल, 2 करोड़ से अधिक परन्तु 5 करोड़ रुपये तक की सम्पत्ति के लिये नगर निगम, 5 करोड़ से अधिक पर 10 करोड़ रुपये तक की सम्पत्ति के लिये आयुक्त नगरीय प्रशासन तथा 10 करोड़ रुपये से अधिक सम्पत्ति के लिये राज्य सरकार स्वीकृतिकत्र्ता होगी।इसी प्रकार, नगर पालिकाओं में 2 करोड़ रुपये तक की सम्पत्ति हेतु प्रेसीडेंट इन कौंसिल, 2 करोड़ से अधिक परन्तु 5 करोड़ रुपये तक की सम्पत्ति के लिये परिषद, 5 करोड़ से से अधिक परन्तु 10 करोड़ रुपये तक की सम्पत्ति के लिये आयुक्त नगरीय प्रशासन तथा 10 करोड़ रुपये से अधिक की सम्पत्ति के लिये राज्य सरकार स्वीकृतिकत्रता होगी।

## बिखरते परिवारों का दर्द दिखा रहा है अपना असर : शांता कुमार



**एजेंसियां**

**पालमपुर :** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट के अध्यक्ष शांता कुमार ने मंगलवार को कहा कि देश में वृद्ध लोगों की संख्या बढ़ रही है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हालाँकि समृद्धि आ गई है लेकिन बिखरते परिवारों का दर्द अपना असर दिखा रहा है। कुमार ने कहा कि बच्चे पैसा कमाने के लिए विदेश चले जाते हैं और बुजुर्ग अकेले रहने एवं नजरअंदाज किए जाने का दर्द झेलते हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने अपने पारिवारिक जीवन में सुख देखा वे लोग परेशान हो रहे हैं और अपने जीवन के अंत में अकेले हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए यह सुनिश्चित करने की बहुत आवशयकता है कि बुजुर्ग सुखी जीवन व्यतीत करें। कुमार ने यूनीवार्ता को बताया कि इस जरुरत को पूरा करने के लिए विवेकानंद ट्रस्ट, पालमपुर ने 100 वरिष्ठ नागरिकों के आवास के लिए 'विश्रांति' नामक वृद्धाश्रम का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस आवास में उन्हें दूसरों का साथ मिलेगा, इसमें सभी प्रकार की सुविधाएं, मनोरंजन, पुस्तकालय, योग, ध्यान आदि होंगे। परिसर में एक मंदिर भी स्थापित किया गया है। शांता कुमार ने कहा हिमाच्छादित धौलाधार की गोद में पालमपुर एक बहुत ही सुंदर प्रदूषण मुक्त स्वस्थ शहर है, एक तरफ योग और प्राकृतिक चिकित्सा का प्रसिद्ध केंद्र कायाकल्प है, साथ ही सुपर स्पेशियलिटी विवेकानंद हॉस्पिटल भी है और इन दोनों के बीच में है वरिष्ठ नागरिक सदन विश्रांति है। उन्होंने कहा कि न केवल पालमपुर में, बल्कि पूरे भारत में यह अपनी तरह का पहला मॉडल केंद्र होगा, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों को 24 घंटे सभी प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि विश्रांति का निर्माण अंतिम चरण में है और यह बहुत जल्द शुरू होगा।

## मैं किसी दल का नहीं, सनातन धर्म का समर्थक हूं: रामदेव



**एजेंसियां**

**भिण्ड :** मध्यप्रदेश के भिण्ड जिले के लहार में सात दिवसीय चल रही भागवत कथा में शामिल होने आए बाबा रामदेव ने कहा कि मैं किसी दल का समर्थन नही, बल्कि सनातन धर्म का समर्थक हूँ। रामदेव ने संबोधित करते हुए कल कहा कि कई लोग कहते हैं कि मैं भाजपा का समर्थक हूं, यह गलत है। मैं किसी दल का समर्थक नहीं हूं। मैं तो सनातन का समर्थक हूं। जो सनातन और हिंदू राष्ट्र की बात करे, उसी का साथ दें। उन्होंने कहा कि हमारे और मुस्लिमों के पूर्वज एक हैं। वे भले न मानें, हम उन्हें अपना मानते हैं। भारत में औरंगजेब के आने के बाद ही मुस्लिमों की संख्या बढ़ी है। इससे पहले सब हिंदू ही थे। उन्होंने आगे कहा कि बाबा को राजनीति से क्या लेना देना, कोई सांसद बने, कोई विधायक बने, कोई भी मुख्यमंत्री बने, या कोई प्रधानमंत्री बने, हमारी फकीरी को कोई चुनौती नहीं दे सकता है। हम फकीर आदमी हैं। हमको किसी से क्या लेना-देना। सत्ता में जो भी सनातन धर्म के प्रति निष्ठा रखता हो उसी को सपोर्ट करो। बुरे लोगों का हम पर शासन नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा सनातन सत्य ही शाश्वत है। जो ईसाई और मुसलमान भारत में रह रहे हैं।

तांगा की सवारी

## आधुनिक युग में परिवहन के बढ़ते साधनों के बीच

# कश्मीर में आज भी 'तांगा सवारी' लोकप्रिय साधन

- यहां के घोड़े कई हिंदी फिल्मों में भी काम कर चुके हैं
- उसके मालिक की भी अच्छी कमाई हो जाती है



**एजेंसियां**

**श्रीनगरः** आधुनिक युग में परिवहन के बढ़ते साधनों के बीच जम्मू-कश्मीर में तांगे की सवारी आज भी लो कप्रिय साधन है। तांगे के व्यवसाय से ना केवल लोग अपनी आजीविका चला रहे हैं बल्कि अपने परिजनों का जीवन-यापन कर रहे हैं। यहीं नहीं यहां के घोड़े कई हिंदी फिल्मों में भी काम कर चुके हैं जिससे उसके मालिक की भी अच्छी कमाई हो जाती है। घोड़ा गाड़ी के मालिक गुलजार अहमद वागी ने मंगलवार को यहां कहा,''मेरा तांगा पहलगाम में ब्लॉकबस्टर हिंदी फिल्म 'बजरंगी भाईजान' की शूटिंग के दौरान इस्तेमाल किया गया था और मैं वहां पांच दिनों तक रहा और अच्छी कमाई की।'' बहरहाल, परिवहन के तेज और आरामदायक साधनों के आगमन के साथ, परिवहन का सबसे पुराना साधन माना जाने वाला घोड़ागाड़ी या 'तांगा सवारी' बहुत तेजी से घट रही है।

दक्षिण कश्मीर के सरनाल अनंतनाग क्षेत्र में, तांगा सेवा अभी भी लोकप्रिय है, जो मुख्य मटन चौक से लोगों को आवागमन कराता है। गुलजार अहमद ने यूनीवार्ता से कहा,''वह पिछले 35 सालों से इलाके में तांगा चला रहे हैं। मेरे पिता भी यही काम करते थे और मैं भी इसी काम से अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा हूं।'' इन सभी वर्षों के दौरान उन्होंने कभी किसी अन्य नौकरी में जाने के बारे में नहीं सोचा। उन्होंने कहा कि अगर यात्रा करने के लिए परिवहन के विभिन्न साधन हैं, फिर भी कई लोग 'तांगे' में यात्रा करना पसंद करते हैं, बल्कि तांगे में यात्रा करना कुछ लोगों का शौक हैं। गुलज़ार एक व्यक्ति के लिए प्रति सवारी दस रुपये चार्ज करते हैं। उनूहोंने कहा,''यह एक अच्छा काम है और हम करोड़ों नहीं कमाते हैं, लेकिन हम अपने परिवारों का समर्थन करने के लिए पर्याप्त कमाते हैं।''

उन्होंने कहा कि तांगा की सवारी सुरक्षित है क्योंकि दुर्घटनाओं की संभावना कम होती है और आज नए स्टाइलिश तांगे हैं जो सवारों के लिए आरामदायक भी हैं। कहा कि एक घोड़ा-गाड़ी या तांगे की कीमत कम से कम दो लाख होती है। उन्होंने कहा, ''सरकार ने एक बार बैंक ऋण पर तांगा के बदले वाहन देने का वादा किया था, लेकिन उन्होंने ब्याज मुक्त ऋण की मांग की, जिसे उन्होंने स्वीकार नहीं किया, इसलिए हमने उनका व्यवसाय चलाना जारी रखा।''

## न्यूज फटाफट

### फिलीपींस,अमेरिका का संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू

**मनीला :** फिलीपींस और अमेरिका के 17 हजार से अधिक सैनिकों ने मंगलवार को बड़े पैमाने पर संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू किया। फिलीपींस की सेना के अनुसार बालिकाटन नामक 18-दिवसीय वार्षिक अभ्यास में फिलीपींस के 5,400 सैनिक और अमेरिका के 12,200 सैनिक कई दशकों बाद संयुक्त अभ्यास करेंगे। इसमें ऑस्ट्रेलियाई सशस्त्र बलों के करीब 100 सदस्य शामिल हैं, जबकि जापान और ब्रिटेन सहित 12 देश पर्यवेक्षकों के रूप में भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि बालिकाटन 2023 का आयोजन 11 से 28 अप्रैल तक उत्तरी लुजोन द्वीप, पलावन प्रांत, बटानेस द्वीप समूह और जाम्बेल्स प्रांत सहित कई क्षेत्रों में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभ्यास समुद्री सुरक्षा, जमीनी संचालन, लाइव-फायर प्रशिक्षण, साइबर रक्षा, आतंकवाद का मुकाबला, मानवीय सहायता और आपदा राहत तैयारियों पर केंद्रित होगा। इस दौरान फिलीपींस और अमेरिका पैट्रियट मिसाइल बैटरी और हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट प्रणाली सहित जटिल हथियार प्रणालियों को तैनात करेंगे।

### श्रीलंका ने दूसरे देशों से किया यात्रा संबंधी परामर्श की समीक्षा करने का आग्रह

**कोलंबो :** श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने अन्य देशों से अपने यात्रा संबंधी परामर्श की समीक्षा कर श्रीलंका में स्थिरता दर्शाने का आग्रह किया है, ताकि पर्यटकों के आगमन को बढ़ावा मिले और देश आर्थिक संकट से उबरने की दिशा में आगे बढ़ सके। न्यूज एजेंसी शिन्हुआ द्वारा जारी रिपोर्ट में बताया गया कि साबरी ने कोलंबो स्थित राजनयिक कोर के लिए श्रीलंका में यात्रा संबंधित वर्तमान विकास पर एक बैठक बुलाई।

### 12-13 अप्रैल को जी20 मंत्रिस्तरीय बैठक

**टोक्यो :** अमेरिका के वाशिंगटन में 12-13 अप्रैल को आयोजित जी20 की मंत्रिस्तरीय बैठक से इतर बुधवार को जी7 के केंद्रीय बैंकों के वित्त मंत्रियों और गवर्नरों की बैठक होगी। जापान के वित्त मंत्री शुनिची सुजुकी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने जापानी समाचार एजेंसी क्योडो के हवाले से कहा, मैं अपने समकक्षों के साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग और आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने का इरादा रखता हूं। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि जी7 प्रतिनिधिमंडल दुनिया में बढ़ती महंगाई के मुद्दे पर भी चर्चा करेगा। गौरतलब है कि जी7 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की पिछली बैठक 23 फरवरी को भारतीय शहर बेंगलुरु में हुई थी।

### कैदियों की अदला-बदली के तहत यूक्रेन के 100 बंदी रिहा

**कीव :** रूस के साथ कैदियों की अदला-बदली के तहत 20 महिलाओं सहित यूक्रेन के 100 बंदियों को रिहा कर दिया गया। यूक्रेन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख एंड्री एर्मक ने सोमवार को बताया कि रिहा किए गए लोगों में यूक्रेन के सैनिक, राष्ट्रीय रक्षक और नौसैनिक और सीमा रक्षक शामिल है। उन्होंने टेलीग्राम पर लिखा कि रिहा किए गए लोगों में से कुछ घायल हैं और कुछ गंभीर रूप से बीमार हैं। उन्होंने अदला-बदली समझौते के तहत यूक्रेन की ओर से रिहा किए गए रूसी सैनिकों की संख्या के बारे में कोई ब्योरा नहीं दिया। युद्ध बंदियों के इलाज के लिए समन्वय मुख्यालय ने बताया कि यूक्रेन ने गंभीर रूप से घायल पांच सैनिकों को जिनेवा समझौते के तहत रूस को सौंप दिया है। गौरतलब है कि मार्च 2022 से रूस के साथ कैदियों की अदला-बदली के तहत दो हजार अधिक यूक्रेनी कैदियों को रिहा किया गया है।

### यूरोप को अमेरिका पर निर्भरता कम करनी चाहिए : मैक्रॉन

**पेरिस:** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने कहा है कि यूरोप को अमेरिका पर अपनी निर्भरता कम करनी चाहिए। मैक्रॉन ने हाल में चीन की अपनी राजकीय यात्रा के दौरान अमेरिकी समाचार सेवा पोलिटिको और फ्रांसीसी समाचार पत्र लेस इकोस के पत्रकारों से कहा कि यूरोप ने हथियारों और ऊर्जा के लिए अमेरिका पर अपनी निर्भरता बढ़ा दी है और अब उसे यूरोपीय रक्षा उद्योगों को बढ़ावा देने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि यूरोप को रणनीतिक स्वायत्तता के लिए प्रयास करना चाहिए। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने कहा, ''हम महत्वपूर्ण मुद्दों पर दूसरों पर निर्भर नहीं रहना चाहते हैं। जिस दिन आपके पास ऊर्जा पर, सामाजिक नेटवर्क पर, या कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर अपनी रक्षा करने का कोई विकल्प नहीं होगा, क्योंकि आपके पास इन विषयों की बुनियाद नहीं है, आप एक पल के लिए इतिहास से बाहर हो जाएंगे।''

### पेरू सड़क दुर्घटना में 10 लोगों की मौत 25 घायल

**लीमा :** दक्षिण अमेरिकी देश पेरू के लीमा विभाग में सोमवार तड़के एक यात्री बस के सड़क से फिसल कर नदी में गिर जाने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गयी और 25 अन्य घायल हो गये। समाचार एजेंसी एंडीना ने पेरू राष्ट्रीय पुलिस के राजमार्ग संरक्षण प्रभाग के प्रमुख कर्नल विक्टर मेजा के हवाले से बताया कि हादसा केन्द्रीय राजमार्ग के किलोमीटर 109 पर तड़के करीब 2:30 बजे हुआ। उन्होंने बताया कि बस हुआनुको के केंद्रीय विभाग से रात आठ बजे रवाना हुई थी। इस दौरान लीमा के रास्ते में बस चट्टान से टकराते हुए रिमैक नदी में गिर गई। पेरू के रेडियो के अनुसार बस में छह बच्चे सहित करीब 60 यात्री सवार थे। दुर्घटना में तीन बच्चों हित 25 लोग घायल हुए है सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। इनमें से कम से कम पांच लोगों की हातल गंभीर बतायी गयी हैं। दुर्घटना में बस चालक भी घायल हुआ है। उसे पूछताछ के लिए चीकला जिले के पुलिस थाने ले जाया गया है।

### दक्षिण कोरिया के जंगल में लगी भीषण आग

**सोल :** दक्षिण कोरिया के तटीय शहर गंगनुंग में चल रही तेज हवाओं से लगी आग में करीब सौ घर जलकर खाक हो गए और सैकड़ों लोगों और पर्यटकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया हैं। योनहाप समाचार एजेंसी द्वारा मंगलवार को जारी रिपोर्ट में बताया गया कि कोरिया मौसम विज्ञान प्रशासन (केएमए) की यहां तेज हवाओं का प्रकोप और मौसम शुष्क रहने की चेतावनी देने के बाद, गंगनुंग के नांगोक-डोंग जिले में सुबह करीब 0830 बजे पहाड़ी पर स्थित जंगल में आग लग गई। सोल से 168 किमी पूर्व और गंगवोन प्रांत के अन्य पूर्वी तट क्षेत्रों में गंगनुंग में तूफानी हवाएं चल रही है। अग्निशमन अधिकारियों के अनुसार तेज हवाओं के कारण आग तेजी से रिहायशी इलाकों में फैल रही है जिसके कारण अब तक लगभग एक सौ घर जल चुके हैं। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक प्रमण्डल, हजारीबाग

अति-अल्पकालीन ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना
निविदा संदर्भ संख्या -DWSD/HZB/MECH/SUPPLY-1/2023-24

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0 में) | अग्रधन राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रु0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | Supplying, Installation and Commissioning of pump set and its allied works at Government building raw water pumping plant (Old Jheel) under D.W& S. Mechanical Division, Hazaribag. | 1532172.00 | 30700.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :- | दिनांक :- 11.04.2023 को 4:00 बजे तक। | | | |
| 3 | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- | दिनांक :- 18.04.2023 को 5:00 बजे तक। | | | |
| 4 | अग्रधन की राशि / परिमाण विपत्र की राशि (हार्ड प्रति में) प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक :-19.04.2023 को 4:00 बजे अपराह्न तक कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक प्रमण्डल, हजारीबाग। | | | |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि :- | दिनांक :- 20.04.2023 को 2:00 बजे तक। | | | |
| 6 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक प्रमण्डल, हजारीबाग। (झील रोड, [illegible] के समीप हजारीबाग।) | | | |
| 7 | ई-प्रोक्यूरमेन्ट कार्यालय का ई-मेल एवं फोन संख्या :- | (E-mail ID- dwsdhazmech2010@gmail.com) Contact No :- 06546-265920 | | | |

नियम एवं शर्तें आदि विस्तृत जानकारी हेतु http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक प्रमण्डल,हजारीबाग
PR 294789 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
प्रथम पृष्ठ 2
रांची बुधवार
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com
12 :04: 2023



## रिमांड पर रविंद्र गंझू का निवेशक

रांची: 15 लाख के इनामी नक्सली रविंद्र गंझू के करीबी माने जाने वाले साजन कुमार भुईयां को एनआईए ने रिमांड पर लिया है। साजन रविंद्र गंझू के सहयोगी माने जाने वाले राजू साव का मुंशी है। साजन को रवींद्र गंझू के वित्तीय लेन-देन और निवेश की पूरी जानकारी है। एनआईए की टीम रिमांड पर लेकर रविंद्र गंझू के वित्तीय जानकारी जुटा रही है। लोहरदगा के पेशरार खाना क्षेत्र के बुलबुल स्थित हरकट्टा और बंगलापत में बहाबहार जंगल में 21 फरवरी 2022 को सुरक्षा बलों पर हमले की साजिश रची गई थी।

प्रदर्शन

### सांसद सेठ, सुनील सिंह समेत कई गिरफ्तार

# सचिवालय घेराव करने जा रहे भाजपाइयों पर लाठीचार्ज




राष्ट्रीय खबर

रांची: सचिवालय का घेराव करने जा रहे भाजपा कार्यकताओं को रोकने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। इससे पहले प्रभात तारा मैदान से सचिवालय की ओर बढ़ रहे भाजपाइयों के खिलाफ पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और पानी का बौछार किया। वरिष्ठ नेताओं की अगुवाई में कार्यकताओं का हूजुम सचिवालय का घेराव करने पर अड़ा हुआ है।



जिस वजह से धुर्वा इलाका फिलहाल रणक्षेत्र बना हुआ है। सांसद संजय सेठ समेत कई नेताओं की गिरफ्तारी भी हुई है। प्रदर्शन में जुटे सांसद संजय सेठ, सांसद सुनील सिंह, बिरंची नारायण, राज्यसभा सदस्य समीर उरांव समेत दर्जनों कार्यकताओं को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा कि गिरफ्तारी के दौरान ही रांची के सांसद संजय सेठ की तबियत बिगड़ गई है। नेताओं व कार्यकताओं की गिरफ्तारी के बाद मौके पर जमे भाजपा नेता व कार्यकर्ता काफी आक्रोशित है। बता दें कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सचिवालय का घेराव करने प्रभात तारा मैदान में राज्यभर से भाजपायी जुटे थे। जहां एक सभा का भी आयोजन किया गया। सभा के मंच पर झारखंड भाजपा प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी, पूर्व सीएम बाबुलाल मरांडी, पूर्व सीएम रघुवर दास समेत राज्य के तमाम वरिष्ठ भाजपा नेता विराजमान थे। झारखंड सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए बीजेपी विरोध प्रदर्शन कर रही है।

इससे पहले प्रभात तारा मैदान में जुटे भाजपा नेताओं ने हेमंत सोरेन सरकार पर जोरदार हमला बोला। भाजपा के तमाम नेताओं ने राज्य में डबल इंजन की सरकार बनाने का संकल्प लिया। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने पार्टी कार्यकताओं को तपती धूप में भी जुटने के लिए बधाई दी। कहा कि पुलिस प्रशासन की सक्रियता के बावजूद पार्टी के सिपाही जुटे हैं। सरकार के अत्याचार को बर्दाश्त करने को जनता अब तैयार नहीं। हम सब यहाँ संकल्प लें कि अब इस सरकार को लूट की छूट नहीं देंगे। इस सरकार को झारखंड की धरती से उखाड़ फेंकना है। विधि व्यवस्था चौपट है। झारखंड को भाजपा ने बनाया, अब इस राज्य को हम सब ही मिलकर बचाएंगे। मौके पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश, पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास, सांसद निशिकांत दुबे, विद्युत वरण महतो, बीडी राम, विधायक राज सिन्हा, जेपी पटेल, क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र, प्रदेश प्रभारी और सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे। मंच संचालन सांसद आदित्य साहू कर रहे हैं।



## लालपुर चौक से डिस्टलरी पुल तक हटायी गयी सब्जी और मांस-मछली की दुकान



राष्ट्रीय खबर

रांची: राजधानी रांची के सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाने का अभियान चल रहा है। शहर अतिक्रमण की समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर निगम का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में आज सुबह कोकर डिस्टलरी पुल से लालपुर के बीच सड़क किनारे लगने वाले चिकन, मटन और मछली मार्केट को हटाया गया। निगम के कर्मचारियों ने फुटपाथ पर दुकानों को तोड़कर हटा दिया। बांस, बल्ली, तिरपाल और प्लास्टिक लगाकर सड़कों के किनारे बने दुकानों को तोड़ कर सारा सामान जब्त कर लिया गया। लालपुर सब्जी बाजार में लगने वाले सभी दुकानों को डिस्टलरी पुल के पास बने वेंडर मार्केट में शिफ्ट किया गया है। निगम का कहना है कि इससे सफाई भी रहेगी और जाम से भी निजात मिलेगी। लालपुर चौक से डिस्टलरी पुल तक सड़क के दोनों किनारे सब्जी और मांस-मच्छली की दुकानें लगने से पूरा क्षेत्र में जाम की स्थिति बनी रहती थी। सब्जी खरीदने वाले अपने वाहनों को सड़कों पर ही पार्क कर देते थे। जिस कारण इस सड़क पर आने जाने वाले वाहन चालकों को परेशान के साथ समय की बर्बादी होती थी। सुबह से लेकर देर शाम तक सड़क जाम की समस्या से सभी परेशान रहते थे।

## चैंबर प्रतिनिमंडल ने की डीजीपी से मुलाकात, विधि व्यवस्था पर चर्चा हुई


राष्ट्रीय खबर



रांची: चैंबर ऑफ कॉमर्स प्रतिनिमंडल ने मंगलवार को डीजीपी अजय कुमार सिंह से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राज्य की विधि व्यवस्था में गुणात्मक सुधार के लिए कई सुझाव भी दिये। लॉ एंड ऑर्डर उप समिति के चेयरमेन प्रवीण लोहिया ने एसपी के नेतृत्व में सभी जिलों में चैंबर ऑफ कॉमर्स के सहयोग से पुलिस-व्यापारी समन्वय समिति की बैठक आयोजित करने की बात कही। यह कहा कि इससे स्थानीय स्तर पर अपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण बनाये रखने में प्रशासन को सहयोग मिलेगा। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने गिरिडीह में चार वर्षों से आरंभ किये गये ट्रैफिक थाना में अब तक प्रशिक्षित ट्रैफिक पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति नहीं होने से हो रही समस्याओं से भी अवगत कराया। और गिरिडीह में प्रशिक्षित ट्रैफिक पुलिस बल की नियुक्ति का आग्रह किया।बैठक के दौरान टाइगर मोबाइल को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर देते हुए प्रतिनिधिमण्डल ने राज्यस्तर पर सभी जिलों में फिर से बडे रूप में टाइगर मोबाइल गस्ती सेवा को चालू करने की मांग की। होटल संचालकों की दैनिक रिपोर्ट थाना में भौतिक रूप से जाकर जमा करने से होनेवाली परेशानियों पर भी चर्चा की गयी। यह आग्रह किया गया कि संबंधित थाना द्वारा ईमेल अथवा वॉट्सएप्प से होटल की दैनिक रिपोर्ट लेने की व्यवस्था की जाये।

## रतन हाइट्स मामले में प्रार्थी की ओर से बहस पूरी

राष्ट्रीय खबर



रांची: रतन हाईट्स बिल्डिंग सोसाइटी की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से बहस पूरी हो गई। अब इस मामले में गुरुवार को प्रतिवादियों की ओर से बहस होगी। कोर्ट ने 46 कट्ठा पर बनाए जाने वाले जी प्लस 5 के भवन के निर्माण कार्य पर रोक जारी रखी है। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि बिल्डर ने 86 कट्ठा का नक्शा रिवाइज कराए बगैर फिर से नया नक्शा पास करा लिया। 46 कट्ठा पर नया नक्शा पास कराया गया है, जो गैरकानूनी है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई। प्रार्थी की ओर से सुमित गड़ोदिया, रोहित रंजन सिन्हा एवं रांची नगर निगम की ओर से शशांक शेखर ने पैरवी की।इससे पूर्व बीते सोमवार को सुनवाई के दौरान मेकॉन की ओर से रिटेनिंग वॉल के संदर्भ में कोर्ट के समक्ष रिपोर्ट पेश किया गया था। रिपोर्ट में मेकॉन की ओर से कहा गया है कि यह रिटेनिंग वॉल असुरक्षित है और अंडर कंस्ट्रक्शन है। सुनवाई के दौरान रतन हाइट्स के निवासियों की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि यह रिटेनिंग वॉल नहीं बन रहा है, बल्कि बेसमेंट बनाया जा रहा है। बीआईटी मेसरा ने भी रिटर्निंग वॉल को सही नहीं बताया था।

## गर्मी में लोगों को स्वच्छ पेयजल देने की क्या है तैयारी

राष्ट्रीय खबर

रांची: रांची के विभिन्न जलाशयों और तालाबों के अतिक्रमण से संबंधित मामले की सुनवाई हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने रांची नगर निगम और राज्य सरकार से पूछा है कि गर्मी के मद्देनजर लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए क्या इंतजाम किए जा रहे हैं, इसकी जानकारी दी जाए। मंगलवार की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार और प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शुभम कटारुका ने पक्ष रखा। बता दें कि रांची के बड़ा तालाब और जिला के आसपास के जलस्रोतों को संरक्षित करने व इसमें हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है।




## अपरेश कुमार सिंह को त्रिपुरा हाई कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया



राष्ट्रीय खबर

रांची: झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह को त्रिपुरा हाई कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने अपने ट्वीट हैंडल पर ट्वीट कर यह जानकारी दी। श्री रिजिजू ने लिखा कि भारतीय संविधान के तहत राष्ट्रपति ने न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह को त्रिपुरा हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। पूर्व में ही कोलेजियम ने जस्टिस अपरेश कुमार सिंह को त्रिपुरा हाईकोर्ट के मुख्य नयायाधीश के रूप में नियुक्त किये जाने की मंजूरी दी थी।

### 458 योजनाओं का डीपीआर तैयार

## 1263.25 करोड़ की योजना हुई स्वीकृत

राष्ट्रीय खबर

रांची: झारखंड में श्यामा प्रसाद रूर्बन मिशन योजना अंतर्गत तीन चरणों मे चयनित 15 कलस्टरों के लिए 1263.25 करोड़ की योजना का अनुमोदन मिल गया है। जिसके अंतर्गत 251.08 करोड़ रुपये क्रिटिकल गैप फंड तथा 1012.17 करोड़ रुपये अभिषरण से शामिल हैं। मनरेगा,पीएम आवास योजना ग्रामीण सहित अन्य विभिन्न योजनाओं के अभिषरण कर काम किया जाना है। ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा क्रिटिकल गैप फंड से विमुक्त केंद्रांश के विरूद्ध केंद्रांश एवं राज्यांश की राशि 88.93 करोड़ रुपये एवं 59.29 करोड़ कुल 148.22 करोड़ रुपये की निकासी की गयी है, जिसके विरूद्ध अब तक 114.84 करोड़ रुपये खर्च कर दिए गये। वहीं, इन चयनित कलस्टरों में विभिन्न विभागों के योजनाओं के अभिषरण से अब तक 884.82 करोड़ रुपये विभिन्न योजनाओं पर खर्च किए जाने हैं। अधिकारियों ने बताया कि अब तक 448 योजनाओं का डीपीआर तैयार किया गया है जिसकी कुल लागत 217.72 करोड़ की है।राज्य के गैर कृषि क्षेत्र में आर्थिक रूप से विकसित हो रहे ग्रामों के समूह की पहचान कर उन्हें नगरीय सुविधा उपलब्ध कराने के उदेश्य से केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजना प्रारंभ की गयी है। रूर्बन कलस्टरों के व्यवस्थित नगरीय विकास तथा वहां नागरिक सेवाओं आर्थिक सेवाओं, उत्पादन एवं आजीविकाओं की वृद्धि के लिए उपलब्ध योजनाओं से अभिषरण तथा सीएसआर के जरिये विकास कार्य कराया जाना है। इसके लिए क्रिटिकल गैप फंड से भारत सरकार राशि मुहैया कराती है।

## बढ़ रहा कोरोना, वैक्सीनेशन ठप, नहीं हो पा रहा जीनोम सिक्वेंसिंग

राष्ट्रीय खबर




रांची: देशभर में कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। बीते 24 घंटे में देश में 1894 नए मरीज मिले हैं। वहीं झारखंड में भी 12 नए संक्रमित मरीज मिले हैं। राज्य में सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 75 हो गई है। इधर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने 07 अप्रैल को देश के 25 राज्यों के मुख्यमंत्री के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोरोना से निपटने के इंतजामों की जानकारी ली थी। नेपाल हाउस में वीसी के जरिए झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह बैठक में शामिल हुए। राज्य की तैयारी और कमियों पर मंथन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से राज्य के लिए कोविड वैक्सीन की मांग की थी। हालांकि 4 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक राज्य को वैक्सीन नहीं मिल पाया है।केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से झारखंड के लिए 50 हजार डोज वैक्सीन की मांग की गयी है। ताकि राज्य में लोगों को कोरोना का टीका मिल सके। लेकिन 4 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक राज्य को वैक्सीन उपलब्ध नहीं कराया गया है। जिससे टीकाकरण पूरी तरह से प्रभावित है। राज्य में 12 से 14 साल के बच्चों की आबादी 15 लाख 90 हजार है। इनमें 67% बच्चों को पहला डोज जबकि 39% बच्चों को दूसरा डोज का टीका लगाया गया है। वहीं 15 से 17 साल के 23 लाख 98 हजार को टीका देने का लक्ष्य विभाग ने रखा है। इनमें 67% को पहला, जबकि 47% को दूसरा डोज का टीका लगाया गया है।राज्य में कोरोना संक्रमितों के सैंपल का जीनोम सिक्वेंसिंग कराने का निर्देश दिया गया है। ताकि यह पता चल सके कि कोरोना के किस स्ट्रेन की चपेट में लोग आ रहे हैं। लेकिन रिम्स से मिली जानाकरी के मुताबिक, यहां के जेनेटिक्स एंड जिनोमिक्स विभाग में अभी जीनोम सिक्वेंसिंग नहीं हो रहा है। पीआरओ डॉ राजीव रंजन ने कहा कि सिक्वेंसिंग के लिए 96 सैंपल की जरूत पड़ती है। लेकिन विभाग में अभी 20 सैंपल ही हैं। ऐसे में पॉजिटव सैंपल की संख्या बढ़ेगी तभी सिक्वेंसिंग होगी।